आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926

जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

डाक पंजियन संख्या: JPCITY/004/2023-2025

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 23 : अंक 108 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com

जयपुर, सोमवार, 19 जनवरी, 2026

www.Lokvarta.net

## संक्षिप्त खबरें

### ईरानी प्रदर्शनकारी बोले- ट्रम्प ने हमें धोखा दिया

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से उम्मीद थी कि वे उनके लिए मददगार साबित होंगे। लेकिन अब ट्रम्प के रुख में बदलाव आ गया है, इससे वह अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि ट्रम्प ने जो कहा और बाद में जो किया, उनके बीच बहुत बड़ा फर्क था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश छोड़ गए एक ईरानी ने कहा- ट्रम्प ने हमें धोखा दिया और बेवकूफ बनाया। जब ट्रम्प ने कहा कि एक ईरानी अधिकारी ने उन्हें और हत्याएं न करने का भरोसा दिलाया है, तो यह सुनकर हम हैरान रह गए।

### महाराष्ट्र में महिला बोली- वोट डालने दूसरे जिले भेजा गया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड जिले की एक महिला ने दावा किया है कि उसे नगर निगम चुनाव में वोट डालने के लिए दूसरे जिले में ले जाया गया था। महिला के मुताबिक, वह अकेली नहीं है, जिसके साथ ऐसा हुआ। 15 जनवरी को चुनाव के दिन बीड जिले से करीब 4 बसों में भरकर महिलाएं पिंपरी-चिंचवड़ में वोट डालने गई थीं। महिला ने बताया कि वह बीड के गेवराई तालुका की रहने वाली है। उसे मतदान की जानकारी नहीं थी। उससे कहा गया था कि पुणे जिले के जेजुरी स्थित खंडोबा मंदिर में स्वयं सहायता समूह की एक बैठक होने वाली है। इसलिए महिलाएं बस में सवार होकर चली गईं।

महिला ने 17 जनवरी को बीड के पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत की और बताया कि इन सब के पीछे एक अन्य महिला थी।

### डीजीसीए ने इंडिगो पर 22.20 करोड़ का फाइन लगाया

**नई दिल्ली।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने इंडिगो पर ?22.20 करोड़ का जुर्माना लगाया। यह एक्शन 3 से 5 दिसंबर, 2025 के बीच इंडिगो की 2507 फ्लाइट के कैंसिल होने और 1852 फ्लाइट में देरी होने पर लिया गया। इस कारण 3 लाख से ज्यादा यात्रियों को परेशानी हुई थी। जुर्माना एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 के रूल 133 के तहत लगाया गया है। इसके तहत कुल जुर्माना ?1.80 करोड़ है, लेकिन एफडीटीएल नियमों का 68 दिन तक पालन नहीं करने पर प्रतिदिन ?30 लाख का जुर्माना लगाया गया। जिसकी राशि 20.40 करोड़ है। इस तरह कुल जुर्माना 22.20 करोड़ हुआ।

### न्यूजीलैंड ने भारत में पहली बार वनडे सीरीज जीती

**इंदौर।** न्यूजीलैंड ने भारत में पहली बार वनडे सीरीज जीत ली है। टीम ने रविवार को इंदौर में खेले गए तीसरे वनडे मैच में मेजबानों को 41 रन से हराया। इतना ही नहीं, भारतीय टीम होलकर स्टेडियम में पहला मैच हारी है। 338 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम 46 ओवर में 296 रन पर ऑलआउट हो गई। विराट कोहली ने 108 बॉल पर 124 रन की शतकीय पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। न्यूजीलैंड की ओर से क्रिस्टियन क्लार्क और जैक फॉल्क्स 3-3 विकेट झटके। डेरिल मिचेल ने 137 और ग्लेन फिलिप्स ने 106 रनों की शतकीय पारियां खेलीं।

# प्रयागराज माघ मेले में मौनी अमावस्या पर भारी बवाल

## पुलिस ने रोकी शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की पालकी

## प्रशासन और संतों के बीच तीखी नोक-झोंक



**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर जहाँ संगम तट करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से सराबोर था, वहीं प्रयागराज माघ मेले में पुलिस और ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों के बीच हुए भारी विवाद ने माहौल को तनावपूर्ण बना दिया।

विवाद इतना बढ़ा कि पुलिस ने शंकराचार्य की पालकी को जबरन रोक दिया, शिष्यों को हिरासत में लिया और धक्का-मुक्की के दौरान पालकी का छत्र भी टूट गया। इसके चलते शंकराचार्य बिना स्नान किए ही वापस लौट गए।

**पैदल जाने की जिद और विवाद की शुरुआत** विवाद उस समय शुरू हुआ जब शंकराचार्य अपनी पालकी और शिष्यों के साथ संगम की ओर बढ़ रहे थे। पुलिस ने अत्यधिक भीड़ का हवाला देते हुए शंकराचार्य को रथ/पालकी से उतरकर पैदल जाने को कहा। शंकराचार्य के शिष्यों ने इसे परंपरा और मान-मर्यादा के खिलाफ बताते हुए पालकी आगे बढ़ाने की कोशिश की। देखते ही देखते बहस धक्का-मुक्की में बदल गई।

**साधु की पिटाई और समर्थकों को हिरासत में लिया** चश्मदीदों के अनुसार, पुलिस ने कई शिष्यों को बलपूर्वक हिरासत में ले लिया। आरोप है कि पुलिस ने एक साधु को चौकी के भीतर ले जाकर पीटा। इस घटना से शंकराचार्य अत्यंत नाराज हो गए और अपने शिष्यों को छुड़वाने की मांग पर अड़ गए। प्रशासनिक अधिकारियों ने हाथ जोड़कर उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन करीब 2 घंटे तक गहमा-गहमी बनी रही। अंततः पुलिस पालकी को खींचते हुए संगम से करीब 1 किमी दूर ले गई, जिससे पालकी का क्षत्रप भी क्षतिग्रस्त हो गया।

**शंकराचार्य का तीखा हमला: 'सरकार के इशारे पर हो रही कार्रवाई'** मीडिया से बात करते हुए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने प्रशासन और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा: 'बड़े-बड़े अधिकारी हमारे संतों को मार रहे थे। यह सब सरकार के इशारे पर हो रहा है क्योंकि वे हमसे नाराज हैं। महाकुंभ की भगदड़ के लिए मैंने उन्हें जिम्मेदार ठहराया था, अब वे अधिकारियों के जरिए बदला निकाल रहे हैं। उन्हें ऊपर से आदेश है कि हमें परेशान किया जाए।'

**3 करोड़ से अधिक ने लगाई डुबकी, सुरक्षा के कड़े इंतजाम** इस हंगामे के बीच मौनी अमावस्या का मुख्य स्नान जारी रहा। प्रशासन के अनुसार अब तक करीब 3 करोड़ लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं, और यह आंकड़ा 4 करोड़ तक पहुँचने की उम्मीद है। पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी ड्रोन,ह्व (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है। 800 हेक्टेयर में बसे इस मेले को 7 सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था संभाली जा रही है।

# एमपी के जबलपुर में कार ने 13 मजदूरों को रौंदा

## 2 की मौत, 7 की हालत गंभीर



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार को तेज रफ्तार कार ने 13 मजदूरों को कुचल दिया। हादसे में 2 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 मजदूर घायल हो गए। घायलों में से 7 की हालत नाजुक है। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। हादसा बरेला थाना क्षेत्र के एकता चौक पर दोपहर करीब 2 बजे हुआ। मृतकों की पहचान चैनवती बाई (40 वर्ष) और लच्छो बाई (40 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतक और सभी घायल मंडला जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र के बिहारिया गांव के रहने वाले हैं। डेढ़ माह से यहां मजदूरी कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, मजदूर सड़क के डिवाइडर में लगी लोहे की जालियों की सफाई करने के बाद बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान बरेला से जबलपुर की ओर आ रही सफेद कार उन्हें रौंदते हुए भाग गई।स्थानीय लोगों ने तुरंत बरेला थाना पुलिस और डायल 108 को सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय भी घायलों का हाल जानने अस्पताल पहुंचे। घायल बोला- कार अचानक सामने आ गई घायल मजदूर महंत उइके ने बताया कि कार अचानक सामने आ गई और देखते ही देखते साथियों को कुचलते हुए भाग गई।



### पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ की एस्कॉर्ट गाड़ी का एक्सीडेंट

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के काफिले की एक गाड़ी दुर्घटना का शिकार हो गई। कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से डैमेज हो गया। वहीं काफिले का पास से गुजर रही एक अन्य गाड़ी भी इसकी चपेट में आ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दूसरा गाड़ी आगे से पूरी तरह से टूट गई। उसका इंजन का हिस्सा भी बाहर निकल गया। पुलिस का कहना है कि हादसे में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दिल्ली-जयपुर रोड पर जा रहे एक ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे पीछे चल रही एक गाड़ी पीछे से उसमें जा घुसी।

# ग्रीनलैंड- ट्रम्प के विरोध में हजारों लोग सड़कों पर

## अमेरिका के साथ ट्रेड एग्रीमेंट रोकने की तैयारी में यूरोपीय संघ




**नुउक।** ग्रीनलैंड में ट्रम्प के विरोध में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर दिए बयानों पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने 'ग्रीनलैंड बिक्री के लिए नहीं है' के नारे लगाए। बर्फीली सड़कों के बीच प्रदर्शनकारी ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक के डाउनटाउन से अमेरिकी वाणिज्य दूतावास तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय झंडे लहराए और विरोधी पोस्टर थामे रहे।

पुलिस के मुताबिक यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है, जिसमें नुउक की लगभग एक-चौथाई आबादी शामिल हुई। इसी दौरान अमेरिका ने यूरोप के 8 देशों पर 10% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। इससे ग्रीनलैंड के लोगों में ट्रम्प को लेकर गुस्सा और बढ़ गया। दूसरी ओर यूरोपीय संघ के सांसद अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में हैं। यूरोपियन पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष मैनफ्रेड वेबर ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि ट्रम्प की ग्रीनलैंड धमकियों के कारण अमेरिका से समझौते को मंजूरी देना संभव नहीं है। मैनफ्रेड वेबर ने सोशल मीडिया पर कहा कि ईपीपी व्यापार समझौते के पक्ष में था, लेकिन ट्रम्प की ग्रीनलैंड धमकियों के कारण अब मंजूरी संभव नहीं। उन्होंने अमेरिकी उत्पादों पर 0% टैरिफ को होल्ड करने की बात कही। यूरोपीय संसद के अन्य समूह भी समझौते को फ्रीज करने की मांग कर रहे हैं। अगर फैसले को लेकर सहमति बनती है, तो समझौता रुक सकता है।

ईयू-यूएस ट्रेड एग्रीमेंट को यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने पिछले साल तय किया था। यह समझौता आंशिक रूप से लागू हो चुका है, लेकिन इसे अंतिम मंजूरी यूरोपीय संसद से मिलना अभी बाकी है। अगर ईपीपी के सांसद वामपंथी दलों के साथ इसके विरोध में खड़े होते हैं, तो उनके पास इतनी संख्या हो सकती है कि वे इस समझौते की मंजूरी को टाल दें या पूरी तरह रोक दें।

## धर्म ही पूरी सृष्टि का संचालक, कोई भी चीज इसके बिना नहीं रह सकती: भागवत



**मुंबई।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने ने रविवार को कहा कि धर्म ही पूरी सृष्टि का संचालक है। जब सृष्टि बनी, तब उसे चलाने के लिए जो नियम बने, वही धर्म है। पूरी दुनिया उन्हीं नियमों पर चलती है। इसलिए कोई भी पूरी तरह अधर्मी नहीं हो सकता। राज्य भले ही सेकुलर हो सकता है, लेकिन मनुष्य, प्रकृति या सृष्टि की कोई भी चीज धर्म के बिना नहीं रह सकती। संघ प्रमुख ने ये बात मुंबई में आयोजित 'विहार सेवक ऊर्जा मिलन' कार्यक्रम में कही। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पानी का धर्म बहना है और आग का धर्म जलाना है। इसी तरह हर व्यक्ति का भी अपना-अपना धर्म और कर्तव्य होता है, जैसे पुत्र धर्म, राजधर्म और समाज धर्म। ये नियम और अनुशासन हमारे पूर्वजों ने गहरे आध्यात्मिक चिंतन और कठिन साधना से समझे। उन्होंने पैदल-पैदल देशभर में घूमकर, बिना भाषण दिए भी, आम लोगों के जीवन में धर्म को उतार दिया। इसलिए भारतवर्ष की रग-रग में धर्म बसता है। उन्होंने कहा कि उनके पास कोई ड्राइवर नहीं है, लेकिन उन्हें, पीएम नरेंद्र मोदी और हम जैसे अनेक लोगों को चलाने वाली एक ही शक्ति है। वही शक्ति आपको भी चला रही है।

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

**प्री प्राइमरी से लागू आरटीआई, कोर्ट का फरमान जारी**
**स्कूल इससे बच रहे थे, क्योंकि उन्हें पड रहा था भारी**
**सरकार की सही थी सोच, इसलिए कोर्ट ने माना सही**
**शिक्षा का बनेगा नया माहौल, सुधर जाएगी देश की बही**

..मुखिया जी

# बिहार में दोबारा जंगलराज रोका, अब बंगाल से विदा करेंगे- पीएम मोदी

## घुसपैठ रोकने के लिए फेंसिंग जरूरी



**सिंगूर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में कहा कि यहां की जनता अब असली परिवर्तन चाहती है। हर कोई 15 साल के महाजंगल राज को बदलना चाहता है। अभी तो बीजेपी-एनडीए ने बिहार में जंगलराज को रोका है। अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है। पीएम ने सिंगूर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है। केंद्र सरकार ने कई बार चिट्ठी लिखी कि बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन चाहिए, लेकिन बंगाल सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि घुसपैठिए इनंके पक्के वोटर हैं।

पीएम ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया। इससे पहले सुबह पीएम असम में थे। वहां मोदी ने कलियाबोर में ?6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई।

टीएमसी के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। यहां की शिक्षा व्यवस्था माफिया, भ्रष्टाचारियों के कब्जे में है। भाजपा को आपका एक वोट पक्का करेगा कि कॉलेज में रेप-हिंसा की घटनाओं पर लगाम लगे। एक वोट तय करेगा कि बंगाल में संदेशखाली जैसी घटना ना हो।

टीएमसी का छोटे से छोटा नेता खुद को बंगाल का माईबाप समझने लगा है। हुगली को इन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले के लिए बदनाम किया है। बीजेपी इन्हें सजा दिलाएगी। आपको एक बात याद रखनी है बंगाल में निवेश तभी आएगा।

जब यहां माफिया, दंगाइयों को हटाया जाएगा। बंगाल के नौजवानों, किसानों, माताओं-बहनों की हर संभव सेवा करूं, ये मेरा प्रयास रहता है। यहां की टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को आप तक पहुंचने नहीं देती। इनको मोदी से दिक्कत है, ये मुझे समझ आता है, लेकिन टीएमसी बंगाल के लोगों से अपनी दुश्मनी निकाल रही है।

# यूपी में कोहरे में 70 वाहन टकराए, 12 की मौत

## हिमाचल में तापमान माइनस 2.6 डिग्री



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में रविवार को घना कोहरा छाया। जीरो विजिबिलिटी के कारण अलग-अलग शहरों में 70 वाहन टकराए। कुल 22 हादसों में 12 की मौत हुई, 75 लोग घायल हैं। अकेले अमरोहा में 15 वाहन टकराए। शनिवार को भी 16 जिलों में सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हुई थी। हिमाचल प्रदेश में ताबो का तापमान राज्य में सबसे कम -2.6 डिग्री रहा। उत्तराखंड के चमोली और पिथौरागढ़ के ऊंचे इलाकों में शनिवार को बर्फबारी हुई। बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां के 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। भागलपुर के साबौर में सबसे कम तापमान 5.4 डिग्री रहा। दिल्ली में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री रहा, जो मौसम के औसत से 2.3 डिग्री कम है।

CMYK

# विकसित भारत-जी राम जी योजना में सौ दिन से बढ़ाकर 125 दिन रोजगार की गारंटी दी गई :मेहता

## चौहान व मेहता ने की प्रेस वार्ता

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** विकसित भारत जी राम जी को लेकर भारतीय जनता पार्टी टोंक द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन भाजपा कार्यालय पर किया गया। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने वीबी जी राम जी के बारे में बताया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अजित सिंह मेहता ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी योजना में 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन रोजगार की गारंटी दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-जी राम जी कानून बनाया गया है। इस योजना का लक्ष्य ग्रामीण भारत का स्वर्णिम विकास करना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत वीबी-जी-राम-जी योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। इससे आम नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं ग्रामीण क्षेत्रों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत पहले सौ दिन का रोजगार मिलता था, अब इस योजना के तहत एक सौ पच्चीस दिन का सुनिश्चित रोजगार मिलेगा। विकसित भारत जी राम जी ग्रामीण भारत को मदद नहीं मजबूती देता है। इसका उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को केवल कल्याण योजना के रूप में नहीं, बल्कि विकास से जुड़ी गारंटी के रूप में स्थापित करना है, ताकि यह विकसित भारत 2047 के




दृष्टिकोण के अनुरूप हो। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस मनरेगा को बंद करने का भ्रम फैला रही है, जबकि सच यह है कि उसकी कमियों को दूर करके विकसित भारत जी राम जी कानून बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अब गांव के गरीब मजदूर को 100 नहीं 125 दिन का रोजगार मिलेगा, 15 दिन में काम नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ते का भुगतान होगा तथा जवाबदेही सुनिश्चित होगी। चौहान ने कहा कि "विकसित भारत जी राम जी" योजना के लिए पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन कर रहा है। वहीं कांग्रेस भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भगवान राम के नाम का इतना विरोध क्यों करती है, भगवान राम के नाम से आखिर उन्हें क्या दिक्कत है । उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना में भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी गई है तथा सारी व्यवस्था डिजिटल की गयी है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर, पूर्व प्रधान ममता जाट, शीला मीणा, जगदीश गुर्जर, खेमराज मीणा, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, बलवंत मराठा, आरव सिसोदिया, शम्भू शर्मा, मनीष सिसोदिया एवं राजेश मंगल आदि मौजूद थे।

## नोहर से होगी विशेष शिविरों की शुरुआत, कल मिलेगा मौके पर ही फूड लाइसेंस

**हनुमानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** खाद्य सामग्री का व्यवसाय करने वाले व्यापारियों के लिए फूड लाइसेंस एवं फोस्कोस पोर्टल पर पंजीकरण अब केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि कानूनी अनिवार्यता है। बिना लाइसेंस अथवा रजिस्ट्रेशन के खाद्य सामग्री का विक्रय गैरकानूनी है, जिस पर जुर्माना एवं सजा का प्रावधान है। जिले के खाद्य कारोबारियों को राहत देने और प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत कल 19 जनवरी से नोहर में होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि कल 19 जनवरी को नोहर के पुष्करणा भवन में प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें व्यापारियों को मौके पर ही फूड लाइसेंस एवं फूड रजिस्ट्रेशन जारी किए जाएंगे। इसके बाद 22 जनवरी को हनुमानगढ़ जंक्शन के दुर्गा मंदिर धर्मशाला में, 27 जनवरी को भादरा की लुहारीवाली धर्मशाला तथा 30 जनवरी को पीलीबंगा के व्यापार मंडल भवन में शिविर आयोजित होंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि इन शिविरों में किरयाना, मिठाई, होटल, डेयरी, रेस्टोरेंट, हलवाई, केटरिंग, फास्ट फूड, चाट-पकौड़ी, फल-सब्जी, ठेला एवं स्टॉल संचालक आवेदन कर मौके पर ही लाइसेंस अथवा रजिस्ट्रेशन प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम-विनियम 2011 की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि फूड रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड व पैन कार्ड की फोटोकॉपी तथा एक पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक है, जबकि फूड लाइसेंस के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल एवं जीएसटी रजिस्ट्रेशन से संबंधित दस्तावेज अनिवार्य होंगे। शिविरों के पश्चात बिना लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन खाद्य सामग्री बेचने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### खैरथल के मातोर गांव में कुएं से मिले पशु अवशेष, गोकशी की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

## एक्सप्रेस-वे के पास स्थित कुएं से पशु अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई,गोकशी की आशंका पर किसान पंचायत व विहिप ने कार्रवाई की मांग की

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** खैरथल के निकटवर्ती गांव मातोर में उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव से गुजर रहे एक्सप्रेस-वे के समीप स्थित एक खाली कुएं में पशु अवशेष मिलने की सूचना सामने आई। कुएं से मिले अवशेषों को देखकर ग्रामीणों ने गोकशी की आशंका जताई, जिसके बाद क्षेत्र में तनाव और आक्रोश का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही किसान पंचायत सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया गया। किसान पंचायत ने थाने पहुंचकर दर्ज कराई शिकायत मामले की जानकारी मिलते ही किसान पंचायत के अध्यक्ष कृष्णा चौधरी अपनी टीम के साथ शनिवार शाम खैरथल थाने पहुंचे और घटना की शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि प्रारंभिक स्तर पर कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया तथा शिकायत लेकर पहुंचे युवाओं से कथित रूप से गलत लहजे में बातचीत की गई। इससे किसान संगठन के पदाधिकारियों में नाराजगी फैल गई।

**रविवार सुबह थाने पहुंची महापंचायत, पुलिस पर बना दबाव**- घटना के बाद रविवार सुबह किसान महापंचायत के पदाधिकारी व



बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा खैरथल थाने पहुंचे। उन्होंने थाना अधिकारी और पुलिस उपाधीक्षक के समक्ष घटना को लेकर नाराजगी जाहिर की और मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की। दबाव बढ़ने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जांच प्रक्रिया शुरू की।

**कुएं में उतारे गएअग्निशमन कर्मी, फिर स्वयं उतरे किसान पंचायत अध्यक्ष**- पुलिस द्वारा खैरथल नगर परिषद के अग्निशमन कर्मचारी अमित शर्मा को कुएं में उतारा गया। प्रारंभिक जांच में उनके द्वारा कुछ भी संदिग्ध न मिलने की बात कही गई। इसके बाद किसान पंचायत के अध्यक्ष कृष्णा चौधरी स्वयं दोबारा कुएं में उतरे, जहां उन्हें एक कट्टे में पशु का सिर, दो जबड़े, एक सिंग, दांत सहित अन्य अवशेष मिले।

कुएं से निकाले गए इन अवशेषों को पुलिस के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें जब्त कर जांच शुरू करने का आश्वासन दिया।

## भारतीय न्याय संहिता और साक्ष्य अधिनियम के नये प्रावधानों पर किया विचार-विमर्श

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी की ओर से श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ न्याय क्षेत्र के न्यायिक अधिकारियों की संयुक्त दूसरी त्रैमासिक कार्यशाला रविवार को माननीय न्यायमूर्ति अशोक कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात कार्यशाला का शुभारंभ माननीय न्यायमूर्ति के स्वागत-अभिनंदन से हुआ। इस दौरान वक्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्नों को रखा गया। इस दौरान माननीय न्यायमूर्ति द्वारा विभिन्न



विषयों से संबंधित जिज्ञासाओं पर आधारित जानकारी देते हुए बताया गया कि इन सभी प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए न्यायिक प्रक्रिया सम्पादित की जाए। कार्यशाला में नये आपराधिक कानून, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के नये प्रावधानों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही दीवानी प्रकरणों के तहत आदेश 7 नियम 11 सीपीसी के तहत आवेदन, आदेश 1 नियम 10, आदेश 38 नियम 4 और 5, आदेश 14 नियम 2 सीपीसी पर भी न्यायिक अधिकारी द्वारा विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान माननीय न्यायमूर्ति द्वारा नये प्रावधानों के मद्देनजर न्यायिक प्रक्रिया पूर्ण करने का आह्वान किया।

## भविष्य की उड़ान बनी प्रेरणा- जनसहयोग से शिवाड़ विद्यालय में होगा भौतिक सुविधाओं का विकास

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में संचालित अभिनव पहल 'भविष्य की उड़ान' से प्रेरित होकर शिवाड़ ग्रामवासियों से एक बार फिर सरकारी विद्यालय के भौतिक विकास के लिए एक प्रशंसनीय कदम उठाया है। ग्रामवासियों द्वारा विद्यालय विकास हेतु 39 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है, जो ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति बढ़ती सामाजिक चेतना और सहभागिता को दर्शाती है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी ग्राम वासियों ने जनसहयोग से 1 लाख तीस हजार रूपये एकत्रित कर राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय के भौतिक विकास हेतु प्रदान किए थे। उक्त सहयोग राशि का चैक विद्यालय के स्टाफ द्वारा एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता को मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के अंतर्गत जमा कराने हेतु सुपुर्द किया गया। इस योजना की विशेषता यह है कि जनसहयोग से प्राप्त राशि



के अनुपात में राज्य सरकार द्वारा 60 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा दिए गए ?39 हजार के सहयोग से विद्यालय को राज्य सरकार से लगभग ?58 हजार की अतिरिक्त राशि प्राप्त होगी। इस प्रकार विद्यालय विकास हेतु कुल 97 हजार की राशि उपलब्ध हो सकेगी। प्राप्त राशि का उपयोग विद्यालय कक्षा कक्षों की छत मरम्मत सहित अन्य आवश्यक भौतिक विकास कार्यों में किया जाएगा।

### नेचर वॉक, फुटबॉल मुकाबले, पद दंगल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा दूसरा दिन

# 263वें सवाई माधोपुर स्थापना दिवस पर प्रकृति, कला, खेल और संस्कृति का उत्सव

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग द्वारा सवाई माधोपुर का 263वां स्थापना दिवस 17 से 19 जनवरी तक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में दूसरे दिन जिले में प्रकृति संरक्षण, कला, खेलकूद और लोक-संस्कृति से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन की सक्रिय सहभागिता रही।

**सुबह सवेरे लवकुश वाटिका में नेचर वॉक**- स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः 8 बजे चौथ का बरवाड़ा स्थित लवकुश वाटिका में नेचर वॉक का आयोजन किया गया।

सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह वॉक वाटिका के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर तलाई, सघन



ढाक वन क्षेत्र से होते हुए वॉच टावर तक पहुँची।

वॉच टावर पर प्रतिभागियों ने विश्राम किया, तत्पश्चात पुनः तलाई मार्ग से होते हुए प्रवेश द्वार पर नेचर वॉक का समापन हुआ। इस आयोजन में चौथ का बरवाड़ा प्रधान, उपखण्ड अधिकारी जोगेंद्र सिंह, सहायक वन संरक्षक मनीषा शर्मा, तहसीलदार नीरज सिंह, रेंजर कैलाश शर्मा, विकास अधिकारी इंद्राज मीणा सहित चौथ का बरवाड़ा उपखण्ड का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रतिभागियों ने प्रकृति संरक्षण, जैव विविधता और वन्य जीवन के महत्व पर चर्चा की।

### दशहरा मैदान में पद दंगल और लोक-संस्कृति की धूम

स्थापना दिवस के अवसर पर दशहरा मैदान में आयोजित अमरूद एक्सपो के दौरान लोक परंपराओं से जुड़े पद दंगल कार्यक्रमों ने विशेष आकर्षण बटोरा। जल सिंह एवं ग्राम खेड़ी की पद दंगल पार्टी, बड़ागांव कहार, जडावता तथा डैकवा की कन्हैया पद दंगल पार्टियों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दी। पद दंगल के दौरान कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने लोकगीतों की धुन पर उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई, जिससे कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा का संचार हुआ। इसी क्रम में शाम को दशहरा मैदान में रणथम्भौर की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय लोक संगीत और नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

### पंच गौरव खेल : पुलिस लाइन मैदान में फुटबॉल मुकाबले

स्थापना दिवस के अवसर पर पंच गौरव खेल के अंतर्गत जिला खेल अधिकारी की ओर से पुलिस लाइन मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया। मुकाबले में खेलो इंडिया टीम विजेता तथा पंच गौरव टीम उपविजेता रही। इस आयोजन में मुख्य अतिथि नगर परिषद आयुक्त सहित पी.जी. कॉलेज सवाई माधोपुर के प्राचार्य, शारीरिक शिक्षा डॉ. रामलाल बैरवा, उप निरीक्षक तेज सिंह जाट, जिला खेल अधिकारी के.एम. नारायण एवं अन्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान खिलाड़ियों को खेल किट, मोमेंटो एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

## एक नजर

### पूर्व उप-मुख्यमंत्री स्व. बनवारी लाल बैरवा की जयंती आज

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कांग्रेस टोंक द्वारा राजस्थान के पूर्व उप-मुख्यमंत्री, स्वर्गीय बनवारी लाल बैरवा की 93 जयंती 19 जनवरी सोमवार को मनाई जायेगी। पूर्व जिला परिषद सदस्य मणीन्द्र सिंह लोदी ने बताया कि राजस्थान के पूर्व उप-मुख्यमंत्री स्वर्गीय बैरवा की 93 वी जयंती के अवसर पर सोमवार को प्रातः10 बजे न्यू बस स्टैंड के बाहर स्थित स्वर्गीय बनवारी लाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे।

### 108 कुंडीय श्री रूद्र महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ आज

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जमवारामगढ़ उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बूज में सोमवार दिनांक 19 जनवरी को 108 कुंडीय श्री रूद्र महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान से शुभारंभ होगा। यज्ञकर्ता संत दानेश्वर दास महाराज ने बताया की बूज गांव में भृतहरि बाबा के पास सोमवार को सुबह रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ किया जायेगा। महाराज श्री संत दानेश्वर दास ने बताया की महायज्ञ को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। सोमवार को सुबह 10.00 बजे बूज गांव में स्थित भगवान चतुर्भुज मंदिर से यज्ञ स्थल तक करीब 301 महिलाओं द्वारा कलशयात्रा निकाली जायेगी।

### ट्रैक्टर ने गलत दिशा से आकर बाइक को मारी टक्कर

**हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल**

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जमवारामगढ़ बस स्टैंड पर मिनेश महाविद्यालय के पास रविवार दिनांक 18 जनवरी शाम को करीब 5.45 बजे एक ट्रैक्टर ने गलत दिशा से आकर बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए जिनको राहगीरों द्वारा एंबुलेंस के समय से नहीं पहुंचने पर निजी वाहन की सहायता से उप जिला अस्पताल जमवारामगढ़ में भर्ती कराया गया। सूचना पर जमवारामगढ़ थाना पुलिस उप जिला अस्पताल पहुंची। हैड कांस्टेबल बाबूलाल गठाला ने बताया की हादसे में कुंडा आमेर निवासी राजवीर महावर



व खोरा बावड़ी निवासी सांवरमल बुनकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हैंड कांस्टेबल बाबूलाल गठाला ने बताया की दोनों के पांवों में फैक्चर था। उप जिला अस्पताल जमवारामगढ़ में डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को एस एम एस अस्पताल जयपुर के लिए रैफर कर दिया गया।

### मलारना रेलवे स्टेशन पर महिला से मंगलसूत्र लूट, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रेलवे यात्रियों की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे दावों की पोल एक बार फिर खुलती नजर आ रही है। मलारना रेलवे स्टेशन परिसर में एक महिला यात्री से मंगलसूत्र लूट की सनसनीखेज घटना सामने आई है। हैरानी की बात यह रही कि घटना के समय स्टेशन परिसर की लाइटें बंद थीं, सुरक्षा कैमरे काम नहीं कर रहे थे और आरपीएफ-जीआरपी का कोई जवान मौके पर मौजूद नहीं था। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 जनवरी 2025 को ट्रेन संख्या 19109 से सवाई माधोपुर से मलारना पहुँची महिला यात्री अंकिता बाई मीना जैसे ही स्टेशन से उतरकर बाहर परिसर में पहुँची, अंधेरे का फायदा उठाकर एक अज्ञात युवक ने उनके गले से करीब 8 ग्राम सोने का मंगलसूत्र झपट लिया। मंगलसूत्र की कीमत लगभग 1.20 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी वारदात के बाद स्टेशन के वेटिंग रूम की ओर फरार हो गया। सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन से प्राप्त फुटेज में आरोपी भागता हुआ दिखाई देता है, लेकिन मलारना स्टेशन के बाहर लगे कैमरे बंद होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। इससे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना के बाद पीड़िता जब स्टेशन मास्टर और आरपीएफ-जीआरपी अधिकारियों के पास पहुँची, तो उन्हें यह कहकर टाल दिया गया कि यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है और इसका दायित्व मंडल अधिकारियों या ठेकेदार का है। विभागों के बीच जिम्मेदारी तय न होने से पीड़िता को निराशा हाथ लगी। गौरतलब है कि मलारना रेलवे स्टेशन पर पहले भी मोबाइल लूट की कई घटनाएं हो चुकी हैं, इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी की नियमित ड्यूटी होने के बावजूद घटना के समय किसी भी सुरक्षा कर्मी का मौजूद न होना सवालों के घेरे में है। पीड़िता की रिपोर्ट पर मलारना डूंगर थाने में 15 जनवरी 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 304(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने चोरी गए मंगलसूत्र की शीघ्र बरामदगी, आरोपी की गिरफ्तारी तथा लापरवाह अधिकारियों, ठेकेदार और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### दूध मंडी शास्त्री नगर जयपुर में 19 जनवरी को लगेगा फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य कारोबार प्रारंभ करने अथवा संचालन के लिए सक्षम प्राधिकारी से फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना वैधानिक रूप से अनिवार्य है। इसी क्रम में 19 जनवरी 2026 (सोमवार) को दूध मंडी, शास्त्री नगर, जयपुर में प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक एक दिवसीय फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि राज्य की श्रीमान आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी शुभमंगला के निर्देशानुसार विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के खाद्य कारोबारियों को एक ही स्थान पर लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि बिना फूड लाइसेंस के खाद्य व्यवसाय करना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। अतः शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त खाद्य कारोबार से जुड़े विक्रेता, निर्माता, थोक एवं फुटकर व्यापारी, फेरीवाले, केटरिंग सेवा प्रदाता, ट्रांसपोर्टर, फूड प्रोडक्शन एवं विक्रय से जुड़े प्रतिष्ठान, मेडिकल स्टोर, मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले, स्वयं सहायता समूह, अस्पताल, स्कूल एवं कॉलेज कैंटीन, छात्रावास कैंटीन, राजकीय व निजी वेयरहाउस, दुग्ध विक्रेता, डेयरी, चाय-पान की दुकानें, फल-सब्जी, मांस-अंडा विक्रेता, हाट बाजार में खाद्य कारोबार करने वाले सभी व्यापारी इस शिविर में पहुंचकर लाभ उठा सकते हैं। शिविर में खाद्य कारोबार से जुड़े लोग नए लाइसेंस, नवीनीकरण (रिन्यूअल) एवं संशोधन (मॉडिफिकेशन) के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### टीमवर्क आर्ट्स द्वारा प्रोड्यूस्ड

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल ने की 'वॉइसेज़ ऑफ़ फ़ेथ' की घोषणा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व भर के धर्मों की मूल आस्थाओं और आदर्शों का अन्वेषण करने वाला महोत्सव 'वॉइसेज़ ऑफ़ फ़ेथ' अपने दूसरे संस्करण के साथ 13 से 15 मार्च, 2026 तक लंदन के बार्बिकन सेंटर में पुनः आयोजित होगा। इन तिथियों की घोषणा चल रहे 19वें जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में आज टीमवर्क आर्ट्स के प्रबंध निदेशक संजॉय के. रॉय ने की। इस अवसर पर यूएस, यूके और इज़राइल में भारत के पूर्व राजदूत और पुरस्कार विजेता लेखक और कॉलमनिस्ट, नवतेज सरना, और ऑक्सफ़ोर्ड सेंटर फ़ॉर हिंदू स्टडीज़ के संस्थापक निदेशक, शौनक ऋषि दास भी उपस्थित थे। 'वॉइसेज़ ऑफ फ़ेथ' की परिकल्पना और निर्माण टीमवर्क आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे द कामिनी एंड विंदी बंगा फ़ाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।

यह मंच प्रमुख विद्वानों, लेखकों, चिंतकों और कलाकारों को एक साथ लाता है, जहां संवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से आस्था, विश्वास, करुणा और विभिन्न धर्मों के बीच आपसी जुड़ाव पर चिंतन किया जाता है। उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए फेस्टिवल के प्रवक्ताओं ने एक लगातार अधिक विभाजित होती दुनिया में आस्था पर सूक्ष्म और सार्थक संवाद की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने 'वॉइसेज़ ऑफ़ फ़ेथ' को सहानुभूति, करुणा और मानवीय जुड़ाव के एक सशक्त मंच के रूप में प्रस्तुत किया। महामारी के दौरान एक सफल डिजिटल




श्रृंखला के रूप में आरंभ हुआ यह फेस्टिवल, सभी आस्थाओं की सार्वभौमिकता को रेखांकित करने की दिशा में एक अत्यंत आवश्यक पहल है।

## देवनानी ने किए भारत रिन्यूएबल एक्सपो में पीएम सूर्यघर पुरस्कार प्रदान

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि आज जब पूरा विश्व संसाधनों की कमी से जूझ रहा है ऐसे में हमारी संसाधनों को पूजने वाली संस्कृति बहुत महत्वपूर्ण है। आज उर्जा के स्त्रोत पैट्रोल, डीजल, कोयला, पानी, शुद्ध वायु निरन्तर कम होते जा रहे हैं। ऐसे में मानवता को बचाने के लिए उर्जा के नए स्त्रोत काम में लिए जा रहे हैं। उनमें से एक बहुत बड़ा स्त्रोत भगवान सूर्य की उर्जा का उपयोग भी है और सम्पूर्ण भारत में इसका विकास तीव्र गति से हो रहा है। स्पीकर देवनानी रविवार को यहां वी.टी. रोड ग्राउण्ड मानसरोवर में भारत रिन्यूएबल एक्सपो 2026 के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। देवनानी ने पीएम सूर्यघर पुरस्कार प्रदान किए। स्पीकर देवनानी ने कहा कि राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा प्रदेश होने के साथ खनिज सौर उर्जा की उपलब्धता वाला बड़ा प्रदेश है। सीमावर्ती जिले बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, फलोदी इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। देवनानी ने कहा कि यह आयोजन केवल एक एक्सपो नहीं, बल्कि भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य की दिशा में एक मजबूत संकल्प और साझा प्रयास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चिन्तन-मनन और विचार करें, पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, ऐसे समय में भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर तेजी से अग्रसर है।

स्पीकर देवनानी ने कहा है कि राजस्थान को प्रकृति ने प्रचुर सूर्य प्रकाश और विशाल भू-भाग का वरदान दिया है। यही कारण है कि आज राजस्थान देश के अग्रणी सोलर और विंड एनर्जी उत्पादक राज्यों में शामिल है। थार के मरुस्थल से लेकर राज्य के विभिन्न अंचलों तक, सोलर पार्क, विंड फार्म और हाइब्रिड प्रोजेक्ट्स न केवल ऊर्जा उत्पादन कर रहे हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और विकास के नए अवसर भी सृजित कर रहे हैं। स्पीकर देवनानी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बनाई गई प्रगतिशील नीतियाँ, निवेश के अनुकूल वातावरण और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर ने राजस्थान को रिन्यूएबल एनर्जी निवेश का एक प्रमुख केंद्र बना दिया है। ग्रीन हाइड्रोजन, बैट्री स्टोरेज और ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में भी राजस्थान अपार संभावनाओं वाला राज्य है। समारोह में विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### 20 साल पुराना नौकर 52.50 लाख चुराकर बिहार भागा

# जयपुर में बिजनेसमैन को 22 लाख का पता चला, पुलिस ने नक्सली इलाके से पकड़ा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नए साल का जश्न मनाने विदेश गए जयपुर के एक बिजनेसमैन के घर से 52.50 लाख कैश चोरी हो गए। बिजनेसमैन को 22 लाख की चोरी का ही पता चला। पुलिस जांच में घर का 20 साल पुराना नौकर ही चोर निकला। पुलिस ने जयपुर से 1500 किलोमीटर दूर बिहार के नक्सली इलाके से आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी के 52.50 लाख रुपए बरामद किए। बजाज नगर थाना पुलिस ने रविवार दोपहर आरोपी नौकर को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। एसीपी (मालवीय नगर) विनोद शर्मा ने बताया- चोरी के मामले में आरोपी मंटू उर्फ रामू उर्फ मनोज ठाकुर (40) निवासी बेलहर बांका बिहार को अरेस्ट किया है। वह पिछले 20 साल से बजाज नगर क्षेत्र के देव नगर में रहने वाले एक्सपोर्ट बिजनेसमैन के घर नौकर था। सालों से घरेलू नौकर होने के कारण पूरे परिवार को उसके ऊपर विश्वास था। उसकी हर कमरे में एंट्री भी थी। इसका फायदा उठाकर वह परिवार के बाहर जाने पर अलमारियों खोलकर थोड़े-थोड़े रुपए चुराकर अपने गांव भेजने लग गया था। मालिक को मालूम नहीं चलने पर उसके हौसले बढ़ गए। **परिवार की गैरमौजूदगी में चोरी** पीड़ित बिजनेसमैन की ओर से 12 जनवरी को बजाज नगर थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। रिपोर्ट में बताया- परिवार सहित 1 जनवरी को घूमने के लिए विदेश गए थे। नौकर मंटू भी छुट्टी लेकर अपने गांव चला गया। 7-8 दिन विदेश घूमने के बाद 9 जनवरी को वापस आए तो घर की अलमारियों में रखे 22 लाख रुपए गायब थे। परिवार की गैरमौजूदगी में 3 जनवरी को घर में घुसकर चोर 22 लाख रुपए ले गए।

**नौकर ने ही घर में की थी चोरी** बजाज नगर स.ाह्न पूनम चौधरी के नेतृत्व में टीम का गठन कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि चोरी के दौरान




बिजनेसमैन के घर के ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे बंद थे। कॉलोनी में लगे ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज को खंगालने पर 3 जनवरी को एक व्यक्ति रात के समय दीवार कूदकर अंदर आते दिखाई दिया। फुटेज के आधार पर चोर की पहचान घरेलू नौकर मंटू के रूप में हुई। **नक्सली एरिया में मिली लोकेशन** पुलिस टीम नौकर मंटू का मोबाइल लोकेशन के आधार पर पीछा करते हुए 1500 चरू दूर उसके गांव बांका बिहार जा पहुंची। नक्सली एरिया में उसका गांव होने के चलते वह खुद को सुरक्षित मान रहा था। पुलिस ने उसके घर पर दबिश देकर धर-दबोचा। **रिकवरी तुरंत करनी थी जरूरी** पूनम चौधरी ने बताया- नक्सली इलाका होने के कारण पुलिस कार्रवाई आसान नहीं थी। पूछताछ में आरोपी नौकर मंटू ने चोरी करने की बात कबूल की। पूछताछ के बाद चोरी हुए रुपए भी बरामद कर लिए गए। **हथियारबंद टीम की मदद लाए वापस** आरोपी और बड़ी मात्रा में मिले कैश को सुरक्षित वापस लाने के लिए पुलिस की हथियारबंद एक और टीम तुरंत भेजी गई।

### विधानसभा अध्यक्ष ने गुलाब का फूल भेंट कर दी विदा

## अतिथियों ने आतिथ्य की भरपूर प्रशंसा की

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (ष्टस्क्क्रष्ट) के बाद भ्रमण कार्यक्रम के लिए आए अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल को रविवार को प्रातः भावभीनी विदाई दी गई। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सभी अतिथियों को गुलाब का फूल भेंट कर गरिमामय एवं पारंपरिक तरीके से जयपुर हवाई अड्डे से विदाई दी। सभी अतिथियों ने राजस्थान में मिले आतिथ्य को अभूतपूर्व बताया। कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और पीठासीन अधिकारियों का अन्तर्राष्ट्रीय दल राजस्थान के ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों, भव्य आतिथ्य और विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों की अविस्मरणीय स्मृतियों को संजोते हुए जयपुर से रवाना हुआ। राष्ट्रमण्डल संसदों के स्पीकर और पीठासीन अधिकारियों ने स्वागत के समय भेंट किये गये दुपट्टे को जाते समय तक गले में पहने रखा। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने देवनानी का यादगार आतिथ्य के लिए आभार व्यक्त किया। देवनानी को पीठासीन अधिकारियों ने उनके सम्मान में दिये गये रात्रि भोज में राजस्थान के पारम्परिक और स्वादिस्ट व्यंजनों और आवभगत की खूब तारीफ की। उनके सम्मान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोकनृत्य और लोक बाध्य यंत्र की मधुर ध्वनि पारम्परिक आतिथ्य और राजस्थानी संस्कृति की जीवंत झलकने विदेशी महमानों को विशेष रूप से आकृषित किया। सदस्यों ने यहां के पर्यटन स्थलों और इतिहास को समृद्ध और अद्वितीय बताया है। अल्बर्ट हॉल के भव्य संग्रहालय की दुर्लभ कला कृतियों ने कॉमनवेल्थ प्रतिनिधि मण्डल को गहराई से प्रभावित किया। सदस्यों ने हवामहल की बेजोड स्थापत्य कला की भूरी-भूरी प्रशंसा की और संध्या काल में हवामहल के मनमौहक दृश्य को अदभूत बताया। विश्व विख्यात आमेर महल की ऐतिहासिक और दिव्य भव्य छटाने प्रतिनिधियों को अभिभूत कर दिया। देवनानी ने कहा कि यह राजस्थान के लिए गौरव का विषय है कि विश्व के विभिन्न देशों से आए संसदीय प्रतिनिधि हमारी समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत और अतिथि सत्कार की परंपरा से रूबरू होकर गये है। राजस्थान 'अतिथि देवो भवः की भावना के अनुरूप अतिथियों का स्वागत किया किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधियों को राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्थलों और परम्परागत लोक कला से परिचित कराने का यह अच्छा अवसर था। राज्य की विकास यात्रा, लोकतांत्रिक परंपराओं और संसदीय मूल्यों पर भी सकारात्मक संवाद हुआ। देवनानी ने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से वैश्विक पहचान और सशक्त होगी तथा पर्यटन, संस्कृति व अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई दिशा मिलेगी।

### ओएस सरकारी स्कूलों और कम्युनिटी सेंटर्स में आयोजित हुए

## आसरा चिल्ड्रेन होम, उड़ान-चिल्ड्रेन होम फ़ॉर गर्ल्स, चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया, प्रांगण सेंटर्स, नई दिशा एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसाइटी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** हर सेशन में इंटरएक्टिव स्टोरीटेलिंग, कठपुतली, संगीत, मूवमेंट और कला के ज़रिए बच्चों की सक्रिय भागीदारी को केंद्र में रखा गया। यह आउटरीच कार्यक्रम आगे भी जारी रहा और जयपुर लिटरेचर फ़ेस्टिवल के दौरान समानांतर रूप से आयोजित किया गया। अपने 16वें वर्ष में, आउटरीच प्रोग्राम दिल्ली और जयपुर के 75 केंद्रों के ज़रिए लगभग 6,000 बच्चों तक पहुँचा। बीते वर्षों में, जयपुर लिटरेचर फ़ेस्टिवल और प्रथम बुक्स की साझेदारी के तहत 500 से अधिक संस्थानों में 1,000 से ज़्यादा आउटरीच सत्रों के माध्यम से 50,000 से अधिक बच्चों को जोड़ा गया, जिससे विविध समुदायों को किताबें और कहानियों की ओर प्रेरित किया गया। प्रथम बुक्स के सी.ई.ओ. हिमांशु गिरी ने कहा: 'सोलह वर्षों से, जयपुर लिटरेचर फ़ेस्टिवल के साथ हमारी साझेदारी इस विश्वास से प्रेरित रही है—कि हर बच्चे तक कहानियाँ पहुँचनी चाहिए, चाहे वह कहीं से भी आता हो। इस आउटरीच प्रोग्राम के ज़रिए हमने सरकारी और निजी स्कूलों, शेल्टर्स और कम्युनिटी स्पेसेज़ में काम किया है, ताकि पढ़ने का आनंद दूर-दूर तक पहुंचे और जिज्ञासा, कल्पनाशक्ति और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिले। हम मिलकर इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि किताबें और कहानियाँ हर उस बच्चे तक पहुँचें, जिसे उनकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत है।' ज़मीनी स्तर पर प्रभाव को साझा करते हुए, गार्गी मल्ल (आउटरीच एक्ज़ीक्यूशन एवं कोऑर्डिनेशन) ने कहा: 'इन सेशंस ने दिखाया कि जब कहानियाँ बच्चों के अपने अनुभवों से जुड़ती हैं, तो वे ज़्यादा अर्थपूर्ण बन जाती हैं। बच्चों की उत्सुकता और कल्पनाशील प्रतिक्रियाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि स्टोरीटेलिंग किताबों के साथ गहरा जुड़ाव बना सकती है।' जयपुर लिटरेचर फ़ेस्टिवल के साथ अपनी दीर्घकालिक साझेदारी और स्टोरीटेलर्स व फ़ैसिलिटेटर्स के समर्पित नेटवर्क के माध्यम से, प्रथम बुक्स पढ़ने के ऐसे समावेशी रास्ते बना रहा है।

### पूर्व साजेआई बोले- ट्रायल समय पर नहीं हो तो बेल-अधिकार

# डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा- अपनी ही संस्था की आलोचना करना आसान नहीं; अदालतों में डर का माहौल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (ष्टछ्वद्ब) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा- नेशनल सिक्योरिटी से जुड़े कानून कई बार 'इनोसेंस' की जगह गिल्ट को प्राथमिकता देने लगते हैं। अदालतों को यह जांचना चाहिए कि क्या वाकई राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है और क्या हिरासत जरूरी और अनुपातिक है। वरना लोग सालों तक जेल में सड़ते रहते हैं। उन्होंने कहा- अगर ट्रायल उचित समय में पूरा नहीं होता तो यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्पीडी ट्रायल के अधिकार का उल्लंघन है। संविधान सर्वोच्च है, इसलिए एक्सेप्शन न हों तो बेल मिलनी चाहिए। उन्होंने स्वीकार किया कि अपनी ही संस्था की आलोचना करना उनके लिए आसान नहीं है, क्योंकि एक साल पहले तक वह सुप्रीम कोर्ट का नेतृत्व कर रहे थे। पूर्व मुख्य न्यायाधीश (ष्टछ्वद्ब) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने उमर खालिद के मामले पर सवाल पर यह कहा। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में रविवार को जिंदगी से लेकर संवैधानिक मूल्यों तक उन्होंने कई अहम मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कानून, लोकतंत्र, जमानत व्यवस्था और न्यायिक प्रणाली को लेकर बेबाक विचार रखे। **जेन-जी के काम करने-सोचने के तरीके समझने होंगे** पूर्व मुख्य न्यायाधीश (ष्टछ्वद्ब) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा- वे भले ही बेबी बूमर पीढ़ी से आते हों, लेकिन उनकी दो बेटियां स्पेशल नीड्स वाली हैं और जेन-जी से हैं। अगर उन्हें अपनी बेटियों की जिंदगी से जुड़ा रहना है तो उन्हें जेन-जी के काम करने और सोचने के तरीके को समझना और अपनाना होगा। अपनी हालिया किताब का जिक्र करते हुए चंद्रचूड़ ने कहा- यह कोई सख्त कानूनी किताब नहीं, बल्कि उनके भाषणों का संग्रह है। इसमें अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट, भारतीय सुप्रीम कोर्ट और दार्शनिक जॉन स्टुअर्ट मिल, कांट जैसे विचारकों के संदर्भ स्वाभाविक रूप से शामिल हैं। उन्होंने बताया- जब वे समलैंगिकता को अपराधमुक्त करने वाला ऐतिहासिक फैसला लिख रहे थे, तब उन्हें मशहूर कवि-गायक लियोनार्ड कोहेन का एक कोट याद आया था, जो लोकतंत्र के खतरे और उसके बावजूद उम्मीद की बात करता है। उनके मुताबिक कुछ फैसले सीधे-सपाट होते हैं, जबकि कुछ में सोच और संवेदनशीलता का 'फ्लोरिश' जरूरी होता है। **उमर खालिद के सवाल पर कहा- अब जज नहीं, नागरिक के तौर पर बोल रहा** उमर खालिद के मामले पर सवाल पूछे जाने पर पूर्व ष्टछ्वद्ब ने कहा- वे अब जज के रूप में नहीं, बल्कि एक नागरिक के तौर पर बोल रहे हैं। उन्होंने कहा- भारतीय कानून की बुनियाद 'निर्दोषता की पूर्वधारणा' पर टिकी है। हर आरोपी तब तक निर्दोष माना जाता है, जब तक ट्रायल में दोष सिद्ध न हो जाए। प्री-ट्रायल बेल किसी भी तरह से सजा नहीं हो सकती। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर कोई व्यक्ति 5 से 7 साल तक अंडरट्रायल कैदी के रूप में जेल में रहे और बाद में बरी हो जाए, तो उस खोए हुए समय की भरपाई कैसे होगी। चंद्रचूड़ ने जमानत न देने के मामलों को उदाहरण से समझाते हुए कहा कि यदि आरोपी सीरियल रेपिस्ट या मर्डरर हो और उसके बाहर आने से समाज को गंभीर खतरा हो, या वह फरार हो सकता हो, या सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका हो तो ऐसे मामलों में बेल से इनकार किया जा सकता है। लेकिन यदि ये तीनों परिस्थितियां नहीं हैं, तो बेल नियम होनी चाहिए। **शर्तें लगाई जा सकती हैं, अगर ट्रायल आगे नहीं बढ़ पा रहा** चंद्रचूड़ ने कहा- उमर खालिद को जेल में करीब पांच साल हो चुके हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि अपनी ही संस्था की आलोचना करना उनके लिए आसान नहीं है, क्योंकि एक साल पहले तक वह सुप्रीम कोर्ट का नेतृत्व कर रहे थे। लेकिन सिद्धांत यही कहते हैं कि शर्तें लगाई जा सकती हैं, पर अगर ट्रायल आगे नहीं बढ़ पा रहा है तो बेल पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। **हाईकोर्ट और जिला अदालतों में बेल न देने की प्रवृत्ति चिंताजनक** पूर्व मुख्य न्यायाधीश (ष्टछ्वद्ब) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने हाईकोर्ट और जिला अदालतों में बेल न देने की प्रवृत्ति को चिंताजनक बताया। उनके अनुसार जिला अदालतें न्याय प्रणाली का पहला इंटरफेस होती हैं, लेकिन वहां एक डर का माहौल है। जज सोचते हैं कि बेल देने पर उनके इरादों पर सवाल उठेंगे या उनकी ईमानदारी पर शक किया जाएगा। इसका नतीजा यह है कि अधिकतर मामलों को हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट तक धकेल दिया जाता है, जिससे सुप्रीम कोर्ट पर हर साल करीब 70 हजार केसों का बोझ बढ़ रहा है। जजों पर नैतिक दबाव नहीं बनाना चाहिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश (ष्टछ्वद्ब) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा- यदि कोई जिला जज गलत तरीके से बेल दे देता है।



## न्यूज विंडो

### जयपुर में क्रेडिट कार्ड का क्लोन बना 2.60 लाख ठगे

## केवाईसी के नाम पर किए कॉल; मोबाइल पर लिंक भेज किया फ्रॉड

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में क्रेडिट कार्ड का क्लोन तैयार कर 2.60 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। चङ्घ्ह्रष्ट के नाम पर कॉल कर झांसा देकर फ्रॉड के लिए मोबाइल पर लिंक भेजा गया। महेश नगर थाने में पीड़ित युवक ने साइबर फ्रॉड का मामला दर्ज करवाया है। चङ्घ्ह्रष्ट के नाम पर लगातार किए कॉल स.ाह्न (महेश नगर) सुरेश कुमार ने बताया- महेश नगर के अवधपुरी निवासी सुमन लाल महावर (41) के साथ साइबर फ्रॉड हुआ है। शिकायत में बताया- उनके पास एसबीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड है। क्रेडिट कार्ड की चङ्घ्ह्रष्ट करवाने के नाम पर उनके पास लगातार कॉल आ रहे थे। कॉल करने वाले ने खुद को एसबीआई बैंक का प्रतिनिधी होना बताया। चङ्घ्ह्रष्ट के लिए उसके मोबाइल पर लिंक भी भेजा गया। महेश नगर थाने में स्नढ्डक्र दर्ज जालसाज ने बातों में फंसाकर क्रेडिट कार्ड संबंधी जानकारी जुटा ली। जिसके बाद क्रेडिट कार्ड का क्लोन तैयार कर 2.60 लाख रुपए निकाल लिए। अकाउंट से रुपए निकलने का मोबाइल पर मैसेज आया। बैंक से पता करने पर क्रेडिट कार्ड क्लोन तैयार कर 2.60 लाख रुपए के फ्रॉड का पता चला। महेश नगर थाने में पीड़ित ने साइबर क्रिमिनल्स के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत स्नढ्डक्र दर्ज कर मोबाइल नंबर के आधार पर साइबर क्रिमिनल्स की तलाश शुरू कर दी है।

### ब्लूवन इंक की प्रस्तुति जयपुर बुकमार्क के चौथे दिन प्रकाशन के भविष्य, क़ानूनी पहलुओं, अनुवाद और कहानी कहने की कला पर चर्चा हुई

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** दक्षिण एशिया का प्रमुख प्रकाशन सम्मेलन ब्लूवन इंक द्वारा प्रस्तुत जयपुर बुकमार्क, जयपुर लिटरेचर फ़ेस्टिवल के साथ आयोजित हो रहा है। इस आयोजन में वैश्विक प्रकाशन जगत में हो रहे बदलावों पर पूरे दिन सार्थक और उपयोगी संवाद हुए। प्रकाशक, संपादक, एजेंट, अनुवादक, लेखक और प्रकाशन उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ एक मंच पर आए और नवाचार, अनुबंध, स्व-प्रकाशन, अनुवाद, अकादमिक पब्लिशिंग, वैश्विक कला और एनीमे तथा अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक आदान-प्रदान जैसे विषयों पर चर्चा की। जयपुर बुकमार्क के बहुप्रतीक्षित चौथे दिन की शुरुआत द फ़्यूचर ऑफ़ बुक्स: रीइमैजिनिंग नैरेटिव्स सत्र से हुई, जिसमें डेल्फ़िन क्लो, जोसेलिन अज़ोरिन-लारा और मायलीस वातेरिन ने स्वाति चोपड़ा के साथ संवाद किया। सत्र की शुरुआत फ़्रेंच इंस्टिट्यूट इन इंडिया के निदेशक के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने आधिकारिक रूप से 'फ़्रेंच-इंडियन ईयर ऑफ़ इनोवेशन' की घोषणा की। इसके बाद अधिकारों, नैतिकता और देशों के बीच साहित्यिक रिश्तों में लेखकों और पाठकों के सम्मान के महत्व पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मैट्रियोश्काज़ की प्रस्तुति रही, जो किताब से स्क्रीन तक रूपांतरण पर काम करने वाली टीम है। उन्होंने प्रकाशन और फ़िल्म निर्माण के बीच बदलते संबंधों पर रोशनी डाली। पैनल में एआई के आगमन और कहानी कहने पर उसके संभावित प्रभाव पर भी चर्चा हुई, जिसमें स्टूडियो जिब्ली का उदाहरण दिया गया और कॉपीराइट से जुड़ी चिंताओं पर बात की गई। वक्ताओं ने निष्कर्ष में कहा कि भले ही माध्यम बदलते रहें, कहानी की ताक़त हमेशा बनी रहती है, और आने वाले कलाकारों में निवेश करना ज़रूरी है। कॉन्ट्रैक्ट्स: रीडिंग द फ़ाइन प्रिंट सत्र में अमृता त्रिपाठी और ध्रुव सिंह ने हेमाली सोढ़ी के साथ बातचीत करते हुए प्रकाशन अनुबंधों को रचनात्मक और क़ानूनी दोनों दृष्टिकोण से समझाया। चर्चा में अनुबंध की शर्तें और अवधि, क्षेत्रीय अधिकार, फ़ॉर्मेट और वारंटी, किसी रचना को पुनः प्रकाशित करने के विशेष अधिकार के रूप में कॉपीराइट, तथा अनुबंध करने वाले पक्षों के बीच संतुलन जैसे विषयों को स्पष्ट किया गया।

### जयपुर में 11वीं क्लास की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़

## स्विमिंग कोच ने की अश्लील हरकत, मोबाइल बंद कर घर से भागा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में 11वीं क्लास की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। स्विमिंग ट्रेनिंग के दौरान अश्लील हरकतें करने का आरोप है। पिछले दो साल से नाबालिग छात्रा से आरोपी कोच ज्यादती कर रहा था। बजाज नगर थाने में नाबालिग छात्रा की मां ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच स.ाह्न (बजाज नगर) पूनम चौधरी कर रही है। **मां को बताई आपबीती** पुलिस ने बताया- बजाज नगर थाने में 16 साल की लड़की की मां ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उनकी बेटी एक प्राइवेट स्कूल में 11वीं क्लास में पढ़ती है। आरोप है कि उनकी बेटी स्विमिंग की ट्रेनिंग ले रही है। पिछले 2 साल से स्विमिंग ट्रेनिंग के दौरान आरोपी कोच छेड़छाड़ करता है। ट्रेनिंग के दौरान कोच की ओर से अश्लील हरकतें की जाती है। नाबालिग स्कूल छात्रा ने आरोपी कोच की हरकत से परेशान होकर अपनी मां को आपबीती सुनाई। इस बारे में पीड़िता की मां की ओर से कोच के खिलाफ शिकायत दी गई। **आरोपी मोबाइल स्विच ऑफ कर घर से फरार** शिकायत के बाद भी आरोपी कोच के खिलाफ प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोपी कोच ने नाबालिग छात्रा को टेनिंग देना बंद कर दिया। बजाज नगर थाना पुलिस ने शिकायत पर पोक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 4373125,8824399949 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

### बढ़ता वीआईपी कल्चर



देश के लगभग सभी स्थान पर वीआईपी कल्चर बढ़ता जा रहा है विदेश में जहां वीआईपी कल्चर लगभग नहीं के बराबर है वही हमारे देश में रोज नए-नए वी आई पी पैदा हो रहे हैं। हम आसपास की दुनिया में देखें तो राजनेताओं के परिजन और बेटे बेटी ज्यादा वी आई पी हो रहे हैं। पहले तो मंत्रियों के बेटे वी आई पी हुआ करते थे लेकिन अब तो विधायकों और पार्टी पदाधिकारी के बेटे बेटी भी वीआईपी कल्चर में रहने लगे हैं। लोकल सर्कल्स नामक एक संस्था द्वारा किए गए ऑनलाइन सर्वे में कई चौंकाने वाली बात सामने आई है 77% लोगों ने कहे कि उन्होंने पिछले 12 महीने में वीआईपी कल्चर अनुभव किया है 1924 मे यह आंकड़ा 64% पर था,जो अब 77 पर आ गया है सर्वे में 10 में से आठ लोगों ने बताया कि उन्होंने मंदिर मस्जिद जैसे पूजा स्थलो सड़कों टोल प्लाजा और सार्व जनिक व निजी आयोजनों में वीआईपी कल्चर महसूस की है सर्वे में 333 जिलों के 54000 लोगों ने जवाब दिया। सर्वे में शहरों को पांच श्रेणी में बांटा गया था जो टियर 1 ,2,3,4और5 मैं विभक्त थे, सर्वे में जिस तरह से जवाब है उसमें 44% टियर 1, 29% टियर 2, 27% टियर 3,4 और 5ओर ग्रामीण इलाके के थे।सभी से एक सवाल पूछा गया था की यात्रा के दौरान पिछले एक साल में किन-किन स्थानों पर वीआईपी कल्चर महसूस किया इसके जवाब में 81% लोगों ने सड़क और टोल टैक्स बताया 70% में एयरपोर्ट फ्लाइट में बताया 52% में ट्रेन रेलवे स्टेशन पर वीआईपी कलर होना बताया जबकि 22% ने अन्य स्थानों पर इसे माना। वीआईपी कल्चर देश में इसलिए बढ़ रही है क्योंकि वीआईपी कल्चर का फायदा हर वहैआदमी उठाना चाहता है जिसको अपने आप को वीआईपी साबित करने से लाभ होता हो।

*वैभव लोढ़ा...*

## इतिहास में आज

1597: मेवाड के महान शासक और योद्धा महाराणा प्रताप का निधन हुआ।
1966: लाल बहादुर शास्त्री के निधन के बाद इंदिरा गांधी भारत की चौथी और पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
1977: कुंभ मेले में 15 मिलियन लोगों की रिकॉर्ड भीड़ जुटी।
1990: कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों का बड़े पैमाने पर पलायन हुआ, जो एक दुखद त्रासदी थी।

*-धर्म चंद मेहता*

## क्रॉस फायर

❑सुप्रीम कोर्ट बोला विदेशी सरकारों के दबाव में नहीं, राष्ट्र हित में हो कोई भी संधि।

◆पर उस पागल ट्रंप को कौन समझाए।

❑एक्शन में नागर विमानन महानिदेशालय, इंडिगो पर ठोका 22 करोड़ का जुर्माना।

◆हड़ताल के समय तो वह सरकार का बाप बना हुआ था।

❑गणतंत्र दिवस पर आतंकी हमले का अलर्ट, दिल्ली में सुरक्षा सख्त।

◆हर 15 अगस्त 26 जनवरी को ऐसा ही माहौल बनता है।

❑ममता बनर्जी ने सीजे आई से अपील की, संविधान की रक्षा करें।

◆क्योंकि यह कोर्ट के बस की बात है।

❑राहुल गांधी बोले पानी पीकर लोग मर रहे हैं यही है हमारा अर्बन मॉडल।

◆यह सारी सरकारों के खिलाफ टिप्पणी है पर मिर्ची भाजपा को लगेगी।

❑राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में दूषित पानी से पीड़ित मरीज और परिजनों से मुलाकात की।

◆चलो कोई तो उनका दुख देखने पहुंचा।

❑मध्य प्रदेश में कांग्रेस विधायक के बिगड़े बोल खूबसूरत लड़की दिखने पर हो सकता है रेप।

◆ऐसी मानसिकता वाले की तो घूमने पर प्रतिबंध लगना चाहिए।

❑असम के मुख्यमंत्री बोले कांग्रेस ने कभी असम के विकास के बारे में नहीं सोचा।

◆क्योंकि कांग्रेस में पहले ऐसे ही लोग थे।


*.............अंजू लोढ़ा*

## आज का राशिफल

### सोमवार 19 जनवरी, 2026




**मेष राशि:** आज आप पर तनाव व चिंता हावी रहेगी। आप अपने प्रोफेशन में परिवर्तन की कामना करेंगे। पढ़ाई में रुचि की कमी रहेगी। पैरों में दर्द की वजह से अस्त-व्यस्त रहेंगे।



**वृषभ राशि:** अपने व्यवसाय को लेकर यात्रा होगी। प्रोजेक्ट के लिए नए साझेदार मिलेंगे। घर के किसी सदस्य की चिंता रहेगी। अस्वस्थता रहेगी। बकाया वसूली होगी।



**मिथुन राशि:** क्रोध रोज़ नई योजना बनती है पर चालू एक नहीं होती। परिवार में पूछ परख कम होगी। पिता के साथ आजकल अ'छी घुल-मिल रही है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। भय, चिंता तथा तनाव का माहौल खत्म होगा।



**कर्क राशि:** आज का दिन महत्वपूर्ण है। नए लोगों से जरा संभल कर मित्रता करें। किसी देव स्थान का भ्रमण संभव है। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। किसी भी विवाद से बचें।



**सिंह राशि:** दिन की शुरुआत में आलस हावी रहेगा। संतों का सान्निध्य मिलेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से बचें। अतिविश्वास हानिकर सिद्ध होगा।



**कन्या राशि:** किसी भी कीमत पर झुकना आप को पसंद नहीं है। वैवाहिक यात्रा सफल रहेगी। गृहस्थ सुख मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कार्य में बाधा संभव है।




**तुला राशि:** अपने कॅरियर को लेकर आप ईमानदार नहीं हैं। संभल जाएं। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं जो लाभ देंगे। कार्यस्थल में उन्नति होगी। निवेश आदि लाभदायक रहेंगे।



**वृश्चिक राशि:** समय के परिवर्तन से राहत महसूस करेंगे। विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। अनाज में निवेश शुभ रहेगा। सोच-विचार कर व्यापार करें अन्यथा अचानक हानि संभावित है।




**धनु राशि:** आप के हौसले से ही आप उन्नति करेंगे। नए वस्त्र की प्राप्ति संभव है। माता-पिता को अस्वस्थता रहेगी। आपसी विवाद न करें। शुभ समाचार मिल सकता है।



**मकर राशि:** कार्यस्थल पर अधिकारियों से विवाद होंगे। आपकी गलती के कारण बने बनाय काम बिगड़ सकते हैं। बातचीत से काम बन जाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।



**कुम्भ राशि:** बड़ों की बात भी मान लेनी चाहिए। पुराने मित्र-संबंधी से मुलाकात आज संभव है। मित्रों से शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा। आज कहीं से पुराना फंसा हुआ पैसा मिलने के चांस बनेंगे।



**मीन राशि:** आज किसी से भी विवाद न करें। अपने अधिकारों का गलत प्रयोग न करें। यात्रा लाभकारी रहेगी। आपकी मेहनत से उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। निवेश आदि कार्य में सफल होंगे।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट-** अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# समुद्री जीवन के रक्षक: राष्ट्रीय पेंगुइन दिवस का महत्व



सुनील कुमार महला

**हर साल 20 जनवरी को राष्ट्रीय पेंगुइन दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पेंगुइन प्रजातियों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन विशेष रूप से अंटार्कटिका में पेंगुइनों के वार्षिक प्रवास से जुड़ा है, जब वे सर्दियों के बाद अपने प्रजनन और भोजन क्षेत्रों की ओर लौटते हैं।**

यद्यपि इस दिवस की कोई आधिकारिक वार्षिक थीम नहीं घोषित होती, लेकिन इसका मूल संदेश हमेशा एक ही रहता है- 'पेंगुइनों और उनके आवास की रक्षा करें।' पेंगुइन केवल आकर्षक और प्यारे दिखने वाले जीव नहीं हैं, बल्कि छोटे कान, छोटी गर्दन और कॉम्पैक्ट शरीर वाले ये पक्षी पृथ्वी के नाजुक पर्यावरण संतुलन के महत्वपूर्ण प्रहरी माने जाते हैं। समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य के संकेतक जीव होने के कारण पेंगुइनों का संरक्षण समुद्री जीवन के लिए अनिवार्य है। दुनिया भर में पेंगुइन की लगभग 18 प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें से अधिकांश दक्षिणी गोलार्ध और अंटार्कटिका क्षेत्र में रहती हैं, जबकि कुछ प्रजातियाँ गैलापागोस द्वीप, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के अपेक्षाकृत गर्म क्षेत्रों में भी देखी जाती हैं। पेंगुइन उड़ नहीं सकते, लेकिन वे उत्कृष्ट तैराक होते हैं और पानी में तेज़ी से गोता लगाकर मछलियाँ पकड़ने में सक्षम हैं। वे जीवनभर एक ही साथी के प्रति वफादार रहते हैं और सामूहिक जीवन शैली अपनाते हैं। हालांकि, जलवायु परिवर्तन के कारण बर्फ के तेजी से पिघलने और समुद्र के तापमान में वृद्धि से उन्हें भोजन ढूंढने, अंडे देने और बच्चों को पालने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दुनिया भर में पेंगुइनों की संख्या अनुमानित रूप से 2 करोड़ से 5 करोड़ के बीच है, लेकिन गैलापागोस और अफ्रीकी पेंगुइन जैसी कई प्रजातियाँ संकट में हैं और उनकी संख्या घटकर केवल हजारों में रह गई है। भारत में पेंगुइन प्राकृतिक रूप से नहीं पाए जाते, क्योंकि भारतीय जलवायु उनके प्राकृतिक जीवन के अनुकूल नहीं है। हालांकि, संरक्षण और शिक्षा के उद्देश्य से मुंबई के वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान और ओडिशा के नंदनकानन प्राणी उद्यान में मुख्यतः हम्बोल्ट पेंगुइन रखे गए हैं। पेंगुइन का काला-सफेद 'टक्सीडो' रंग शिकारियों से बचाव के लिए प्राकृतिक सुरक्षा प्रणाली (काउंटर-शेडिंग) है। इनके पास सुप्राऑर्बिटल ग्रंथि होती है, जो समुद्री पानी का अतिरिक्त नमक शरीर से निकाल देती है। कुछ प्रजातियाँ साथी को आकर्षित करने के लिए चिकना पत्थर भेंट करती हैं, जबकि इनके मुँह में दाँत नहीं होते, लेकिन जीभ और ऊपरी हिस्से में पीछे की ओर मुड़े कँटीले उभार मछली पकड़ने में मदद करते हैं।जेंटू पेंगुइन लगभग 36 किमी प्रति घंटे की गति से तैर सकते हैं, जबकि एम्परर पेंगुइन लगभग 1,850 फीट गहराई तक गोता लगाकर 20 मिनट तक साँस रोक सकते हैं। पेंगुइन साल में एक बार 'कैटास्ट्रॉफिक मोल्ट' से गुजरते हैं, जब उनके सभी पंख झड़ जाते हैं और वे कई सप्ताह तक भोजन नहीं कर पाते। अत्यधिक ठंड के बावजूद, माइनस 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी ये जीवित रहते हैं, इसके पीछे उनके घने पंख, प्राकृतिक इंसुलेशन, विशेष ब्लड सर्कुलेशन सिस्टम और सामूहिक हडलिंग बिहेवियर का योगदान है। यहां यदि हम हडलिंग बिहेवियर की बात करें तो पेंगुइन का हडलिंग व्यवहार प्रकृति में टीमवर्क और उत्तरजीविता (सर्वाइवल) का एक बेजोड़ उदाहरण है। जब अंटार्कटिका में तापमान शून्य से काफी नीचे गिर जाता है और बर्फीली हवाएं चलती हैं, तो हजारों एम्परर पेंगुइन एक-दूसरे से सटकर एक विशाल घेरा बना लेते हैं। इस झुंड के केंद्र में तापमान इतना अधिक बढ़ जाता है कि बाहर की कड़ाके की ठंड के बावजूद अंदर मौजूद पेंगुइन खुद को पसीने जैसी गर्मी में महसूस करते हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह समूह स्थिर नहीं रहता; पेंगुइन बहुत ही धीमी गति से एक 'लहर' की तरह चलते रहते हैं, जिससे बाहर की कतार में खड़े पेंगुइन धीरे-धीरे अंदर की ओर आते हैं और अंदर वाले बाहर की ओर जाते हैं। यह निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि समूह के हर सदस्य को ठंड से बचने के लिए गर्मी मिल सके। इस सामाजिक तालमेल के बिना, अकेले रहने पर एक पेंगुइन अपनी ऊर्जा बहुत जल्दी खो देता और उसके जीवित रहने की संभावना न के बराबर होती।बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि अंटार्कटिका में केवल एम्परर और एडेली पेंगुइन पाए जाते हैं, जबकि चिनस्ट्रैप, जेंटू और मैकरोनी पेंगुइन अंटार्कटिक प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में प्रजनन करते हैं। किंग पेंगुइन उप-अंटार्कटिक द्वीपों में पाए जाते हैं और गैलापागोस पेंगुइन भूमध्य रेखा के पास रहने वाली एकमात्र प्रजाति है।

**निष्कर्षतः,** राष्ट्रीय पेंगुइन दिवस हमें यह याद दिलाता है कि पेंगुइन जैसे संवेदनशील और अद्भुत पक्षियों का संरक्षण केवल एक प्रजाति की रक्षा नहीं है, बल्कि समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र, जैव-विविधता और पृथ्वी के प्राकृतिक संतुलन को बचाने की वैश्विक जिम्मेदारी भी है।

# रासायनिक उर्वरकों का बढ़ता जाल: क्या अब बड़े सुधारों का समय आ गया है?

पद्मश्री राम सरन वर्मा

भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहाँ की एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए सीधे तौर पर खेती पर निर्भर है।देश की बढ़ती खाद्य माँग को पूरा करने के उद्देश्य से पिछले कई दशकों से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग निरंतर बढ़ाया गया है।शुरुआती दौर में इन उर्वरकों ने उत्पादन बढ़ाने में निश्चित रूप से मदद की, लेकिन आज इनके अंधाधुंध और अनियंत्रित उपयोग के कारण कृषि, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर संकट मंडराने लगा है।

**उर्वरकों की खपत के भयावह आंकड़े-** देश में रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग का अंदाज़ा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2018-2019 में जहाँ 115 करोड़ बैग की खपत हुई थी, वहीं 2024-25 के दौरान यह आंकड़ा 150 करोड़ बैग को पार कर गया है।गौर करने वाली बात यह है कि भारत की जनसंख्या लगभग 143 करोड़ है, जबकि उर्वरकों की खपत 150 करोड़ बैग से भी अधिक हो चुकी है।यह असंतुलन न केवल चिंताजनक है, बल्कि भविष्य के लिए एक बड़े खतरे का संकेत भी है।

**सेहत और मिट्टी पर दोहरी मार-**रासायनिक उर्वरकों का असर अब हमारे थाल तक पहुँच चुका है।गेहूँ, चावल, दालें, सब्जियाँ, फल और यहाँ तक कि दूध, दही और घी भी इनके रसायनों से अछूते नहीं रहे हैं।इसके परिणामस्वरूप देश में कैंसर, हृदय घात, एलर्जी और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों के मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। खेतों की स्थिति भी कम सोचनीय नहीं है। नियमानुसार, उर्वरकों का उपयोग केवल पौधों की जड़ों के पास होना चाहिए, लेकिन पूरे खेत में इनके छिड़काव से खरपतवार की समस्या बढ़ जाती है।इस खरपतवार को खत्म करने के लिए फिर भारी मात्रा में खरपतवार-नाशक दवाओं का उपयोग होता है, जो मिट्टी की उर्वरता को नष्ट कर देती हैं।मिट्टी की खोई हुई शक्ति वापस पाने के लिए किसान और अधिक खाद डालता है, और यह दुष्चक्र हर साल मिट्टी को और अधिक बंजर बनाता जा रहा है।

**अर्थव्यवस्था पर बोझ और कालाबाजारी-** उर्वरक क्षेत्र में बढ़ता निवेश देश की अर्थव्यवस्था पर भी भारी पड़ रहा है।वर्तमान में देश में प्रतिवर्ष लगभग 3 लाख करोड़ रुपये (सब्सिडी सहित) के रासायनिक उर्वरकों का उपयोग हो रहा है।विडंबना यह है कि हमारा उर्वरक उद्योग 80 प्रतिशत तक विदेशी कच्चे माल या आयातित उर्वरकों पर निर्भर है।कुल 3 लाख करोड़ रुपये में से 2.5 लाख करोड़ रुपये केवल आयात में खर्च हो जाते हैं।इस प्रकार, एक ओर हमारी भूमि बंजर हो रही है, तो दूसरी ओर देश की बड़ी पूंजी विदेशों में जा रही है। सरकार किसानों के कल्याण के लिए भारी सब्सिडी दे रही है।पिछले 10 वर्षों में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी प्रदान की गई है।

इसी सब्सिडी के कारण 40 रुपये प्रति किलो वाली यूरिया खाद किसानों को 6 रुपये प्रति किलो से भी कम दाम पर उपलब्ध है।स्थिति यह है कि यूरिया आज पशुओं के चारे से भी सस्ता हो गया है।सरकार 85 से 90 प्रतिशत तक सब्सिडी देती है ताकि किसानों को यूरिया एक चाय के कप से भी कम कीमत पर मिले।लेकिन इसी कम कीमत का लाभ उठाकर बिचौलिए इसकी कालाबाजारी करते हैं और कृषि के बजाय इसका उपयोग प्लाईवुड कारखानों, कैटल फीड और मिलावटी दूध बनाने में कर रहे हैं।

**सुधार की राह और समाधान-** इस संकट से उबरने के लिए अब ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।पहले खेतों से निकलने वाले अवशेषों का उपयोग जैविक खाद के रूप में होता था, जिससे मिट्टी का 'जैविक कार्बन' बना रहता था।आज इन अवशेषों को बेचने से किसानों को कुछ लाभ तो होता है, लेकिन वह रासायनिक उर्वरकों की वास्तविक लागत के मुकाबले बहुत कम है। सरकार को चाहिए कि वह रासायनिक उर्वरकों के बैग का वजन कम कर उसकी जगह जैविक खाद के विकल्प उपलब्ध कराए।साथ ही, अत्यधिक उर्वरक उपयोग वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष निगरानी दल गठित किए जाने चाहिए।

### धरती की सेहत सुधारने के लिए जरूरी सुझाव:

**1.हरी खाद का अधिक इस्तेमाल:** जिस तरह शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग आवश्यक है, उसी तरह से मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए हरी खाद अनिवार्य है।

**2.पौधों का विकास:** जैविक खाद के प्रयोग से पौधों की जड़ों को फैलने और गहराई तक जाने का पर्याप्त अवसर मिलता है।

**3.वैज्ञानिक फसल चक्र:**एक ही तरह की फसल बार-बार उगाने के बजाय फसल चक्र बदलें।जैसे दलहनी फसलें जमीन के गहरे स्तर से पोषक तत्व लेती हैं, जबकि गेहूं और धान ऊपरी सतह से।

**4.उन्नत सिंचाई तकनीक:**ड्रिप इरिगेशन (टपक सिंचाई) अपनाएं और खेती से पहले भूमि को समतल करें।इससे पानी की बचत होगी और उर्वरक सीधे पौधों पर कारगर तरीके से काम करेंगे।

**5.यूरिया का कुशल उपयोग:** यूरिया का छिड़काव शाम के समय अधिक प्रभावी होता है, जिससे कम खाद में बेहतर परिणाम मिलते हैं।

**6.पशुधन और जैविक संतुलन:** पशुपालन को बढ़ावा दें ताकि गोबर की खाद का उपयोग बढ़े।इससे उत्पादन क्षमता दीर्घकालिक बनी रहेगी और मिट्टी को भी विश्राम मिलेगा।

यदि हमने आज मिट्टी नहीं बचाई, तो हमारा भविष्य भी सुरक्षित नहीं रहेगा। समय आ गया है कि हम रसायनों के इस मोह को छोड़कर प्रकृति की ओर लौटें।

# दुनिया में हर 8वां शख्स मोटापे से जूझ रहा है



बाल मुकुन्द ओझा

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक, हर साल 28 लाख मौतें मोटापे से होती हैं। रिपोर्ट कहती है कि दुनिया में हर 8वां शख्स मोटापे से जूझ रहा है। यह बीमारी इतनी तेजी से बढ़ रही है कि ड्ड॥ह्न इसे एपिडेमिक मान रहा है। मोटापा कार्डियोवस्कुलर डिजीज और कैंसर जैसी कई गंभीर बीमारियों के लिए रास्ता तैयार करता है। मेडिकल जर्नल द लांसेट में प्रकाशित एक स्टडी में यह सामने आया है कि भारत में 2022 में लगभग 1.25 करोड़ बच्चे और किशोर मोटापे का शिकार बने। इन बच्चों और किशोरों की उम्र 5 साल से ज्यादा और 20 साल से कम है। यूनिसेफ की एक ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक बच्चों और युवाओं को अब कुपोषण के स्थान पर मोटापा ने जकड़ लिया है, जिसके दुष्परिणामों से पूरी दुनिया चिंतित है। यूनिसेफ ने अपनी एक रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि मोटापा ने कुपोषण को पीछे छोड़ दिया है। कम वज़न का स्थान मोटापा ने ले लिया है। मोटापा के कारण डायबिटीज, ह्रदय रोग और कैंसर जैसी असाध्य बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

रिपोर्ट में 2035 तक मोटापे को बड़ी चुनौती बताई गई है। आज दुनियाभर में दस में से एक बच्चा या किशोर मोटापे का शिकार है। विश्व मोटापा एटलस2024 के अनुमानों के मुताबिक 2035 तक लगभग 330 करोड़ व्यस्क मोटापे से ग्रस्त होंगे। साथ ही 5 से 19 साल की आयु सीमा के 77 करोड़ से अधिक किशोर और युवाओं को मोटापा घेर लेगा। भारत की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक 2022 तक सवा सात प्रतिशत से अधिक व्यस्क मोटापे की चपेट में थे। नेशनल फैमिली हेल्थ और मेडिकल पत्रिका लेसेन्ट आदि के अनेक प्रमाणिक सर्वेक्षणों में भी कहा गया है कि हमारे देश में पेट के मोटापे की समस्या सर्वाधिक है। यह समस्या महिलाओं में 40 और पुरुषों में 12 प्रतिशत पाई गई है। स्वास्थ्य के प्रति इस गंभीर खतरें को हमने समय रहते सख्ती से नहीं रोका तो यह देश में नशे से भी अधिक भयावह स्थिति उत्पन्न कर देगा और इसके जिम्मेदार केवल केवल हम ही होंगे। आयातित और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अत्यधिक सेवन ने देश के नौनिहालों से लेकर किशोर, युवा और बुजुर्ग तक को अपने आगोश में ले लिया है। इसके फलस्वरूप देश और दुनियाभर में मोटापे की समस्या गंभीर रूप से उत्पन्न हो गई है। विशेषकर वयस्क आबादी इसकी चपेट में आ गई है। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को हानिकारक इसलिए माना जाता है क्योंकि इनमें स्वाद और स्वाद को बेहतर बनाने के लिए बहुत सारे कृत्रिम योजक या रसायन होते हैं। आप प्रत्येक पैकेज के पीछे लगे लेबल को पढ़कर किसी विशेष खाद्य उत्पाद को बनाने में प्रयुक्त सामग्री की पहचान कर सकते हैं। भारत की बात करे तो हमारते यहां मोटापा बड़ी समस्या बन गया है। शरीर में जब एक्स्ट्रा फैट जमा हो जाता है, तब यह मोटापे का रूप ले लेता है।

यही मोटापा लोगों को कम उम्र में ही बीमारियों का मरीज बना देता है। मोटापे की बीमारी फिजिकल हेल्थ के साथ-साथ मेंटल हेल्थ पर भी असर डालती है। हमारे देश में मोटापे की समस्या हर उम्र के लोगों में फैल रही है और मोटापे के कारण ही अन्य लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। स्वास्थ्य संगठनों और चिकित्सकों का मानना है पिछले कुछ वर्षों से आयातित और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अत्यधिक सेवन ने देश के नौनिहालों से लेकर किशोर, युवा और बुजुर्ग तक को अपने आगोश में ले लिया है। इसके फलस्वरूप देश और दुनियाभर में मोटापे की समस्या गंभीर रूप से उत्पन्न हो गई है। विशेषकर वयस्क आबादी इसकी चपेट में आ गई है। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को हानिकारक इसलिए माना जाता है क्योंकि इनमें स्वाद और स्वाद को बेहतर बनाने के लिए बहुत सारे कृत्रिम योजक या रसायन होते हैं। आप प्रत्येक पैकेज के पीछे लगे लेबल को पढ़कर किसी विशेष खाद्य उत्पाद को बनाने में प्रयुक्त सामग्री की पहचान कर सकते हैं।

एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत एक स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है, जिसमें कुल रोगों का 56.4 प्रतिशत हिस्सा असंतुलित आहार के कारण है। अनहेल्दी खाने की आदतें, जिनमें नमक, चीनी और वसा से भरपूर प्रोसेस्ड फूड का सेवन शामिल है, फास्ट-फूड चेन और पैकेज्डस्नैक्स की आसान उपलब्धता के कारण यह आदतें तेजी से बढ़ रही हैं। देश में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। मोटापे की वजह से डायबिटीज और ह्रदय रोग जैसी बीमारियों का रिस्क बढ़ रहा है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि इस समस्या के बीच मुझे इस बात का भी संतोष है कि आज देश फिट इंडिया मुवमेंट के माध्यम से फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए जागरूक हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोटापा दूर करने के लिए अपने खाने में अनहेल्दी फैट और तेल को थोड़ा कम करें।

# मेडिकल पीजी में 0 पर्सेंटाइल पर प्रवेश से अध्ययन गुणवत्ता पर उठते सवाल



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

इससे अधिक दुर्भाग्य की बात क्या होगी कि जिस संस्था की जिम्मेदारी ही मेडिकल शिक्षा में गुणवत्ता कायम रखने की हो वही शिक्षा की गुणवत्ता के साथ समझौता करने लग जाएं। जी हां, बात भारतीय चिकित्सा आयोग और मेडिकल स्नातकोत्तर अध्ययन की है। भारतीय चिकित्सा आयोग की सिफारिश पर केन्द्र सरकार ने मेडिकल के स्नातकोत्तर अध्ययन में प्रवेश के लिए अनिवार्य अहर्ता सामान्य के लिए 50 पर्सेंटाइल और आरक्षित वर्ग के लिए 40 पर्सेंटाइल को कम कर 50 से 7 पर्सेंटाइल और 40 से शून्य पर्सेंटाइल पर उच्च अध्ययन के लिए प्रवेश का निर्णय कर लिया है। सवाल सीधा सा यह है कि 18 हजार सीटें खाली रहना महत्वपूर्ण है या लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ का लाइसेंस देना महत्वपूर्ण। मेडिकल शिक्षा कोई सामान्य शिक्षा नहीं है और यह सीधे सीधे लोगों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा विषय है।

मेडिकल में उच्च अध्ययन के लिए पर्सेंटाइल की जो योग्यता निर्धारित की गई वह निश्चित रुप से उच्च अध्ययन के स्तर को बनाए रखने के लिए ही तय की गई होगी। अब केवल और केवल 18 हजार सीटे खाली रह जाने के कारण सात या शून्य पर्सेंटाइल वाले को भी प्रवेश देने का निर्णय किया जा रहा है तो फिर मेडिकल शिक्षा के माध्यम से हम किस तरह के नए विशेषज्ञ तैयार करने जा रहे हैं यह अपने आप में चिंता का कारण तो हो ही जाता है। इसके साथ ही उच्च स्तर पर मेडिकल शिक्षा के प्रति कितनी गंभीरता है यह साफ हो जाती है और तो और जब शून्य पर्सेंटाइल वालों को जो कि इसके लिए निर्धारित योग्यता से कोसों दूर हों उन्हें जीवन से खिलवाड़ करने का लाइसेंस देने का निर्णय किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह अवश्य संतोष की बात है कि फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने सरकार के इस निर्णय की खिलाफत करने की हिम्मत दिखाई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में मेडिकल सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार ने योजनावद्ध तरीके से काम किया है। देश में एम्स सहित सरकारी व निजी क्षेत्रों में मेडिकल शिक्षा संस्थानों और चिकित्सा संस्थानों का विस्तार किया गया है। देश में यदि मेडिकल क्षेत्र में पीजी की ही बात की जाए तो 80 हजार से अधिक सीटें हो गई है। अब इसे शिक्षा का गिरता स्तर माना जाएं या अन्य कारण कि पीजी की 80 हजार के लगभग में से 18 हजार के करीब सीटें खाली रह जाती है। इसका कारण अन्य कुछ नही होकर पीजी अध्ययन के इच्छुक युवा चिकित्सकों में से बड़ी संख्या में चिकित्सक सामान्य अहर्ता 50 व 40 पर्सेंटाइल की योग्यता ही पूरी नहीं कर पाते। मजे की बात यह है कि हालात यहां तक बिगड गए हैं या स्तर की गिरावट को इसी से समझा जा सकता है कि पीजी में प्रवेश के लिए जीरो पर्सेंटाइल तक पर एडमिशन का निर्णय करना पड रहा है। सरकार या संस्थानों ने इसके लिए शिक्षा के स्तर में सुधार की आवश्यकता के स्थान पर न्यूनतम योग्यता में कमी करने की बात करने लगे है। हद तो यह हो गई कि एक दो प्रतिशत की कमी होती तो फिर भी समझ में आता पर यहां तो 50 से सीधे 7 पर्सेंटाइल और 40 से सीधे शून्य पर्सेंटाइल पर प्रवेष का निर्णय किया गया है। कल्पनीय बात यह है कि यदि कोई आरक्षित वर्ग का है और उसने प्रवेश परीक्षा के समय केवल अपना नाम पता ही लिख कर आ गया होगा तो उसे प्रवेश मिल जाएगा। इसी तरह से सामान्य वर्ग का है और गलती से एक आध प्रश्न करके सात प्रतिशत पर्सेंटाइल ले आया होगा तो उसका प्रवेश हो जाएगा।

अब इससे समझा जा सकता है कि मेडिकल जैसे अध्ययन में किस तरह से गुणवत्ता और योग्य विशेषज्ञ तैयार करने के लिए सारी गुणवत्ता को ताक पर रखा जा रहा है। भारतीय चिकित्सा आयोग की सिफारिश के पीछे प्रमुख कारण 80 हजार में से 18 हजार सीटें खाली रह जाना है। अब सवाल यह है कि जिस आयोग की जिम्मेदारी ही गुणवत्तापूर्ण मेडिकल चिकित्सा सुनिश्चित करना हो वह गुणवत्ता से समझौता करने के लिए केवल इसलिए तैयार हो रहा है कि सरकार निजी मेडिकल कालेजों में 18 हजार सीटें खाली रहने से इन संस्थानों को आर्थिक हानि से गुजरना होगा। सवाल यह भी है कि 50 से सीधे 7 और 40 से सीधे 0 पर आने का मतलब साफ है कि सात और शून्य पर्सेंटाइल करने से ही यह सीटें भर सकेगी। सौ टके का सवाल यह है कि आयोग को चिकित्सा की गुणवत्ता की चिंता है या कालेजों की खाली रही सीटों को भरने की है। फिर तो प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का भी कोई मायना नहीं रह जाता।

# द्वितीय-त्रैमासिक वर्कशॉप क्लस्टर्ड जजशिप का आयोजन

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान रा%य %यूडिशियल एकेडमी जोधपुर के तत्वावधान में 18 जनवरी को भरतपुर, डीग, करौली, धौलपुर की संयुक्त द्वितीय त्रैमासिक वर्कशॉप का आयोजन न्यायाधिपति डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह भाटी राजस्थान उ%च न्यायालय, जोधपुर के मुख्य आतिथ्य में ए.डी.आर सेंटर जिला न्यायालय परिसर, भरतपुर में किया गया। उक्त वर्कशॉप में बलजीत सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश भरतपुर, संजीव मागो, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, धौलपुर, माधवी दिनकर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, करौली एवं हेमराज गौड, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डीग सहित चारों क्लस्टर्ड जजशिप भरतपुर, डीग, करौली व धौलपुर के सभी न्यायिक अधिकारियों ने भाग लिया।

वर्कशॉप में न्यायाधिपति के मार्गदर्शन में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के जरिए में आए नवीनतम विधिक बदलाव एवं पुराने अधिनियमों से तुलनात्मक विश्लेषण तथा दीवानी विविध आवेदन अंतर्गत आदेश 7 नियम 11 सीपीसी, आदेश 1 नियम 10 सीपीसी, आदेश 38 नियम 4 व 5 सीपीसी, आदेश 14 नियम 2 सीपीसी के साथ साथ एप्लीकेशन ऑफलीव टू डिफेन्ड जैसे विषयों पर गहन विचार विमर्श किया गया। न्यायधिपति द्वारा सभी न्यायिक अधिकारियों की समस्याओं का निवारण कर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विचार-विमर्श के दौरान खुले सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित आए समस्त न्यायक्षेत्रों के न्यायिक अधिकारियों द्वारा उक्त आपराधिक व दीवानी विधियों पर अपने विचार एवं अनुभव साझा किए गए।



## भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के आगमन पर स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन



**गंगापुर सिटी (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के आगमन पर स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत (राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री) के साथ राज्य मंत्री प्रहलाद रॉय टॉक तथा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मदन प्रजापत का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं, साफा और सम्मान चिह्नों के साथ अतिथियों का अभिनन्दन किया। भाजपा के स्थानीय नेता-कार्यकर्ता, सदस्य तथा समर्थक इस स्वागत समारोह में उपस्थित रहे और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उत्साह व्यक्त किया। इस कार्यक्रम से क्षेत्र में भाजपा संगठन की सक्रियता और स्थानीय नेतृत्व की एकजुटता का संदेश मिला, तथा पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच सकारात्मक संवाद और सहयोग का वातावरण देखा गया। इस अवसर पर सभापति शिवरतन अग्रवाल, जिला मोर्चा संयोजक जमना लाल वैष्णव, शहर मण्डल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, पूर्व जिला महामंत्री मनोज बंसल, रामभरोसी वैष्णव, घासी लाल गुर्जर, गिरधारी सोनी, हरिकेश गुर्जर, गोविन्द नारायण महावर, मुकेश बंजारा, राजू हवीवपुर, रघुनाथ गुर्जर, चिरंजी लोधा, ओमप्रकाश डांगयाच, गोपाल गर्ग, मोहन ठेकेदार, विकास सैनी, मनीष सिराधना, समस्त गोशाला के अध्यक्ष पदाधिकारी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दिनेश सुरोलिया बने सर्व ब्राह्मण एकता मंच के मुकुंदगढ़ नगर अध्यक्ष



**मुकुंदगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** दिनेश सुरोलिया को सर्व ब्राह्मण एकता मंच का मुकुंदगढ़ नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मंच के राष्ट्रीय संयोजक अशोक शर्मा,सहसंयोजक अनिल जैमन एवं युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा की अनुशंसा पर सुरोलिया की नियुक्ति की गई है। दिनेश सुरोलिया की नियुक्ति पर समाज के अमित शर्मा,मनोज सहल ,जिला उपाध्यक्ष भरत शर्मा,गौरव माटोलिया,डॉ संजय शर्मा,लक्ष्मीकांत शर्मा,राघवेंद्र पाराशर,शंभूदयाल जोशी एवं मीडिया प्रभारी जुगल किशोर शास्त्री ने प्रसन्नता जताते हुए बधाई दी है।

# आर्य समाज में मना पौष बड़ा व मधुर भजनों के साथ मकर संक्रांति पर्व

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** आर्यसमाज बयाना में रविवार18जनवरी को मकर संक्रांति पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ की ब्रह्मा आचार्या हेमलता शास्त्री द्वारा पवित्र अग्निहोत्र से कराया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान गोविन्द आर्य एवं सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर वेद ऋचाओं से पवित्र आहुतियां प्रदान देकर की। मंच का संचालन सुनैयना आर्य ने की। यज्ञ के पश्चात राधा आर्य व दामोदर आर्य द्वारा भजनों का आयोजन भी रखा। धर्मेंद्र आर्य ने अपने उद्बोधन में रोचक जानकारी के साथ बताया कि मकर संक्रांति पर्व जिसका दूसरा नाम उत्तरायण है यह सूर्य के उत्तरायण होने के कारण मनाया जाता है। सूर्य प्रकाश व ऊर्जा का प्रतीक है अतः इसके उत्तरायण होने पर मनुष्यों में ही नहीं बल्कि पशु पक्षियों में भी अधिक उल्लास व न?ई ऊर्जा का अनुभव होता है। ऋतु परिवर्तन के कारण इस पर्व पर कुछ विशेष पकवान जैसे तिल व गुड़ के बने व्यंजनो के खाने का महत्व भी बताया। कार्यक्रम के अन्त में पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया। जिसकी प्रसादी उपस्थित सभी महिला, पुरुषों एवं बच्चों में प्रेम पूर्वक बांटी गई। कार्यक्रम में बाबूलाल रावत,कमल आर्य,दयानंद आर्य, अनिल लोहिया,परमसुख आर्य,आनंद आर्य,ऊषा गुप्ता,सुधा लोहिया,कमलेश आर्या,गीता आर्या,कान्ता मित्तल,सुषमा सिंघल,पूजा आर्या,भावना आर्या आदि आर्यजन लोग मौजूद रहे।



## विधायक रितु बनावत और बीजेपी के पूर्व विधायक में कहासुनी, भाषण देने को लेकर हुआ विवाद, पुलिसकर्मियों ने करवाया बीच बचाव

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रूपवास में रविवार को बसंत पशु मेला प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ।

इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व बीजेपी विधायक ब%चू सिंह बंसीवाल और निर्दलीय विधायक ग तु बनावत के बीच भाषण देने को लेकर कहासुनी हो गई। जिसको पुलिसकर्मियों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने दोनों को शांत करवाया। बसंत पशु मेला प्रदर्शनी उद्घाटन के दौरान बीजेपी के पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंसीवाल ने बताया कि आज उद्घाटन कार्यक्रम में निर्दलीय विधायक गतु बनावत को मुख्य अतिथि बनाया गया था। साथ ही पूर्व कांग्रेस विधायक अमर सिंह और बीजेपी के पूर्व विधायक विशिष्ट अतिथि थे। इसके अलावा मंच पर बीजेपी कार्यकर्ता भी मौजूद थे। बसंत पंचमी मेले का आयोजन चल रहा था तो ग तु बनावत चाहती थी कि सबसे पहले ब%चू बंसीवाल भाषण दें। उसके बाद पूर्व कांग्रेस विधायक अमर सिंह भाषण दें और आखिरी में खुद निर्दलीय विधायक ग त बनावत भाषण दें । तब बीजेपी के पूर्व विधायक ने सबसे पहले भाषण देने को मना किया। इतने में ग तु बनावत के ग षि बंसल बीच में बोले तब ब%चू बंसीवाल और गतु बनावत ग षि बंसल में कहासुनी हो गई। दोनों में कहासुनी को देख मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने और पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दोनों में बीच बचाव करवाया।

## लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स द्वारा गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में 250 कंबलों का वितरण

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स द्वारा कड़ाके की सर्दी में निर्धन असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से गिरिराज धरण गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में 250 ऊनी कंबलों का वितरण किया गया। इस सेवा प्रकल्प का मुख्य उद्देश्य परिक्रमा मार्ग पर निवास करने वाले मजदूरों भिक्षुओं एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव हेतु सहयोग प्रदान करना रहा।

## नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दो खिलाडी लेंगे भाग

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** इंडियन एमे%योर बॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में राजस्थान एमे%योर बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा उदयपुर में 20 से 24 जनवरी तक आयोजित राणा सांगा ट्रॉफ ी जूनियर एवं यूथ बॉयज एवं गर्ल्स ओपन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भरतपुर जिले के दो बॉक्सर जूनियर आयु वर्ग में कपिल कुमार शास्त्री नगर 48 भार वर्ग में एवं क्षैतिज शर्मा निवासी सामई खेड़ा 54 भार वर्ग में राजस्थान रा%य का नेतृत्व करेंगे। बॉक्सिंग कोच इंजीनियर घमंडीसिंह ने बताया कि भरतपुर जिले के दो बॉक्सर राणा सांगा ट्रॉफी में अपने मुक्के का दम दिखाएंगे जो कि भरतपुर जिले के लिए बड़ी ही गर्व की बात है। इस राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में देश भर के 350 से %यादा मुक्केबाज शामिल हो रहे हैं। इस बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान एमे%योर बॉक्सिंग एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ दीपेंद्र सिंह चौहान एवं सचिव डॉ हेमराज चौधरी के नेतृत्व में किया जा रहा है जिसमें इंडियन एमे%योर बॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा एवं महासचिव राकेश ठाकरान मौजूद रहेंगे।



## मानव विकास सेवा समिति द्वारा स्कूल व मां-बाडी केंद्र के बालकों को स्वेटर वितरण

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** मानव विकास सेवा समिति का सराहनीय कार्य - विराट मीणा। मानव विकास सेवा समिति नटाटा द्वारा सर्दी से बचाव के लिए विद्यालय व मां- बाडी केंद्र के बालकों को स्वेटर वितरण किया गया। स्वेटर पाकर बालकों के चेहरे खिल उठे। समिति अध्यक्ष हरसहाय मीणा ने बताया की समिति द्वारा सर्दी के मौसम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नटाटा, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अजबगढ उर्फ हाडी का बास, राजकीय प्राथमिक विद्यालय करेला की ढाणी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बागडों की ढाणी व मां- बाडी केंद्र सिंगलो की ढाणी नटाटा में बालकों को सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर वितरण किया गया। स्वेटर पाकर बालकों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर समाजवादी एवं युवा नेता विराट मीणा ने बताया की मानव विकास सेवा समिति का यह कार्य अत्यंत ही सराहनीय और काबिले तारीफ है तथा इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी।

## जिला ओलंपिक संघ की एजीएम बैठक सम्पन्न, संशोधित नवीन कार्यकारिणी का गठन

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान रा%य ओलंपिक संघ जयपुर एवं राजस्थान रा%य क्रीडा परिषद जयपुर तथा भारत सरकार के नवीन स्पोर्टस एक्ट खेल अधिनियम 2025 की अनुपालना में जिला ओलंपिक संघ भरतपुर के संविधान में नवीन संविधान संशोधन करने हेतु जिला ओलंपिक संघ की वार्षिक साधारण सभा की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें भरतपुर जिला ओलंपिक संघ की संशोधित नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से उपस्थित खेल संघों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की मौजूदगी में किया गया। वार्षिक साधारण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न पदों एवं कमीशन एसोसियेट खिलाड़ियों का मनोनयन नये विधान अधिनियम के अनुसार किया गया। बैठक में जिले के खेलों के संपूर्ण विकास के लिये विस्तृत चर्चा कर निर्णय लिये गये। जिले के अर्जुन अवार्डी रूद्राक्ष खण्डेलवाल, उत्कृष्ट खिलाड़ी एवं राशि से सम्मानित क्रिकेट खिलाड़ी कार्तिक शर्मा तथा विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान समारोह करने का फैसला किया गया। हर वर्ष ओलंपिक डे पर उभरती हुई प्रतिभाओं का सम्मान, सत्र 2026 में यूथ ओलंपिक खेल मेले का आयोजन करने का निर्णय लिया गया, साथ ही सभी खेल संघों से जिला ओलंपिक संघ को अपनी सम्बद्धता शुल्क जमा कराने के लिये भी निर्देशित किया गया।



# तिलक नगर बस्ती का हिंदू सम्मेलन 1 फरवरी को

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संपूर्ण देश में हिंदू सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं इसी क्रम में तिलक नगर बस्ती का हिंदू सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। जिसकी तैयारी को लेकर तिलक नगर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यों ने शिशुपाल लवानिया को सर्वसम्मति से हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक की अध्यक्षता शिशुपाल लवानिया ने की। बैठक में मुख्य अतिथि स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक भागीरथ सिंह रहे तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह सौरव एवं संत हर प्रसाद रहे। बैठक में हिंदू सम्मेलन की तैयारी की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया । मुख्य अतिथि भागीरथ सिंह ने हिंदू सम्मेलन को भव्य बनाने के दिशा निर्देश प्रदान किए। हिंदू सम्मेलन के मीडिया प्रमुख डॉ वीरेंद्र पचौरी ने बताया कि तिलक नगर बस्ती का विशाल हिंदू सम्मेलन 1 फरवरी को हीरा दास स्थित एक मैरिज होम में आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी जाति एवं समुदायों के नागरिक एवं विद्यालयों के छात्र.छात्राएं उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन पार्षद सुंदर सिंह ने किया। बैठक में गोपाल गुप्ता छिददा सिंह जादौन मानसिंह चौधरी सचिन सिंह गुर्जर प्रहलाद सिंह एडवोकेट ठाकुर विजेंद्र सिंह सेन उधम सिंह बदन सिंह डागुर सुखदेव सिंह दुष्यंत शर्मा हुकम सिंह बृजेश फ ौजी साहब सिंह ओम प्रकाश कुंतल भीम सिंह विजय सिंह वीरपाल सिंह रघुवीर सिंह राजेश शर्मा बांके बिहारी आदि नागरिक उपस्थित रहे।



## एक नजर

### दो परिवार की महिलाओं में चले लाठी-डंडे हुआ पथराव, लकड़ी रखने जगह को लेकर विवाद में पांच घायल एक जिला अस्पताल रेफर

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना थाना क्षेत्र के गांव मुआवली में रविवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में हिंसक मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों पक्ष लाठी-डंडे लेकर आ गए। बाद में विवाद पथराव तक पहुंच गया। जिसमें कुल 5 लोग घायल हो गए। अस्पताल में घायल लोगों ने बताया की ये विवाद घरेलू ईंधन के लिए लकड़ियां रखने की जगह को लेकर निर्भय गुर्जर पुत्र भंवर और गिर्राज गुर्जर पुत्र शंकर पक्ष की महिलाओं के बीच कहासुनी से शुरू हुआ। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के पुरुष घरों से लाठी-डंडे लेकर बाहर आ गए, जिसके बाद पथराव भी शुरू हो गया। झगड़े में एक पक्ष से गिर्राज गुर्जर (62) और दूसरे पक्ष से निर्भय सिंह (54), भरत सिंह (44), निरंजन (35) और शत्रुघ्न (27) घायल हुए हैं। सभी घायलों को बयाना उप जिला अस्पताल ले जाया गया। गिर्राज गुर्जर के सिर में गंभीर चोट आने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची और घायलों से घटना के संबंध में जानकारी ली। फिलहाल, किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस का कहना है कि घायलों से मिली जानकारी के आधार पर और रिपोर्ट दर्ज होने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आज जिलेभर में मनाया जाएगा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस : डॉ. नवनीत शर्मा

**हनुमानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किया जाने वाला प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस (पीएमएसएमए) सत्र इस बार राजकीय अवकाश के चलते सोमवार 19 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की व्यापक जांच की जाएगी तथा उन्हें गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान होने वाले जोखिमों को कम करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा प्रत्येक माह की 9, 18 एवं 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जाता है। संबंधित तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में यह सत्र आगामी कार्य दिवस में आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में इस बार यह सत्र सोमवार को आयोजित किया जा रहा है। डॉ. शर्मा ने बताया कि सत्र के दौरान जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व एवं सुरक्षित प्रसव से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन, एचआईवी, ब्लड प्रेशर, तापमान, हृदय जांच सहित प्रसव से जुड़ी संभावित जटिलताओं की जांच की जाएगी। इसके अलावा आमजन को निमोनिया के सम्बन्ध में जानकारी दी जाएगी।

### खैरथल महाविद्यालय के पाँच युवा माई भारत यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम में चयनित



**पश्चिमी राजस्थान की संस्कृति से रूबरू होंगे खैरथल महाविद्यालय के युवा**

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय महाविद्यालय खैरथल में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े पाँच स्वयंसेवकों का अंतरजिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के लिए चयन हुआ है। प्राचार्य डॉ. नीतू जेवरिया ने बताया कि महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के माध्यम से आयोजित विविध कार्यक्रमों से युवाओं में भारतीय संस्कृति की व्यपक समझ विकसित करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में माई भारत विभाग की ओर से सीमांत जिलों के युवाओं में सांस्कृतिक चेतना के आदान-प्रदान हेतु आयोजित यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम में खैरथल महाविद्यालय के बी ए तृतीय वर्ष के युवा रजनदीप कौर, कुशाल जाटव, बबलू सिंह, निकिता तथा बी ए द्वितीय वर्ष की छात्रा मनीषा का चयन बाड़मेर जिले में आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हुआ है। कार्यक्रम अधिकारी साक्षी जैन ने बताया कि इस यात्रा के दौरान महाविद्यालय के युवा भारत के सीमावर्ती गाँवों का भ्रमण करेंगे तथा राजस्थान की विविधरूपा संस्कृति तथा राजस्थान की ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति भी सकारात्मक चेतना का विकास करेंगे।

### ऑडी से 16-लोगों को रौंदने वाला भाग गया था हरिद्वार

# भेड़ चराने वालों से खाना मांगकर खाया, पैसे खत्म होने पर जयपुर लौटा तो पकड़ा गया

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में ऑडी से 16 लोगों को रौंदने वाले मुख्य आरोपी (ड्राइवर) दिनेश रणवा (32) को पुलिस ने रविवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर 25 हजार का इनाम रखा गया था। पत्रकार कॉलोनी थाना पुलिस ने रिंग रोड पर चलाए सर्च ऑपरेशन में फरार आरोपी को पकड़ा। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया- घटना के अगले दिन वह गोनेर से पैदल भाग गया था। रिंग रोड के साइड में कैमरों से बचते हुए पैदल चलता रहा। करीब 7-8 घंटे चलने के बाद जंगल में जाकर झाड़ियों में थक कर रुक गया। आस-पास भेड़ चराने वालों से मांगकर खाना खाया और रात को उनके पास ही सो गया। उसके बाद एक ट्रक ड्राइवर से लिफ्ट लेकर करनाल (हरियाणा) और वहां से हरिद्वार चला गया। पैसे खत्म होने पर वापस जयपुर के पास रिंग रोड पर आ गया। डीसीपी (साउथ) राजर्षि राज वर्मा ने बताया- मामले में फरार ड्राइवर दिनेश रणवा निवासी दूधवा खारा (चूरू) को अरेस्ट किया है। 9 जनवरी को मानसरोवर के खरबास सर्किल पर ओवर स्पीड ऑडी कार को उसने रोड किनारे स्टॉलों में घुसा दिया था। इसके बाद दिनेश मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने मामले में तुरंत कार्रवाई कर मेन आरोपी की मदद करने में 7 लोगों को अरेस्ट किया था। फरार ड्राइवर दिनेश रणवा की तलाश में दबिश दी जा रही थी। पुलिस जांच में सामने आया कि दिनेश हाईवे पर होटल-ढाबों पर फरारी काट रहा है। पुलिस ने करीब 100 किलोमीटर में लगे 500 से ज्यादा कैमरों के फुटेज खंगाले। इसमें रिंग रोड के साथ होटलों, ढाबों और ट्रक रुकने वाली जगहों के साथ स्लिप रोड के ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज खंगाल कर सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस की ओर से आरोपी के सोलर प्लांट की साइटों पर दबिश दी गई। रविवार को रिंग रोड पर चलाए सर्च ऑपरेशन में दिनेश रणवा पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

**भेड़ चराने वालों से मांगकर खाया खाना** पूछताछ में आरोपी ने बताया- वह घटना के अगले दिन गोनेर से पैदल भाग गया था। पुलिस पीछे होने का पता चलने पर रिंग रोड के साइड में कैमरों से बचते हुए पैदल चलता रहा। पैदल करीब 7-8 घंटे चलने के बाद जंगल में जाकर झाड़ियों में थक कर रुक गया। एक्सीडेंट के बाद चोट लगी होने और लगातार भागने के कारण थक कर गिर गया। उसके बाद आस-पास भेड़ चराने वालों से मांगकर खाना खाकर रात को उनके पास ही सो गया। **ट्रक से लिफ्ट लेकर भागा** उसके बाद फिर रिंग रोड के पास आ गया। दिन में ढाबों पर भटकता रहा। एक ट्रक वाले को बताया कि वह हरियाणा का रहने वाला है। उसका मोबाइल और रुपए छीन लिए हैं। उससे लिफ्ट लेकर करनाल साइड में और वहां से लिफ्ट लेकर हरिद्वार चला गया। एक रात रुकने के बाद वापस राजस्थान आने के लिए ट्रक से सोनीपत आकर ढाबे पर रुका। वहां उससे रुपए छीनने की कोशिश होने पर लोगों से मोबाइल लेकर परिचितों से कॉन्टैक्ट करने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस की ओर से बैंक अकाउंट सीज होने का पता चला। पैसे खत्म होने पर वापस जयपुर के पास रिंग रोड पर आ गया।



पैदल घूमकर सोलर साइट्स पर जाकर परिचितों को मदद के लिए ढूंढने लगा। **हादसे में एक युवक की हुई थी मौत** जयपुर में 9 जनवरी की रात रेसिंग कर रही एक ऑडी कार ने कहर मचा दिया था। मानसरोवर के भीड़भाड़ वाले इलाके में 120 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ रही ऑडी कार पहले बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई। फिर सड़क किनारे लगी फूड स्टॉल्स में घुस गई। इस दौरान वहां 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। कार 16 लोगों को रौंदते हुए एक पेड़ से टकराकर रुकी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।


## राज्यपाल बागडे ने किया साईं मंदिर का शुभारम्भ



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को पुष्कर स्थित साईदत्त विकास साईधाम मंदिर के विकास कार्यों का विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया। साईदत्त विकास साईधाम के संस्थापक विकास रूणवाल ने ट्रस्ट द्वारा करवाए विकास कार्यों से अवगत कराया। इसके साथ केन्द्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने भी पूजा की। राज्यपाल ने पूर्ण विधि विधान के साथ सांई मंदिर गर्भगृह में पूजा कर मंदिर का शुभारम्भ किया। उन्होंने मुख्य मंदिर में पूजा करने के पश्चात परिसर स्थित अन्य मंदिरों में भी पूजा की। चावड़ी मंदिर तथा द्वारका माई सांई बाबा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके साथ-साथ नवग्रह मंदिर तथा 24 तीर्थंकर मंदिर को नमन किया। गणेश, दुर्गा माता, लक्ष्मी माता, सरस्वती माता, विट्ठल रूक्मणी, राधाकृष्ण मंदिर में भी पूजा करने के पश्चात, 11 मुखी हनुमान मंदिर और शिव मंदिर में शीश नवाया। बागडे ने बाद में कहा कि पुष्कर क्षेत्र में सांई मंदिर के साथ अन्य देवी देवता मंदिरों की स्थापना से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पुष्कर में पूर्व के केन्द्रों के साथ यह भी नवीन पर्यटन केन्द्र विकसित होने से आगन्तुकों को आकर्षित करेगा। इससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।

# शिवगंज आयुर्वेद शिविर बना जनसेवा का सशक्त उदाहरण, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने की सराहना

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सिरोही जिले के टाउन हॉल शिवगंज में आयोजित 10 दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद अन्तरंग क्षारसुत्र शल्य चिकित्सा शिविर आज जनसेवा, समर्पण और आयुर्वेदिक चिकित्सा का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया। यह बात रविवार को शिविर में प्रदेश के ग्रामीण विकास, पंचायती राज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने शिविर की समस्त गतिविधियों का अवलोकन करने के बाद कहीं। उन्होंने शिविर में संचालित शल्य चिकित्सा, पंचकर्म,ओपीडी, औषध वितरण, योग एवं परामर्श सेवाओं की सराहना करते हुए इसे आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद जैसी प्राचीन एवं वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से आमजन को नि:शुल्क एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना , केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी सोच का परिचायक है। उन्होंने रोगियों से संवाद कर उनके उपचार अनुभव की जानकारी भी ली। राज्यमंत्री देवासी ने समस्त चिकित्सकीय टीम



एवं स्टाफ के समर्पण की प्रशंसा की एवं समस्त स्टाफ को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह शिविर आयुर्वेद विभाग की जनसेवा भावना का जीवंत उदाहरण है। इस शिविर के माध्यम से क्षेत्रवासियों के लिए स्वास्थ्य लाभ,विश्वास एवं सेवा का केंद्र बनकर उभरा है। यह शिविर उप निदेशक डॉ.दिनेश कुमार जोशी के मार्गदर्शन एवं शिविर प्रभारी डॉ.राधेश्याम नोगिया तथा डॉ.गंगा विष्णु शर्मा के नेतृत्व में सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। शिविर में शल्य चिकित्सा कार्य मुख्य शल्य चिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह भाटी के निर्देशन में डॉ.मनोज कुमार मीना,डॉ.अंजू बबेरबाल,डॉ.कृति शर्मा एवं डॉ. लाजवंती जी की टीम द्वारा कुशलतापूर्वक किया जा रहा है। ओपीडी सेवाओं में डॉ.मनीषा,डॉ.अंकिता,डॉ. नारायण सिंह बुंदेल,डॉ.अंजलि निमेश एवं डॉ.राजेंद्र गहलोत द्वारा रोगियों को निरंतर परामर्श एवं उपचार प्रदान किया जा रहा है।

# मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर विधायक डीसी बैरवा का तूफानी दौरा, कई गांव में की जनसभा

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा विधानसभा क्षेत्र में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के निर्देशानुसार संचालित 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाया जा रहा ग्राम-ग्राम जनजागरण अभियान निरंतर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। इस अभियान का नेतृत्व दौसा विधायक डी.सी. बेरवा द्वारा किया जा रहा है।अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर मनरेगा से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

जनसभाओं में विशेष रूप से मनरेगा के अंतर्गत रोजगार की गारंटी, मजदूरी भुगतान में हो रही देरी, कार्य दिवसों में कटौती तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।खेरवाल , चावंडेड़ा, हरिपुरा, खुर्री कला, बापी, रामपुरा उर्फ महाराजपुरा, चांदराना एवं नांगल बैरसी ग्राम पंचायतों में आयोजित जनसभाओं में



ग्रामीणों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं और कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे इस आंदोलन को पूरा समर्थन देने का भरोसा जताया।इस दौरान विधायक डी.सी. बेरवा ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से गरीब, मजदूर, किसान एवं ग्रामीण वर्ग के अधिकारों की सशक्त आवाज रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने की किसी भी साजिश को कांग्रेस पार्टी कभी सफल नहीं होने देगी।

### तीन दिन, हजारों मुस्कानें : बीकानेर चिल्ड्रन फेस्टिवल-'आजू गूजा 2.0' का हुआ भव्य समापन

## बीकानेर चिल्ड्रन फेस्टिवल- आजू गूजा है जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि का नवाचार



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर चिल्ड्रन फेस्टिवल 'आजू गूजा 2.0' का तीन दिवसीय आयोजन रविवार को उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन दिवस पर रविवार की छुट्टी के चलते बच्चों एवं अभिभावकों की रिकॉर्ड भीड़ उमड़ पड़ी। भारी संख्या में आगंतुकों की उपस्थिति के कारण सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कुछ समय के लिए स्टेडियम के गेट बंद करने पड़े। **विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में बच्चों ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा** फेस्टिवल के अंतिम दिन बच्चों ने फन गेम्स, क्रिएटिव वर्कशॉप्स, पेंटिंग, एक्टिविटी स्टॉल्स एवं ड्रम सर्कल समेत विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे स्टेडियम में बच्चों की चहक, रंग-बिरंगी गतिविधियों और पारिवारिक माहौल ने आयोजन को यादगार बना दिया। **चिल्ड्रन फेस्टिवल को मिला भरपूर समर्थन** आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर वृष्णि ने कहा कि 'आजू गूजा 2.0' ने बच्चों को न सिर्फ मनोरंजन का मंच प्रदान किया, बल्कि उनकी रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सीखने की क्षमता को भी प्रोत्साहित किया। फेस्टिवल का उद्देश्य बच्चों के लिए सुरक्षित, आनंददायक और ज्ञानवर्धक वातावरण उपलब्ध कराना रहा, जिसे दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला।

### सफलता को नए दृष्टिकोण से देखती 'द अनबिकमिंग'

**जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2026**

# लेखक कार्तिकेय वाजपेयी और वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया जगत के प्रतिष्ठित पत्रकारसंजय पुगालिया (सीईओ, एएमजी मीडिया नेटवर्क) के साथ एक सार्थक संवाद

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2026 में कार्तिकेय वाजपेयी की पुस्तकद अनबिकमिंगके औपचारिक लोकार्पण के साथ एक गहन, विचारोत्तेजक और आत्मचिंतनपूर्ण साहित्यिक अनुभव साकार हुआ। यह उपन्यासफेस्टिवल कीफर्स्ट एडिशनश्रृंखला का हिस्सा रही।सूर्य महलकी भव्य पृष्ठभूमि में आयोजित इस सत्र ने सजग और उत्सुक श्रोताओं को आकर्षित किया तथा ऐसे संवाद को जन्म दिया, जिसमें उसप्रवाह अवस्थापर सार्थक चर्चा हुई—जहाँ सहजता स्वाभाविक रूप से विकसित होती है और चेतना स्वयं कर्मों का मार्गदर्शन करती है। यह विमर्श पहचान, जीवन के उद्देश्य और आंतरिक मुक्ति की खोज जैसे गहरे विषयों तक विस्तृत हुआ। पुस्तक का लोकार्पण माननीयजगदीप धनखड़, भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति, तथासंजय के. रॉय, फेस्टिवल निर्माता एवं प्रबंध निदेशक, टीमवर्क आर्ट्स की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, जिसने इस क्षण को विशेष प्रतिष्ठा और प्रतीकात्मक अर्थ प्रदान किया। पेशेवर क्रिकेट के परिवेश की पृष्ठभूमि में रची गई और पूर्वी दर्शन की गहरी अवधारणाओं से अनुप्राणित द अनबिकमिंग कर्म में निहित पूर्णता की परिभाषा तथा उस खोज में सफलता के अर्थ की यात्रा को उकेरती है। यह कथा उपस्थिति, प्रवाह, क्षणभंगुरता और सामाजिक अपेक्षाओं व स्थापित भूमिकाओं से मुक्त होने के लिए आवश्यक साहस जैसे विषयों पर गहन चिंतन करती है।एक ज्ञानवर्धक संवाद में लेखककार्तिकेय वाजपेयीनेसंजय पुगालियाके साथ पुनर्निर्माण, नेतृत्व और सार्वजनिक व्यक्तित्व तथा आंतरिक स्पष्टता के बीच नाज़ुक संतुलन जैसे विषयों पर चर्चा की।पेंगुइन रैंडम हाउस इंडियाके एडल्ट पब्लिशिंग ग्रुप की पब्लिशरमिली ऐश्वर्याद्वारा संचालित इस बातचीत ने साहित्य को व्यक्तिगत अनुभवों से कुशलता से जोड़ा, जिससे श्रोताओं को पेशेवर और निजी जीवन—दोनों की अनिश्चितताओं से जूझने के लिए एक गहन और सार्थक दृष्टिकोण प्राप्त हुआ। इसमौकेपर लेखककार्तिकेय वाजपेयी नेअपनेविचाररखतेहुए कहा 'द अनबिकमिंगसफलता को त्याग देने की अवधारणा से कहीं आगे जाती है; यह हमें उपलब्धियों की सीमाओं से परे अपने वास्तविक स्वरूप की खोज के लिए आमंत्रित करती है। यह यात्रा हमें उन पहचानों और भूमिकाओं से विरक्त होने के लिए प्रेरित करती है जिनसे हम चिपके रहते हैं, ताकि हम सजगता, जागरूकता और दूसरों की सेवा के माध्यम से अपने उद्देश्य से फिर से जुड़ सकें।

कई बार 'बनते जाने' की निरंतर दौड़ को थामकर और'द अनबिकमिंग'को अपनाने में ही हमें अपने सच्चे अस्तित्व का अनुभव होता है।'भारतीय मीडिया में अपने दशकों लंबे अनुभव से संजय पुगालिया ने नेतृत्व को केवल पदों से परे समझने पर बल दिया। उन्होंने यह रेखांकित किया किईमानदारी, अनुकूलनशीलता और अनिश्चितताओं को स्वीकार करने की क्षमताही दीर्घकालिक और सार्थक सार्वजनिक जीवन को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। संजय पुगालिया नेइसमौकेपर कहा 'यह किताब आज के नवयुवकों और विशेषकर जेन-ज़ी पीढ़ी के लिए बेहद




महत्वपूर्ण है। इस पुस्तक में कार्तिकेय ने क्रिकेट और आध्यात्मिकता के अनुभवों के माध्यम से जीने की कला को बड़े सहज और प्रभावशाली अंदाज़ में प्रस्तुत किया है। जीवन की गति, असफलताओं से जूझने के तरीक़े, और अपने भीतर की ऊर्जा और उद्देश्य को पहचानने का जो भाव इस पुस्तक में है, वह युवा पाठकों को न केवल प्रेरित करता है बल्कि उन्हें अपने समय के प्रश्नों से संवाद करने का अवसर भी देता है । सत्र का समापनद अनबिकमिंगपर केंद्रित एक सार्वभौमिक ध्यान-चिंतन के साथ हुआ, जहाँ इसे किसी एक कथा के बजाय विभिन्न पेशों और पीढ़ियों में समान रूप से प्रतिध्वनित होने वाले अनुभव के रूप में देखा गया। यह अनावरण फेस्टिवल के सबसे आत्ममंथनपूर्ण क्षणों में से एक के रूप में उभरा और इसने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की उस भूमिका को पुन: रेखांकित किया—एक ऐसे मंच के रूप में, जहाँ साहित्य गहन आत्म-चिंतन और दीर्घकालिक संवाद के नए द्वार खोलता है।

# मानव सेवा संस्थान दौसा ने शुरू की निशुल्क ऑटो-रिक्शा सेवा




**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** मानव सेवा संस्थान दौसा की ओर से दिव्यांगजन, वृद्धजन, रोगियों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए निशुल्क ऑटो-रिक्शा सेवा का शुभारंभ किया गया। यह सेवा दौसा जिला अस्पताल से गांधी तिराहा तक संचालित की जाएगी।शुभारंभ अवसर पर जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जमशेद, ट्रैफिक प्रभारी विनोद कुमार, संस्था अध्यक्ष ओपी शर्मा, भगवान वर्मा, महेश आचार्य, नाथूलाल शर्मा, सीताराम शर्मा, मुकुट शर्मा, गोवर्धन लाल पांडा, अशोक भागोती, आशीष आचार्य, राकेश सैनी (बनियाना) सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर ऑटो-रिक्शा को रवाना किया।कार्यक्रम की शुरुआत संस्था अध्यक्ष ओपी शर्मा द्वारा ऑटो-रिक्शा के पूजन के साथ की गई। इसके पश्चात उन्होंने संस्था की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि मानव सेवा संस्थान का उद्देश्य मानव मात्र की सेवा करना है। संस्था निरंतर समाजसेवा के कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता के लिए कार्य कर रही है।उन्होंने बताया कि संस्था में पेंशनधारी, सेवारत कर्मचारी, व्यवसायी, युवा साथी, महिलाएं एवं सभी धर्मों के लोग सेवा भाव से जुड़े हुए हैं। वर्तमान सामाजिक वातावरण से ऊपर उठकर मानवता को केंद्र में रखकर सेवा करना ही संस्था का मूल उद्देश्य है।इस अवसर पर डॉ. जमशेद ने कहा कि जिला अस्पताल प्रशासन इस पुनीत कार्य में संस्था को पूरा सहयोग प्रदान करेगा।

## युवा सम्बल मेला: 40 नियोक्ता उपलब्ध करवाएंगे सात हजार से अधिक रोजगार

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार 20 जनवरी को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में आयोजित होने वाले युवा संबल मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मेला प्रात: 10 बजे से शुरू होगा। इसमें 40 से अधिक नियोजकों द्वारा रोजगार के सात हजार से अधिक अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक जेठानंद व्यास ने युवाओं से इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, युवा कल्याण को लेकर संकल्पबद्ध तरीके से कार्य कर रहे हैं। युवा संबल मेला भी इस श्रृंखला की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान बड़ी कंपनियों द्वारा रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। रोजगार कार्यालय के उपनिदेशक हरगोविंद मित्तल ने बताया कि युवा संबल मेले में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शहरी क्षेत्र के कॉलेजों में सघन अभियान चलाया गया है। विभिन्न माध्यमों से इसका प्रचार-प्रसार किया गया है। उन्होंने बताया कि क्यूआर कोड और वेबसाइट के माध्यम से युवाओं द्वारा पंजीकरण करवाया जा रहा है। अब तक ढाई हजार से अधिक युवाओं ने पंजीकरण करवाया है। वहीं ऑन स्पॉट पंजीकरण भी किया जा सकेगा। इसके लिए मेला स्थल पर पांच स्थानों पर क्यूआर कोड के स्टैंडी लगाए जाएंगे। मेले में आने वाले सभी युवाओं की उपस्थिति भी ऑनलाइन माध्यम से दर्ज की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेला स्थल पर निजी क्षेत्र में रोजगार के अलावा विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों और ऋण योजनाओं का लाभ भी युवाओं को दिया जाएगा। वहीं राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार मेले के दौरान किया जाएगा।

## साध्वी दीपमाला व शंखनिधि का लूणकरनसर में स्वागत वंदन

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर की साध्वी दीपमाला व शंखनिधि का लूणकरनसर में रविवार को पहुंचने पर स्वागत वंदन अनेक पंचायत समिति के विभिन्न गांवों तथा बीकानेर से पहुंचे श्रावक-श्राविकाओं ने वंदन अभिनंदन किया। साध्वीवृंद ने 7 व 8 फरवरी को गंगाशहर में जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छाधिपति, आचार्यजिन मणि प्रभ सागर सूरिश्वरजी के सान्निध्य में होने वाले मंदिर की प्रतिष्ठा में अधिकाधिक भागीदारी का आव्हान किया। भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद, बीकानेर शाखा के सचिव विक्रम भुगड़ी ने बताया कि साध्वीवृंद के प्रवेश की लूणकरनसर के मुख्य जैन बहुल्य मोहल्लों व मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। सुश्रावक निर्मल राखेचा के निवास से शुरू हुई शोभायात्रा सुपार्श्वनाथ जैन मंदिर दर्शन वंदन करते हुए तेरापंथ भवन पहुंचकर धर्म सभा में बदल गई। धर्म सभा में सकल जेन संघ के हेम राज बरडिया, नेमचंद डागा, परिवार की ओर से कंबली ओढाकर अभिनंदन किया गया। खरतरगच्छ महिला परिषद की बीकानेर शाखा मंत्री लीला बेगानी ने बताया कि साध्वीके सांसारिक ननिहाल पक्ष के परिवार ने गीत व जयकारों के साथ स्वागत किया। लूणकरनसर के सकल जैन संघ के माल चंद नवलखा, संतोष भूरा, विनित राखेचा, हेमराज बरड़िया आदि ने भी भाव व्यक्त किए। कार्यक्रम में बीकानेर से शांति लाल कोठारी, ओम कोठारी, शांतिलाल बैद, पुखराज पुगलिया, खरतरगच्छ युवा व महिला परिषद की स्थानीय शाखा के सदस्यों ने भागीदारी निभाई।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आज दौसा में

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सोमवार 19 जनवरी को जयपुर से भरतपुर जाते समय दौसा आगमन करेंगे।इस दौरान दौसा जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता उनका गर्मजोशी से स्वागत करेंगे।दौसा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामजीलाल ओढ़ के नेतृत्व में जिले के समस्त कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रात: 11:30 बजे लालसोट बाईपास पुलिया के नीचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत करेंगे।

### भारत को विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए स्नातन

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** धनीनाथ गिरि मठ पंच मंदिर, बीकानेर सहित देश के करीब 70 मठों व मंदिरों अधिष्ठाता, महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती ने कहा है कि भारत को विश्व गुरु के रूप् में प्रतिष्ठित करने, सनातन धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए हिन्दुओं में संगठन व शक्ति की आवश्यकता है। जाति, समुदाय व पंथ को भूलकर सनातन हिन्दू धर्म कार्यक्रमों में व गतिविधियों में भागीदारी से ही संगठन मजबूत होगा। स्वामी विशोकानंद भारती रविवार को धनीनाथ पंच मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की मार्कण्डेय नगर की अम्बेडकर बस्ती के 31 जनवरी को जस्सूसर गेट के बाहर पाराशर भवन में होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन के बैनर के विमोचन व जन संपर्क अभियान के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे।

**खोया-पाया**

मेरे मकान नं. 48/99, सेक्टर-4, मानसरोवर, जयपुर का असल नियमितिकरण पत्र एवं अदेश प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। जिसको भी मिले, सूचित करे - **द्रवेश कुमार (मो.)-9414336348**

# राजस्थली एम्पोरियम की 'क्राफ्ट कला के' प्रदर्शनी ने अंतरराष्ट्रीय अतिथियों को कराया राजस्थान की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा से रूबरू

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय संसद में आयोजित *28वीं Conference of Speakers and Presiding Officers of the Commonwealth (CSPOC-2026)* में 60 से अधिक देशों के स्पीकर्स, ढ्ढक्क एवं ष्टक्क के प्रेसिडेंट्स की ऐतिहासिक सहभागिता ने भारत की लोकतांत्रिक शक्ति को वैश्विक मंच पर प्रभावशाली स्वर प्रदान किया। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के पश्चात जयपुर को 60 से अधिक देशों से पधारे विशिष्ट अतिथियों की मेजबानी का गौरव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर राजस्थान की भव्य संस्कृति, स्वाभिमान और अतिथि-सत्कार को प्रदर्शित करने हेतु *कांस्टीट्यूशनल क्लब ऑफ राजस्थान* में भव्य स्वागत, सांस्कृतिक एवं सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी गरिमामयी आयोजन के अंतर्गत *Rajasthali Emporium* द्वारा 'क्राफ्ट कला के' नामक विशेष हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान की पारंपरिक कला, सूक्ष्म कारीगरी और शिल्प कौशल की समृद्ध झलक प्रस्तुत की गई। प्रदर्शनी की विशेषता यह रही कि इसमें *राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पगुरुओं* को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपने जीवंत शिल्प प्रदर्शन एवं संवाद के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को भारतीय हस्तकला की तकनीक, परंपरा और सांस्कृतिक दर्शन से अवगत कराया। इस अवसर पर *माया ठाकुर*, निदेशक *Rajasthali Emporium*, ने सभी अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय अतिथियों को 'क्राफ्ट कला के' प्रदर्शनी का स्वयं भ्रमण कराया तथा उन्हें विभिन्न शिल्पगुरुओं से परिचित कराया। उनके मार्गदर्शन में अतिथियों ने राजस्थान की विविध शिल्प विधाओं को निकट से देखा और समझा, जिससे भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रति गहरी सराहना उत्पन्न हुई। कार्यक्रम की गरिमा माननीय राज्यपाल *हरिभाऊ बागडे*, माननीय लोकसभा अध्यक्ष *ओम बिरला* माननीय मुख्यमंत्री *भजनलाल शर्मा* एवं माननीय राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष *वासुदेव देवनानी* की उपस्थिति से और अधिक बढ़ी।



उनकी गरिमामयी सहभागिता ने आयोजन को ऐतिहासिक महत्व प्रदान किया। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने 'क्राफ्ट कला के' प्रदर्शनी में *प्रस्तुत शिल्पगुरुओं के लाइव डेमो* की विशेष सराहना की तथा राजस्थान की पारंपरिक हस्तशिल्प कला को जीवंत रूप में प्रस्तुत करने के प्रयासों की प्रशंसा की। उनकी सहभागिता ने आयोजन को ऐतिहासिक एवं स्मरणीय महत्व प्रदान किया। यह आयोजन भारत के लोकतंत्र की सशक्त छवि के साथ-साथ राजस्थान की जीवंत सांस्कृतिक पहचान और हस्तशिल्प परंपरा को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं

## हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति की बैठक




**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** भुसावर उपखंड क्षेत्र के भाजपा बल्लभगढ़ मंडल द्वारा बल्लभगढ़ में 8 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर आयोजन समिति की बैठक हुई ! जिसमें गांव के सैकड़ो नागरिकों ने भाग लिया । वक्ताओं ने कहा कि हिन्दू सम्मेलन समाज को एकजूट करने के साथ सांस्कृतिक चेतना मजबूत करने का माध्यम बनेगा। समिति के सचिव मदन मोहन शर्मा घाटरी ने बताया कि बल्लभगढ़ बस स्टैंड स्थित बगीची पर 8 फरवरी को आयोजित होने वाले सम्मेलन के लिए भूमि पूजन के साथ पोस्ट का विमोचन किया गया। संयोजक समिति अध्यक्ष धर्मसिंह सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## '6 जी' कार्यक्रम हुआ आयोजित



**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय सेठ मोहनलाल जालान राजकीय महाविद्यालय '6 जी' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं बीज वक्ता कुलगुरु महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर, आचार्य (डॉ) मनोज दीक्षित, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् डॉ अनिल सैनी थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के सम्मुख गंगाजल से दीप प्रज्वलन कर हुई । तत्पश्चात डॉक्टर त्यागी ने अतिथियों का परिचय कराया तथा कार्यक्रम की भूमिका तथा उद्देश्यों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि कुलगुरु आचार्य दीक्षित ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, सभ्यता, एवं परंपराओं, से धरातलीय रूप से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति बहुत समृद्ध है, यदि आवश्यकता है तो उसके संरक्षण की है। विशिष्ट अतिथि डॉ सैनी ने युवाओं को महामहीम राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम आजाद के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान समाजशास्त्र परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर सुशील त्यागी एवं सह संपादक डॉ अनिल सैनी ने माननीय कुलगुरु को यूजीसी केयर लिस्टेड जर्नल की प्रति व गाय का मोमेंटो भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित पोस्टर का विमोचन व राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का गायन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर के जोशी ने की। मुख्य अतिथि ने सेल्फी के माध्यम से विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों के अलावा छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

## मनरेगा में विभिन्न खामियों को दूर करने की मांग को लेकर मुस्ताक खान के नेतृत्व में किया विरोध प्रदर्शन


**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश सचिव मुस्ताक खान के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र चूरू के ग्राम पंचायत सोमासी में मनरेगा कानून में बदलाव के विरोध में रविवार को आंशिक श्रमदान कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मनरेगा श्रमिकों से संवाद करते हुये मुस्ताक खान ने कहा कि मनरेगा कानून में संशोधन कर उसे बंद करने का प्रयास किसी भी सुरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस दौरान जिन श्रमिकों की आयु 65 वर्ष से अधिक है और उन्होंने मनरेगा में पंद्रह वर्ष से अधिक समय तक कार्य कर रहे हैं, उनकी पेंशन लागू करने की मांग की गई। खान ने बताया कि मनरेगा में अधिकांश



श्रमिक महिलाएं है और मनरेगा कार्यस्थल की दूरी तीन किलोमीटर से अधिक है, वहां सरकार को वाहन की व्यवस्था करनी चाहिए। यदि सरकार ऐसा नहीं करती है, तो पूरे देश में मनरेगा मजदूर क्रांति के रूप में जन आंदोलन चलाया जाएगा। इस दौरान पार्षद अंजनी शर्मा ने कहा कि जिन मेटो को मनरेगा में पांच वर्ष से अधिक का समय हो चुका है, उनका स्थायीकरण होना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद अंजनी शर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, छात्र नेता पुलकित चौधरी, गोपी राम ढूकिया, जगदीश लुहार, नौरंगाराम पूनिया, कमल मेहरा, शिव करण सूंडा, इंद्राज नायक, विजय कुमार, कुलदीप लोट, विजय ढूकिया, हरीश पूनिया, महेश मेहरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

उपशाखा का कर्तव्य बोध दिवस गरिमामय रूप से संपन्न

## 'जो मिला है, उसके दायित्वों का पालन ही कर्तव्य बोध है' - सुरेन्द्र सिंह शेखावत



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की प्रेरणा से राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन रविवार को सीकर-पिपराली उपशाखा द्वारा गरिमामय, अनुशासित एवं प्रेरणास्पद वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य शिक्षकों में संगठनात्मक एकता, कर्तव्यनिष्ठा तथा राष्ट्रबोध की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।सीकर-पिपराली उपशाखा का कार्यक्रम एस. के. स्कूल, सीकर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चैतन्य प्रकाश (सीकर विभाग प्रचारक) ने अपने ओजस्वी एवं विचारोत्तेजक उद्बोधन में शिक्षक को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए कर्तव्य, अनुशासन, सामाजिक दायित्व एवं सांस्कृतिक चेतना के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक का आचरण ही भावी पीढ़ी की दिशा, दृष्टि एवं संस्कारों का निर्धारण करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह शेखावत (सीडीईओ) ने अपने संबोधन में कहा कि 'जो हमें मिला है, उसके दायित्वों का ईमानदारी से पालन करना ही सच्चा कर्तव्य बोध है।

## मैथी का साग स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है,सर्दियों में मैथी का साग नेचुरल हीट बूस्टर है

**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** मैथी पोषक तत्वों से भरपूर औषधीय पौधा हैं । सर्दियों में मैथी का साग नेचुरल हीट बूस्टर है। इसकी हरी पत्तियां विटामिन ए, बी,सी व के तथा आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम, जिंक, मैग्नशियम व फास्फोरस खनिज लवणो से भरपूर होती है। इसमें फाइबर, प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट और प्रोटीन भी पर्याप्त मात्रा में मिलते हैं। यह कहना है कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ उदय भान सिंह का। डॉ सिंह के अनुसार फाइबर से भरपूर होने के कारण मैथी साग गैस, कब्ज और एसिडिटी से राहत देता है। यह डायबिटीज के रोगियों के लिए फायदेमंद है। विटामिन और मिनरल से भरपूर होने के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। वजन का नियंत्रण करता है, एंटीऑक्सीडेंट और लेसिथिन त्वचा को साफ करने के साथ बालों के विकास में मदद करते हैं।

## सुपर सीनियर्स सम्मान के साथ भजन संध्या और पौष बड़ा कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** वैशाली नगर की महादेव नगर कॉलोनी में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के साथ भजन संध्या और पौष बड़ा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कॉलोनी के वरिष्ठ सरजू शरण गुप्ता ने बताया कि नव वर्ष के प्रारंभ में कॉलोनी के 75 वर्ष से अधिक सुपर सीनियर सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 18 वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही पौष बड़ा और भजन संध्या भी आयोजित की गई। महादेवन समिति के अध्यक्ष करण यादव ने बताया कि 150 परिवारों के इस सामूहिक आयोजन से कॉलोनीवासियों को एक दूसरे से मिलने और विचारों को साझा करने का मौका मिला जिससे एक परिवार के रूप में पड़ोसी प्रथम के भाव प्रबल होते हैं। कॉलोनी के ऋषि मोहन यादव ने बताया कि बरसाना के विख्यात बृजेश शर्मा और टीम ने गोविंद आओ जी, कान्हा मेला में ले चालो रे, चलो बुलावा आया है जैसे राम, कृष्ण लीला और माता के भजनों की प्रस्तुति से सभी को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। भजन संध्या के बाद पौष बड़ा और भोजन प्रसादी का सभी ने आनंद उठाया। कार्यक्रम में विनोद अजमेरा, विमल शर्मा का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन सपना शाह ने किया।

## तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक चालक ब ठेले को मारी टक्कर

**कठूमर अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** 18 जनवरी कठूमर खेड़ली रोड पर तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक और ठेले को टक्कर मार दी। बाइक चालक युवक और ठेले पर प्रेस कर रही महिला गंभीर घायल, पुलिस नंबर प्लेट के आधार पर आरोपी चालक की तलाश में जुटी। कठूमर। कस्बे में रविवार को एक तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पहले एक बाइक सवार युवक को टक्कर मारी और इसके बाद सड़क किनारे ठेले पर प्रेस कर रही महिला को भी कुचलते हुए घायल कर दिया। हादसे में बाइक चालक युवक और महिला दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उपचार शुरू कराया गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार चौहरी का नगला (मसारी) निवासी 19 वर्षीय धर्मा जाटव बाइक से खेरली रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने जा रहा था। इसी दौरान खेरली की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जबरदस्त टक्कर मार



दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार धर्मा जाटव सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के बाद कार चालक ने वाहन को रोके बिना तेज गति से आगे बढ़ाते हुए मसारी रोड पर सड़क किनारे ठेले पर प्रेस (इस्त्री) कर रही महिला शांति धोबी को भी टक्कर मार दी। महिला ठेले सहित सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही एएसआई उमरदीन पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक से टक्कर के दौरान कार की नंबर प्लेट खेरली रोड पर गिर गई। पुलिस ने मौके से नंबर प्लेट बरामद कर ली है। इसी आधार पर कार और उसके मालिक की पहचान कर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।हादसे के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

## बालाजी धाम में 27वाँ वार्षिकोत्सव तीन दिवसीय कार्यक्रम समारोह 23 तक



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के फतेहपुर-शेखावाटी। संकट मोचन बालाजी धाम, राकसिया की ढाणी, फतेहपुर का 27वाँ वार्षिकोत्सव समारोह 21 से 23 जनवरी तक बड़े ही धूमधाम और भक्तिभाव से मनाया जाएगा। यह आयोजन बसंत पंचमी के पावन पर्व के साथ संपन्न होगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया जाता है।मंदिर समिति की ओर से जारी निमंत्रण में सभी भक्तजनों से सपरिवार पधारकर इस पावन उत्सव की शोभा बढ़ाने और आशीर्वाद प्राप्त करने का अनुरोध किया गया है। तीन दिवसीय कार्यक्रम 21 जनवरी 2026 (बुधवार): सुबह 11:15 बजे से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ,, 22 जनवरी 2026 (गुरुवार): जागरण रात्रि में अखंड रामायण पाठ जारी रहेगा,23 जनवरी 2026 (शुक्रवार, बसंत पंचमी): सुबह 11:15 बजे महाहवन का आयोजन, जिसके साथ ही उत्सव का समापन होगा।इस विशेष अवसर पर हरिचरणजी पुजारी (श्योपुरा, देपालसर) विशेष रूप से पूजा-अर्चना संपन्न कराएंगे।मंदिर के पुजारी परमेश्वरलालजी ने सभी भक्तों से इस पावन समारोह में सहभागी बनने की विनम्र अपील की है। यह उत्सव आध्यात्मिक शांति, सामुदायिक सद्भाव और धार्मिक उल्लास का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगा।

# 22 जनवरी को होने वाले सामाजिक जागरूकता सम्मेलन को लेकर कुरैशी महासभा की बैठक आयोजित

**झुंझुनूं (हुक्मनामा समाचार)।** कुरैशी महासभा संस्थान जिला झुंझुनूं की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहम्मद अली खोखर ने की, जबकि युथ विंग जिला अध्यक्ष अदनान खत्री संयुक्त रूप से उपस्थित रहे। बैठक में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले सामाजिक जागरूकता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक को प्रदेश महासचिव , पूर्व चेयरमैन नवलगढ़ शोएब खत्री, महासचिव मोहम्मद जुबैर कुरैशी व उमर कुरैशी, जिला युथ विंग अध्यक्ष अदनान खत्री एवं प्रदेश महासचिव जमालुद्दीन कुरैशी, मोहम्मद फारूक कुरैशी, मोहम्मद सफी नागौरी ने संबोधित किया।

प्रदेश महासचिव मोहम्मद जुबैर कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 जनवरी को कुरैशी महासभा संस्थान राजस्थान के तत्वावधान में आयोजित सामाजिक जागरूकता सम्मेलन को युवाओं को राजनीतिक जागरूकता, महिला उत्थान दीनी, तालीमी बेदारी को लेकर,प्रदेश अध्यक्ष हाजी मकबुल मंड्रेलिया, प्रदेश सचिव साजिद सुलेमानी कुरैशी, प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं लक्ष्मणगढ़ चेयरमैन मुस्तफा कुरैशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंसाफ अली कुरैशी एवं रशीद अहमद के साथ प्रदेश पदाधिकारी सभा को संबोधित करेंगे।बैठक में संगठन को मजबूत करने, समाज में शिक्षा, एकता, और राजनीतिक जागरूकता को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी फयूम कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष तौफीक सैय्यद, जाफर, अब्दुल रहमान सैय्यद, जिला महासचिव रफीक खोखर, जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल जब्बार



फौजी, सह सचिव अय्यूब कबाड़ी, जिला महासचिव अनवर सैय्यद,जुबेर सय्यद प्रवक्ता इमरान बडगुजर, सब्बीर सैय्यद, अयुब बडगुजर,साद्दीक सैय्यद, आरिफ तंवर कबाड़ी, इरफान कबाड़ी, सलीम कबाड़ी, पिलानी से जाफर कुरैशी, चिड़ावा से गफ्फार कुरैशी, केड से अब्दुल गफ्फार, मलसीसर से मंज़ूर कुरैशी, सोयब दानका दाऊद कुरैशी, साहिल कुरैशी, डूंडलोद से अयुब कुरैशी, वाहीद कुरैशी, नवलगढ़ से इदरीस, जिंद्रान,सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फूल बंगला व छप्पन भोग झांकी के दर्शनों को उमडे श्रद्धालु

**वैर (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के प्राचीन भैरवनाथ मंदिर में रविवार को फूल बंगला व छप्पन भोग झांकी का आयोजन किया गया झांकी के दर्शनार्थ श्रद्धालु उमड पड़े द्य मंदिर व्यवस्थापक श्यामलाल गुप्ता ने बताया कि मंदिर समिति अध्यक्ष पंडित गयाराम शास्त्री के निर्देशन में रविवार को प्रात: 8 बजे भैरव नाथ का अलौकिक श्रंगार किया गया द्य मंदिर प्रांगण को विभिन्न प्रकार के फूलों से सजाया गया द्य भैरव नाथ सहित हनुमानजी, चामड माता, व शिव परिवार का विशेष श्रंगार किया गया द्य विशेष मिष्ठान बना छप्पन भोग कि झांकी सजाई गई द्य मंदिर के अहाते में पोषबड़ा प्रसादी का वितरण किया गया द्य तरुण मुदगल व उनकी मंडली ने संगीत के साथ सुंदरकांड का पाठ किया जिसमें श्रद्धालुओं ने भी अपनी सहभागिता निभा कर वातावरण को भक्ति रस से सरोवार कर दिया द्य शाम के समय भजन संध्या का आयोजन किया गया द्य गुप्ता ने बताया कि छप्पन भोग प्रसादी का वितरण सोमवार को किया जायेगा द्य इस अवसर पर राजू कोठारी, रामप्रकाश शास्त्री, लोकेश बजाज, एडवोकेट देवेंद्र पाठक, जय प्रकाश, भावेश पाठक, बद्री कढेरा, मुकेश सोनी, वनवारी शास्त्री, शुभम कोठारी, चिमन लाल, अजय अचरोली लक्ष्मण गुप्ता, छैलबिहारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे ।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संवर रही नौनिहालों की किस्मत

# डबल इंजन सरकार के एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल जनजाति अंचल में लिख रहे सुनहरे भविष्य की नई गाथा

**किसानों और मजदूरों के बच्चे पढ़-लिखकर बन रहे डॉक्टर और इंजीनियर**

**उदयपुर/जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य के सुदूर जनजाति अंचलों में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल (ईएमआरएस) शिक्षा, समरसता और सामाजिक सुरक्षा के क्षितिज पर सूरज की तरह चमक रहे हैं। राज्य के 31 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के बच्चे नीट, आईआईटी, जेईई जैसी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, कंप्यूटर लैब, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जैसे नवाचार जनजातीय बालक-बालिकाओं के सपनों में नए रंग भर रहे हैं। ईएमआरएस में पढ़ रहे 11 हजार 619 अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा की रोशनी से जनजाति क्षेत्रों में हजारों घर-परिवार भी उम्मीदों से रोशन हैं। इनमें 6 हजार 710 बालक और 4 हजार 909 बालिकाएं शामिल हैं। अभावों में अपने बच्चों के भविष्य को लेकर आशंकित माता-पिता की आंखों में नौनिहालों के सुनहरे भविष्य की चमक और चेहरे पर आत्मविश्वास की झलक साफ देखी जा सकती है। राज्य के ईएमआरएस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित भविष्य की गारंटी का असर है कि सत्र 2024-25 में 9 हजार 999 बच्चों के मुकाबले शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 1 हजार 620 अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। प्रवेश परीक्षा में बैठने वाले बच्चों की संख्या भी साल दर साल बढ़ी है।

## शिक्षा के साथ आवास, भोजन और किताबें भी निःशुल्क

राजस्थान स्टेट एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल सोसायटी द्वारा राज्य में संचालित सीबीएसई से संबद्ध 31 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल विद्यालयों में से नवीनतम 31वां विद्यालय जमवारामगढ़ (जयपुर) में जून 2025 से प्रारंभ किया गया है। सभी ईएमआरएस विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक कक्षाएं संचालित होती हैं। कक्षा 11 एवं 12 में विज्ञान और कला संकाय उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा, पाठ्यपुस्तकें, आवास, भोजन, पौष्टिक आहार, जूते-मौजे सहित दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड वर्चुअल रिएलिटी, इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर, ब्यूटी एंड वेलनेस, एग्रीकल्चर तथा ऑटोमोटिव स्किल लैब्स में इन विद्यालयों में संचालित की जा रही हैं। इन विद्यालयों में शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद और सह-शैक्षिक गतिविधियों पर भी पूरा ध्यान दिया जाता है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में राज्य स्तरीय स्टेट स्पोर्ट्स मीट-2025 उदयपुर में से चयनित 154 विद्यार्थियों ने ओडिशा के राउरकेला में आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स मीट-2025 में राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए 9 इवेंट्स में पदक अर्जित किए। वहीं, राज्य स्तरीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक फेस्ट-2025 उदयपुर में से चयनित 59 विद्यार्थियों ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक फेस्ट-2025 में भाग लिया।

### जेईई और नीट की तैयारी के लिए विशेष व्यवस्था

**एकलव्य विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ करियर मार्गदर्शन देकर भविष्य के लिए सही दिशा भी दिखाई जाती है। इन विद्यालयों में कक्षा 9 से 11 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए इनेबल कार्यक्रम के अंतर्गत टाटा मोटर्स के सहयोग से आईआईटी-जेईई और नीट की तैयारी के लिए प्रतिदिन ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। दक्षणा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित नेशनल लेवल परीक्षा में चयनित 12 विद्यार्थियों को भोपाल (मध्यप्रदेश) में आईआईटी, जेईई और नीट की विशेष कोचिंग दी जा रही है। ईएमआरएस बिहारीपुरा, जयपुर के छात्र मोहनलाल मीना, अनिकेश मीना और ईएमआरएस बरनाला, सवाईमाधोपुर की छात्रा राजकुमारी मीना ने नेशनल एलीजिबिलिटी कम एंट्रेस टेस्ट (नीट) परीक्षा में चयनित होकर राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालयों से एमबीबीएस कर रहे हैं।**

**ईएमआरएस से एमबीबीएस तक का सफर** सवाईमाधोपुर जिले में बामनवास तहसील के बरनाला के पास एक गांव की रहने वाली राजकुमारी मीना के किसान पिता का सपना था कि उनकी बेटी बड़ी होकर डॉक्टर बने। राजकुमारी ने बताया कि उनके गांव में बायोलॉजी नहीं थी। सरकारी स्कूल से दसवीं में 93 फीसदी से उत्तीर्ण होने के बाद ईएमआरएस प्रवेश परीक्षा दी और ईएमआरएस बरनाला में उनको प्रवेश मिल गया। आज वे गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, भावनगर में एमबीबीएस सैकंड ईयर की छात्रा हैं। राजकुमारी ने बताया कि हर कोई प्राइवेट स्कूल में नहीं पढ़ सकता और न ही महंगी कोचिंग कर सकता। एमबीबीएस के बाद वे एमडी मेडिसिन करना चाहती हैं। राजकुमारी का छोटा भाई भी ईएमआरएस में पढ़ रहा है।

इसी तरह ईएमआरएस बिहारीपुरा, जयपुर के छात्र अनिकेश मीना पश्चिम बंगाल के चौबीस परगना जिले में डायमंड हार्बर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर रहे हैं। अनिकेश ने बताया कि वे करौली के नादौती के पास एक गांव के रहने वाले हैं। पिताजी किसान हैं। ईएमआरएस में छठी कक्षा में प्रवेश लेने के बाद से उनकी जिंदगी बदल गई। ईएमआरएस की बदौलत ही उन्हें नीट परीक्षा में सफलता मिली। अनिकेश कार्डियोलॉजिस्ट बनना चाहते हैं।

**पिता गुजरात में हमाली करते हैं, बेटा पढ़ रहा डॉक्टरी** जयपुर के बस्सी के पास के किशनपुरा गांव के रहने वाले मोहनलाल मीना के पिता गुजरात के सिद्धपुर में ईसबगोल की बोरियां उठाते हैं। मोहन ने बताया कि उन्होंने छठी कक्षा में ईएमआरएस में दाखिला लिया। ईएमआरएस में शिक्षकों ने ही उन्होंने बताया कि डॉक्टर कैसे बन सकते हैं। ईएमआरएस में रहकर ही नीट की तैयारी की और आज वे पंजाब के फरीदकोट में गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर रहे हैं। मोहन एमबीबीएस के बाद जनरल फिजिशियन बनना चाहते हैं।

## जयकारो के लिए नहीं विपक्ष, जनता के मुद्दों को उठाना प्राथमिकता- नेता प्रतिपक्ष जूली



**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने रविवार को अलवर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा की जय कारों के लिए नहीं बल्कि जनता के मुद्दों को उठाना विपक्ष की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बजट पास कराकर फिर छूमंतर हो जाएगी लेकिन मजबूत विपक्ष के रूप में हम ऐसा नहीं होने देंगे, हम जनहित के मुद्दों पर सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर चल रही राजस्थान सरकार जनता के हितों पर कुठाराघात कर रही है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि स्ढ्क्र के नाम पर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। दिल्ली में बैठे ट्रेनर राजस्थान में मजदूर, गरीब लोगों के वोट काटने के नाम पर करंट लगाकर उनकी हत्या करने पर आमदा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सीधे तौर पर कहा कि जहां कांग्रेस पार्टी का दबदबा है वहां एसआईआर के नाम पर भाजपा की नियति और नियत दोनों ही गलत साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समर्थित वोटो को काटने के लिए भारतीय जनता पार्टी ओछे हथकंडे अपना रही है।

**अधिकारियों पर दबाव, मरने को मजबूर हैं कर्मचारी** जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता अधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं जिसकी वजह से मजबूर होकर अधिकारी और कर्मचारी मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के वोट कटवाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता अधिकारियों को मरवाने से भी नहीं चूक रहे हैं।

### अमरूद बनेगा सवाई माधोपुर की नई वैश्विक पहचान : डॉ. किरोड़ी लाल मीणा

# देश में पहली बार सवाई माधोपुर में अमरूद महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**कृषि मंत्री ने सवाई माधोपुर में 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत की अमरूद प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की घोषणा की**

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मुख्य आतिथ्य में किसानों, वैज्ञानिकों व उद्योग जगत का ऐतिहासिक संगम**



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सवाई माधोपुर के 263वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिले ने इतिहास रचते हुए देश का पहला अमरूद महोत्सव आयोजित कर स्वयं को राष्ट्रीय कृषि मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाई।

पंच गौरव अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं कृषि-उद्यानिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अमरूद महोत्सव एवं उन्नत कृषि तकनीकी मेला-2026 का भव्य शुभारंभ ओम बिरला, माननीय लोकसभा अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में दशहरा मैदान में संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत, नवाचार, आत्मनिर्भरता और भविष्य की कृषि अर्थव्यवस्था को दिशा देने वाला ऐतिहासिक क्षण बन गया।

**फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ, अमरूद की विविधता ने अतिथियों को किया आकर्षित** कार्यक्रम की शुरुआत में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के साथ फीता काटकर अमरूद प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रदर्शनी का सघन अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान अतिथियों ने गंभीरा गांव के राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान से सम्मानित किसान सहित अन्य किसानों के स्टॉल पर पहुँचकर अमरूद की विभिन्न उन्नत किस्मों—ललित, इलाहाबाद सफेद, श्वेता, सिस ललित सहित अन्य किस्मों की जानकारी ली। किसानों द्वारा अपनाई गई वैज्ञानिक तकनीकों, पैदावार और विपणन मॉडल को भी विस्तार से समझा गया।

**श्यामपुर के किसान की सफलता बनी प्रेरणा** प्रदर्शनी के दौरान श्यामपुर के किसान ने बताया कि वे प्रति बीघा 6 से 7 लाख रुपये से अधिक का वार्षिक उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने अमरूद की एक विशेष किस्म सीएन आरसी आधारित उन्नत पौध से उत्पादन कर जिले के अन्य किसानों के लिए एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने किसान की मेहनत, नवाचार और जोखिम उठाने की क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उदाहरण ही भारतीय कृषि का भविष्य तय करेंगे।



**ब्लैक अमरूद और औषधीय गुणों ने खींचा विशेष ध्यान** नर्सरी सेक्शन में प्रदर्शित 25 से 30 प्रजातियों के अमरूद पौधों का अवलोकन करते हुए माननीय अतिथियों ने ब्लैक अमरूद की एंटीऑक्सीडेंट क्षमता, औषधीय गुणों और बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय मांग की विशेष रूप से प्रशंसा की। विशेषज्ञों ने बताया कि ब्लैक अमरूद मधुमेह, हृदय रोग और इम्युनिटी बूस्टिंग के लिए अत्यंत लाभकारी है, जिससे इसका वैश्विक बाजार तेजी से बढ़ रहा है।

**स्थानीय उत्पादों ने बटोरी वाहवाही** प्रदर्शनी में स्थानीय उत्पादों की अलग ही चमक देखने को मिली। राम प्रसाद जी द्वारा तैयार अमरूद का हलवा, चटनी, बर्फी और अचार ने अतिथियों और आगंतुकों को खासा प्रभावित किया। इसके साथ ही सवाई माधोपुर के प्रसिद्ध पाँच प्रकार के अमरूद से बने जूस, बर्फी, जेली, कैंडी को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया, जिसने स्थानीय प्रसंस्करण क्षमता को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया।

## एक की मौत के बाद अलवर-जयपुर हाईवे पर बैठे लोग

# पुलिस की गाड़ी ने पीछे से मारी टक्कर, जुगाड़ पलटा

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** अलवर के अकबरपुर थाना क्षेत्र के नटनी का बारा के पास रविवार दोपहर 12 बजे एक जुगाड़ गाड़ी पलटने से हादसा हो गया। 65 साल के बुजुर्ग लक्ष्मण की मौके पर ही मौत हो गई,करीब 15 लोग घायल हो गए। जिसके बाद लोग धरने पर बैठ गए। लोगो की मांग की थी की मृतक के परिजनों के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व 1 करोड़ रूपये मुआवजा दिया जाए। जिसके बाद एसडीएम ज्योति कांवरिया व सीओ ग्रामीण शिवानी शर्मा मौके पर पहुंची और धरने बैठे लोगो से वार्ता कर धरना समाप्त करवाया और जाम खुलवाया। एसडीएम ने आश्वासन दिया की मृतक के परिजनों को उच्च अधिकारियों से बात करके योजनाओं का पूरा लाभ दिलवाएंगे।जिसके बाद शव को पुलिस की गाड़ी से जिला अस्पताल भिजवाया।



मौके पर मौजूद महेंद्र योगी ने बताया की जुगाड़ गाड़ी में सवार करीब 15 से 20 लोग लोग नटनी का बारा व आसपास के इलाकों से भर्तृहरि धाम में आयोजित डीएनटी समाज के महासंगम में शामिल होने जा रहे थे।

## गौ तस्करी के शक में चार युवक पकड़े

**नागौर।** नागौर के रियां बड़ी में शनिवार रात को गौ तस्करी के शक में ग्रामीणों ने चार युवकों को पकड़ लिया। मारपीट करते हुए सिर के बाल और आधी मूंछें काट दी। सूचना पर पहुंची थांवला पुलिस ने भीड़ से बचाकर युवकों को हिरासत में लिया। घटना लाडपुरा गांव की है। जानकारी के अनुसार, लाडपुरा गांव के पास छापर क्षेत्र में ग्रामीणों ने चार संदिग्ध युवकों को आवारा गायों को एक जगह इकट्ठा करते हुए देखा।
इस पर ग्रामीणों को शक हुआ और उन्होंने युवकों को घेरकर पूछताछ शुरू की।

## महाराष्ट्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री राज पुरोहित का निधन

**सिरोही।** महाराष्ट्र सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और प्रवासी नेता राज के पुरोहित (71) का शनिवार रात मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। पुरोहित भाजपा मुंबई के अध्यक्ष और महाराष्ट्र विधानसभा के पांच बार विधायक रहे। वे सिरोही जिले के फूंगनी गांव के मूल निवासी थे। पुरोहित मुख्य रूप से मुंबादेवी से चार बार और कोलाबा से एक बार विधायक रहे। वे महाराष्ट्र सरकार में गृहनिर्माण मंत्री और अन्य महत्वपूर्ण विभागों में मंत्री रह चुके थे।

## उड़ता तीर

..... प्रदीप लोढ़ा

### खतरा टला।

कोई माने या ना माने लेकिन भजनलाल सरकार पर संकट था जो उन्होंने कुशलतापूर्वक मैनेज कर लिया राष्ट्रीय अध्यक्ष का मामला निपट गया है और पिछले दिनों पार्टी के चाणक्य अमित शाह भी आकर मुख्यमंत्री के कामकाज से संतुष्ट हो गए हैं उन्होंने मुख्यमंत्री से 1 घंटे तक बंद कमरे में गुफ्तगू की उन्हें राज चलाने के मंत्र भी दिए। मुख्यमंत्री निवास में बैठकर उन्होंने अन्य नेताओं से भी चर्चा की 2 साल में यह पहली बार हुआ था इसका मतलब सब इलू इलू।

### फेर बदल अब तय।

राज्य मंत्रिमंडल में अब फेर बदल लगभग तय हैं क्योंकि नए राष्ट्रीय अध्यक्ष 20 जनवरी को आ जाएंगे और उसके एक-दो दिन बाद राजस्थान का लंबित फैसला हो जाएगा। पार्टी ने सारा होमवर्क करके रख रखा है मुख्यमंत्री ने भी अपनी रिपोर्ट दे रखी है कब और कैसे होगा, इसी पर मामला अटका हुआ था। अब माना जा रहा है कि सब कुछ जल्दी बाजी में हो जाएगा शायद बजट सत्र से पहले जो की 28 जनवरी से चालू होगा।

### 6 करोड रुपए स्वाहा।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू पिछले दिनों राजस्थान में जयपुर आई थी उनकी कुछ घंटे की यात्रा जयपुर में एक हो रहे 1008 कुंडीय महायज्ञ में आहुति को लेकर थी, राष्ट्रपति जी के आने और जाने में किसको क्या मिला यह तो पता नहीं जनता के 6 करोड रुपए यज्ञ में स्वाह हो गए। अब चर्चा है कि राष्ट्रपति जब आई है तो उनसे चार कार्यक्रम और करवा लिए जाते अथवा निजी कार्यक्रम का खर्चा निजी खाते से जाता।

### घबराहट क्यों।

भाजपा के नेता और कांग्रेस के कई बार मंत्री रहे महेंद्रजीत सिंह मालवीय पिछले दिनों भाजपा को बाय-बाय करके कांग्रेस में चले गए जयपुर में उन्होंने मन की बात बताई तो बांसवाड़ा में उनके ठिकाने पर एसीबी की टीम पहुंच गई। मालवीय घबराएं नहीं तो कांग्रेस ने उनकी एंट्री का रास्ता खोल दिया। कम से कम एक दर्जन और नेता मालवीय के नक्शे कदम पर है। उनके वापस जाने से भाजपा में घबराहट क्यों हो रही है यह तो भगवान को पता, अब आगे क्या होगा यह पंचायत चुनाव में पता लगेगा।

### नया मॉडल।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कई अच्छे प्रयोग विधानसभा में किए हैं पर उनके द्वारा अब किया जा रहा प्रयोग विरोध का कारण बन रहा है कारण साफ है कि अब विधायक सवाल नए तरीके से पूछेंगे, कई मामलों में नहीं पूछेंगे, उनको सारे सवालों के जवाब नहीं मिलेंगे। विधायकों के पास एक ही तो हथियार होता है सवाल पूछने वाला। वह भी अब काम का नहीं रहेगा तो विधायक बनने का किसी को क्या फायदा। 5 साल पुराने मेंटर की चर्चा नहीं होगी, इसलिए अब क्या होगा, कैसे होगा लोकतंत्र की संस्था का क्या होगा। कांग्रेसी कह रहे हैं कि यह तो संघ का विधानसभा मॉडल है।

### एस आई आर रिवर्स।

चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एस आई आर को लेकर अब जहां बीएलओ सही तरीके से काम करने लगे हैं वहीं विपक्षी कार्यकर्ता और नेता भी इस पर ध्यान दे रहे हैं जिनके नाम काटने की कोशिश हो रही है वह तो जाग ही चुके हैं ऐसे में सत्ता रूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं को नाम कटवाने और जुड़वाने में समस्या आ रही है इसलिए सारी व्यवस्था संतुलित हो गई है

### भीड़ ने बढ़ाई चिंता।

पिछले दिनों बाड़मेर में लगभग डेढ़ लाख लोग इस बात को लेकर जुड़ गए कि जिले की सीमाओं को गुपचुप में तोड़ा गया था। सारे नेता एक जाजम पर जमा थे, कांग्रेस के इतने बड़े आयोजन के बाद भाजपा के सामने परेशानी यह है कि 28 जनवरी को प्रधानमंत्री को रिफाइनरी के उद्घाटन पर बुलाती है तो इससे ज्यादा भीड़ जुटानी होगी।

प्रधानमंत्री आ गए और इतनी भीड़ नहीं आई तो पार्टी क्या करती, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। इसमें एक पेच फस गया है रिफाइनरी चालू होनी है क्योंकि कच्चा माल आ गया है ऐसे में प्रधानमंत्री के दौरे पर संकट के बादल तो आ गए हैं पर रिफाइनरी को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता।

# राम जलसेतु लिंक परियोजना को मिली गति

**2 हजार 230 करोड़ रुपये की लागत से चम्बल नदी पर 2.3 किमी लम्बाई में बन रहा एक्वाडक्ट**

### जल आत्मनिर्भरता की ओर मजबूती से अग्रसर राजस्थान

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व और सतत् प्रयासों से प्रदेश की महत्वाकां राम जलसेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना) मिशन मोड पर आगे बढ़ रही है। जल सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होने वाली परियोजना के तहत चम्बल नदी पर 2.3 किलोमीटर लम्बाई में एक्वाडक्ट का निर्माण किया जा रहा है। यह जून, 2028 तक बनकर तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा के मार्गदर्शन में परियोजना से संबंधित कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं। इसके प्रथम चरण के पैकेज-2 के अंतर्गत 2 हजार 330 करोड़ रुपये की लागत से एक्वाडक्ट बनाया जा रहा है। यह चम्बल एक्वाडक्ट एक छोर में कोटा जिले की दीगोद तहसील के पीपलदा समेल गांव और दूसरे छोर में बूंदी जिले की इंद्रगढ़ तहसील के गोहाटा गांव से जुड़ेगा। इसके माध्यम से कालीसिंध पर निर्मित नवनेरा बैराज से पानी पम्प हाउस से लिफ्ट कर मेज नदी में छोड़ा जाएगा। इसके बाद मैज बैराज से पम्प हाउस व फीडर के जरिए गलवा बांध तक और वहां से बीसलपुर और ईसरदा बांध में पहुंचाया जाएगा। इस एक्वाडक्ट के बनने से आमजन को आवागमन के लिए अतिरिक्त मार्ग भी उपलब्ध होगा।

### मई, 2025 में कार्य शुरू, जून 2028 में बनकर होगा पूरा



2280 मीटर लम्बे एक्वाडक्ट की आंतरिक चौड़ाई 41.25 मीटर और ऊंचाई 7.7 मीटर प्रस्तावित है। मई, 2025 में कार्य शुभारंभ के बाद से ही तेजी से कार्य किया जा रहा है।निर्माण स्थल पर कैंप एवं बैचिंग प्लांट का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। एक्वाडक्ट हेतु प्रस्तावित 15 टेस्ट पाइल में से 8 टेस्ट पाइल का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 5060 वर्किंग पाइल प्रस्तावित हैं, जिनमें से लगभग 860 पाइल का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। प्रतिदिन 15-20 पाइल का कार्य 12 रिग मशीनों की सहायता से किया जा रहा है। औसतन 500 क्यूबिक मीटर कंक्रीट कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है। साइट पर लगातार शिफ्टों में कार्य जारी है।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में ईआरसीपी को वृहद स्वरूप देते हुए राम जलसेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना) (लगभग 90 हजार करोड़ रूपए) तैयार की गई है। परियोजना के प्रथम चरण में राज्य के 17 जिलों की लगभग 3 करोड़ 25 लाख आबादी को पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दौसा में एनएसएस विशेष शिविर का चौथा दिन योग, श्रमदान व साइबर अपराध जागरूकता पर हुआ कार्यक्रम

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** स्वर्गीय पंडित नवल किशोर शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दौसा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की चारों इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का आयोजन शनिवार 18 जनवरी 2026 को विविध गतिविधियों के साथ किया गया।प्रात:कालीन सत्र में योग प्रशिक्षिका विदिशा शर्मा द्वारा सभी स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के दौरान प्रणामासन, हस्त उत्तानासन, हस्त पादासन, अश्व संचालनासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार एवं भुजंगासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया गया।योग अभ्यास के उपरांत महाविद्यालय एनएसएस समन्वयक डॉ. विकास कुमार शर्मा ने स्वयंसेवकों को महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, रानी लक्ष्मीबाई एवं सावित्रीबाई फुले समूहों में विभाजित कर श्रमदान हेतु कार्य आवंटित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मधुकांता मीणा, डॉ. बाबूलाल मीणा एवं डॉ. मांगीलाल महावर के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में सघन श्रमदान किया।इस दौरान पीजी ब्लॉक एवं जिम्नेजियम के मध्य स्थित मैदान में मिट्टी के ढेर को फावड़ियों से समतल किया गया तथा बोटैनिकल गार्डन की सफाई



भी की गई।कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में जिला प्रशासन के साइबर सेल से की-नोट स्पीकर भागचंद गुर्जर ने वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों एवं उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि ऑनलाइन निवेश फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, साइबर गुलामी, वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगी, केवाईसी अपडेट फ्रॉड, डॉट क्क्ष ठगी, ऑनलाइन लोन एप्लीकेशन फ्रॉड, हनी ट्रैप जैसे कई प्रकार के साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन ठगी होती है तो तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए, जिससे समय रहते अपराधी के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। इसके पश्चात साइबर थाने में भी रिपोर्ट दर्ज कराना आवश्यक है।महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन ने विद्यार्थियों को मोबाइल एवं इंटरनेट का उपयोग करते समय सतर्कता बरतने की अपील की, ताकि वे किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी से बच सकें।एनएसएस समन्वयक डॉ. विकास कुमार शर्मा ने की-नोट स्पीकर का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बाबूलाल मीणा के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्रा आरती दोतानिया एवं भूमिका ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि काजल, अनामिका एवं निशा मीना ने सामूहिक लोक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

## नरहड़ शरीफ उर्स का धूमधाम से हुआ समापन हिन्दू मुस्लिम भाई का दिया संदेश



**झुंझुनूं (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के नरहड़ गांव में स्थित हज़रत हाजीब शक्करबार शाह साहब पीर बाबा की दरगाह पर आयोजित तीन दिवसीय 757वें सालाना उर्स का शुक्रवार को धार्मिक अक़ीदत व शानो-शौकत के साथ समापन हो गया। उर्स के समापन अवसर पर ख़ादिम हाजी अमजद खान पठान के नेतृत्व में हज़रत धरसू वाले बाबा की रस्मे फातेहा अदा की गई तथा कुल के छींटे मारे गए। इस मौके पर पीर बाबा साहिबे की मज़ार पर चादर पेश कर देश में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी गई।समापन अवसर पर सभी जायरीनों एवं दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं का ख़ादिम हाजी अमजद खान पठान की ओर से आभार व्यक्त किया गया। उर्स के दौरान सूफियाना माहौल, भाईचारे और कौमी एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। इस अवसर पर कास्मिक धाम के कोस्मोस गुरुजी, श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर महंत श्री काशीनाथ जी महाराज सहित अनेक संत-महात्मा मौजूद रहे।

## अग्रवाल समाज की प्रतिभाओ को सम्मानित किया



**वैर (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के दाऊजी मंदिर प्रांगण में रविवार को अग्रवाल समाज का सम्मान समारोह हुआ। इस अवसर पर बच्चों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्ताओं को उनके द्वारा की गई समाज सेवा के लिए के सम्मानित किया गया। अग्रवाल समाज के महामंत्री वैदिक कुमार गोयल ने कहा कि बच्चों का उत्साह, युवाओं की ऊर्जा, वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन तथा महिलाओं का समर्पण—इन सभी के संयुक्त प्रयास से ही समाज सशक्त बनता है। समाज की प्रगति तभी संभव है, जब हर आयु वर्ग और हर भूमिका निभाने वाला व्यक्ति एकजुट होकर कार्य करें। कार्यक्रम के उपरांत नववर्ष मिलन के उपलक्ष्य में अग्रसेन सेवा संघ की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर राधे जिंदल, लक्ष्मण ,दीपक कोठारी, राहुल सिंघल,कुलदीप गुप्ता ,हेमंत सिंघल, हेमंत गर्ग ,गोपाल सिंघल, अरुण गुप्ता ,गौरव गर्ग, अनिल गर्ग, राहुल कोठारी, निशांत, सपना कोठारी,इंद्रा सिंघल, आशा गोयल,कमलेश सिंघलआदि उपस्थित रहे।

# नवलगढ़ विधायक का शानदार अभिनंदन

**नवलगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** नवलगढ़ के राजस्व ग्राम को बारवा को ग्राम पंचायत बनाने की ऐतिहासिक सौगात देने पर श्री महावीर सिंह बारवा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष के नेतृत्व में समस्त बारवा एंव चैनगढ़ ग्राम वासियो द्वारा बारवा मुख्य बस स्टेण्ड से लेकर मुख्य मार्गो से होते हुए बाबा हरीराम जी मंदिर सभा स्थल तक डीजे से साथ रैली निकालकर लोकप्रिय विधायक श्री विक्रम सिंह जाखल स्वागत किया और सभा स्थल पर मौजीज गणमान्यो नागरिको द्वारा विधायक जाखल का मालार्पण व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया और साथ बाबा हरीराम मंदिर प्रांगण में सीसी चैक का लोकार्पण लोकप्रिय विधायक श्री विक्रम सिंह जाखल के कर कमलो द्वारा किया गया। बाबा



हरीराम मंदिर प्रागण में प्रसाद का कार्य रखा गया। इस मौके पर विधायक जाखल ने कहा आप से बस कंधा से कंधा मिलाकर साथ खड़े रहना में नवसृजित ग्राम बारवा में विकास की कोई कमी नही आने दूंगा। बारवा पंचायत तो अब ही बनी है लेकिन मैने विधायक बनते ही 1 करोड़ 21 लाख 69 हजार रूपये के विकास कार्य आपके गांव में प्रगतिरत है मै पहले बोलता नहीं पहले धरातल पर काम करके दिखाता हू। आप तो बस आने वाले पंचायतीराज चुनावो में ताकत लगा दो उससे दुगुनी ताकत से में ग्राम बारवा में विकास कार्य की कमी आने नही दुंगा। इस मौके पर श्री राजकुमार जी सैनी (पालिकाध्यक्ष, नवलगढ़), श्री जुगल जी सैनी( पूर्व पालिकाध्यक्ष, नवलगढ़), श्री मक्खन लाल जी सैनी ( सैनी समाज अध्यक्ष), श्री कैलाष जी जांगीड़(व्यापार मण्डल अध्यक्ष), श्री धर्मेन्द जी बाय ( मंडल अध्यक्ष, कारी), श्री किषन जी गुर्जर ( मंडल अध्यक्ष, लोहार्गल), श्री ख्याली जी गुर्जर ( पूर्व जिला परिषद् सदस्य), श्री जगमोहन सिंह जी शेखावत(सरंपच, लोहार्गल), श्री मदन सिंह जी बारवा, श्री महावीर जी बारवा, श्री पूर्ण सिंह टोकछिलरी, श्री ओम जी खिचड़, श्री मामराज, श्री घडसी राम जी रूंडला छगन जी भास्कर शिवनाथ जी भास्कर त्रिलोक जी सुमेर सिंह जी सुगन जी भास्कर कानाराम मीणा बाबूलाल मीणा बाबूलाल कुमावत रामनिवास टेलर रामजीलाल कुमावत दिलीप सिंह भागीरथ सिंह राम सिंह रतन जी जांगिड़ संजय वाल्मीकि ओम प्रकाश शर्मा संजय शर्मा ताराचंद गुर्जर कैलाश गुर्जर सुरेंद्र वर्मा पंकज वर्मा दिलीप जांगिड़ सिकंदर जांगिड़ राम रतन जांगिड़ दिनेश जांगिड आदि मौजूद रहे।

## बीजीके आईटीआई में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मताधिकार का उपयोग करने की दिलाई शपथ



**मुकुंदगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** मुकुन्दगढ-मंडावा रोड़ पर स्थित बीजीके (प्रा.) आईटीआई में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ।बीजीके शिक्षण संस्थान के सचिव संदीप कुमार सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को मतदाताओं को जागरूक करने व अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ दिलवाई। उन्होने निर्भीक होकर मतदान कर स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में सहभागी बनने तथा शत प्रतिशत मतदान करने की बात कही।इस मौके पर प्राचार्य रजनीकांत शर्मा,गंगाधर सैनी, महेश कुमार, नरेश कुमार, कुलदीप सैनी, नरेन्द्र प्रजापत, दिपेन्द्र सिंह, अनिल रोलन, कुलदीप जांगिड़, सुनिल कुमार, रामप्रसाद सैनी समेत स्टाफ सदस्य व प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

## रामचरित मानस मानव को आत्म कल्याण की शिक्षा देती है

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** श्री महावीर सेवा संस्थान व श्री श्याम गौशाला समिति की ओर से गौ सेवार्थ श्रीरामचरित मानस व्याख्यान का पंच दिवसीय आयोजन श्री संकट मोचन बालाजी धाम के प्रांगण में शुरू हुआ।व्यास पीठ पर विराजित कथा वाचक योगी निवृत्तिनाथ कृष्णा महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति के पांच आधार स्तंभ गंगा ,गीता ,गायत्री, गौ और गुरु है। गंगा मानव के समस्त पापों का नाश करती है। गुरु के बिना गीता का ज्ञान नहीं होता गुरु ही इनका महत्व समझाता है।बिना गौ के भगवान भी नहीं, चारों पुरुषार्थ गौ की साधना में है। गौ माता की सेवा साक्षात भगवान की सेवा है। मानस प्रवचन शुरू होने से पूर्व सेवा संस्थान के विनोद डागा,रमेशचंद्र इंदौरिया,पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबू इंदौरिया, रामचंद्र दायमा, पूरणमल भाटी ,बछराज सोनी ,नरेंद्र झवर ,जगदीशप्रसाद भूत, संजय चौधरी, विनोद झजड़ ,कुणाल व्यास ने व्यास पीठ पर विराजित महाराज का नगर की ओर से शाल ,साफा, पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत,देवीदत्त हरित,वैद्य त्र्यंबक शर्मा,प्रताप बोथरा,विनोद चोटिया, वासुदेव सांगानेरिया,डूंगरमल खटीक,वीरेंद्र रॉयल आदि उपस्थित थे।

# पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया, पराग पारिख लार्ज कैप फंड

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड ने आज पराग पारिख लार्ज कैप फंड के न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) की शुरुआत की। यह एनएफ़ओ 30 जनवरी 2026 को बंद होगा, जबकि योजना 6 फ़रवरी 2026 से दोबारा निवेश के लिए खुलेगी। यह फंड हाउस की स्थापना के बाद पेश की गई सातवीं योजना है। यह योजना निवेशकों को कम लागत में, व्यापक लार्ज-कैप एक्सपोज़र उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखती है। इसके तहत ऐसी निवेश रणनीति अपनाई जाएगी जिससे ट्रेडिंग और इम्पैक्ट लागत को नियंत्रित किया जा सके और समय के साथ पोर्टफोलियो को इसके बेंचमार्क के क़रीब रखा जा सके। योजना में कुशल निवेश साधनों का उपयोग करते हुए एक्टिव शेयर को सीमित रखा जाएगा। इस योजना में न्यूनतम निवेश राशि 1,000 रूपये होगी और उसके बाद 1 रूपये के गुणकों में निवेश किया जा सकेगा। योजना में कोई एंट्री या एग्ज़िट लोड नहीं होगा। डायरेक्ट और रेगुलर—दोनों योजनाओं में ग्रोथ तथा इनकम डिस्ट्रीब्यूशन कम कैपिटल विदड्रॉल विकल्प उपलब्ध होंगे। पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड के चेयरमैन एवं सीईओ नील पराग पारिख ने कहा, 'कई निवेशक पारदर्शी, कम लागत और स्थिर लार्ज-कैप निवेश के अवसर की तलाश में रहते हैं। यह फंड इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉन्च किया गया है, जिसमें स्मार्ट निष्पादन और लागत दक्षता पर ज़ोर दिया गया है, जिसका लाभ सीधे निवेशकों तक पहुँचेगा।'

## गीता के बिना मनुष्य को गति और मुक्ति नहीं मिलती-सिंघानिया

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से संचालित गीता क्लासेज में रविवार को बच्चों को गीता बाल प्रश्नोत्तरी के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि अब बच्चों से रोजाना गीता के बारे में संवाद भी किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्याम भोजक, संजू शर्मा, मोहित सिंघानिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान माधुरी शर्मा व ममता शर्मा ने बच्चों को गजल गीत और संकीर्ण का अभ्यास करवाया।

## शिव कॉलोनी में कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय शिव कॉलोनी के वार्ड 31-32 में चमत्कारी गोगामेड़ी गोरखधाम में 18 से 24 जनवरी 2026 तक श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा का आगाज रविवार को भव्य कलश यात्रा से हुआ। कलश यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुये कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई सबको सुशोभित कर रही थी। इस दौरान सजाई गई राधा-कृष्ण की



झांकी सभी के आकर्षण का केन्द्र रही। कलश यात्रा में मुख्य यजमान पवन कुमार सैनी पत्नि ललिता देवी के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर सुरेश कुमार भार्गव, हरिराम स्वामी, संजय कुमार, शेखर गुर्जर, मनोज सैनी, शक्ति सिंह, किशन प्रजापत, केशव शर्मा, विशाल सिंह, नैतिक सैनी, शिवराज सिंह, रणवीर गुर्जर, युवराज, प्रिंस सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने कथावाचक पवन प्रसाद शास्त्री का मार्ल्यापण कर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक भगत पवन सैनी ने बताया कि कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर एक बजे से तीन बजे तक किया जायेगा।

## आज पांच घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** कार्यालय सहायक अभियंता 132 केवी जीएसएस जमवारामगढ़ (सुधार) हरिदत्त शर्मा ने बताया की आवश्यक विद्युत सुधार एवं मरम्मत कार्य के कारण सोमवार दिनांक 19 जनवरी को सहायक अभियंता कार्यालय आंधी के अधीन 33 केवी नक्चीघाटी लाइन पर आवश्यक विद्युत सुधार एवं मरम्मत कार्य के कारण सुबह 10.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक नकचीघाटी से निकलने समस्त 11 केवी फीडर भगवानपुरा, थोलाई नया फीडर, थोलाई ग्रामीण फीडर, धूलारावजी, खवारानी जी, ग्रामीण व खवारानी जी 24 घंटे फीडर की बिजली सप्लाई बंद रहेगी, इस दौरान खरड, सायपुर, रायपुर, थोलाई व जमवाय घाट आदि गांवों में भी बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

# कोग्निवेरा पोलो कप 2026 : जयपुर में पेश की गई दुनिया की सबसे ऊँची पोलो ट्रॉफी

➩ यह टूर्नामेंट 26 जनवरी से 1 फरवरी, 2026 तक जयपुर में आयोजित किया जाएगा

➩ विरासत, घुड़सवारी और खेल उत्कृष्टता का उत्सव मनाते हुए 8-गोल अंतरराष्ट्रीय पोलो टूर्नामेंट में शीर्ष टीमें मुकाबला करेंगी



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस ने राजस्थान पोलो क्लब के सहयोग से पोलो की दुनिया में एक ऐतिहासिक अध्याय की शुरुआत की है। जयपुर में कोग्निवेरा पोलो कप 2026 की ट्रॉफी का अनावरण किया गया, जो लगभग सात फीट की भव्य ऊँचाई के साथ दुनिया की सबसे ऊँची और सबसे बड़ी पोलो ट्रॉफी बनने जा रही है। यह ट्रॉफी चेन्नई के कोलांका कप द्वारा बनाए गए छह फीट ऊँचाई के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए, खेल में भव्यता, गौरव और प्रतिष्ठा की नई मिसाल पेश करती है। यह न केवल महत्वाकांक्षा और उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि पोलो की समृद्ध विरासत के प्रति गहरे सम्मान को भी दर्शाती है। इस ऐतिहासिक ट्रॉफी का अनावरण जयपुर स्थित राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान किया गया, जिसमें जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। भारत के पोलो कैलेंडर के सबसे प्रतीक्षित आयोजनों में से एक की आधिकारिक उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। इस टूर्नामेंट में भारत और दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ी और शानदार पोलो घोड़े हिस्सा लेंगे, जिससे दर्शकों को बेहद रोमांचक 'चुक्कर' और मैदान पर जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा। पूरे टूर्नामेंट के दौरान कई टीमें लीग और नॉकआउट मुकाबलों में आमने-सामने होंगी। प्रतियोगिता की शुरुआत 26 जनवरी, 2026 से होगी और 1 फरवरी, 2026 को भव्य फाइनल के साथ इसका समापन किया जाएगा। यह टूर्नामेंट जयपुर के विभिन्न पोलो मैदानों पर आयोजित होगा।

## कठूमर से अपना घर आश्रम के लिए महिला पुरुष का दल हुआ रवाना



**कठूमर अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** कठूमर उपखंड मुख्यालय असहाय लावारिस बेसहारा जीव की प्रभु जी मानकर सेवा करने के लक्ष्य को लेकर भरतपुर के बझेरा गांव स्थित अपना घर मां माधुरी बृज सेवा आश्रम का अवलोकन करने के लिए अपना घर सेवा समिति इकाई शाखा कठूमर के तत्वाधान में रविवार को एक बस व दो छोटे वाहन से प्रात: काल में महिला व पुरुष रवाना हुए। कुसुम कूलवाल ने बताया कि समिति द्वारा कठूमर क्षेत्र में लगातार कई वर्षों से मानवता के लिए जो सेवा कार्य किया जा रहे हैं। और क्षेत्र से करीब एक दर्जन महिला पुरुष व गौवंश को भेजा जा चुका है। दल में महिला व पुरुषों के द्वारा उनकी स्थिति, रहन-सहन, खान पान की व्यवस्थाओं को देखने के लिए दल रवाना हुआ। जिससे कि लोगों में मानव सेवा व जीव सेवा के प्रति लगाव व सेवा कार्य से जुड़ कर अपनी भागीदारी निभा सकेंगे। इस दौरान दल में समिति अध्यक्ष लोटन चौधरी, संरक्षक सोमेश्वर चौधरी, ममता चौधरी, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर, अनिल कूलवाल,रमेश शर्मा,जगदीश सोनी, शिवसेना पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश किराड़,रूप सिंह फॉरेस्टर, गीता शर्मा, मधु शर्मा, सीता, अनीता, सुनीता आदि महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

# रक्तदान करने से मानव शरीर गंभीर बीमारियों से मुक्त होता है : हरि सिंह खालसा



**पदमपुर( हुक्मनामा समाचार )।** आरएएस अधिकारी स्व. उपासना विश्नोई की दूसरी पुण्यतिथि पर रविवार को हर प्रभ आसरा सेवा समिति 41 आरबी में लगाए गए रक्तदान शिविर मे 50 से अधिक रक्तदान दाताओं ने स्वेच्छा से रक्त का दान करते हुए उपासना विश्नोई को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, न्यायधीश अजय बिश्नोई, तहसीलदार जितेंद्र सिंह ,थाना प्रभारी सुमनजयपाल,हर प्रभआसरा के सेवादार हरिसिंह खालसा सहित क्षेत्र के प्रमुख लोगों ने उपासना बिश्नोई को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं हर प्रभ आसरा परिसर मे चल रही गुरु प्यारों की सेवाओं का निरीक्षण संचालन व्यवस्था पर जताई प्रशंशा, उपासना फाउंडेशन की तरफ से आयोजित उपखंड, तहसील कार्यालय, राज. चिकित्सालय पदमपुर के इलावा तहसील क्षेत्र के अनेक गावो से 50 से अधिक रक्त दानदाताओं ने कैंप में सम्मिलित होकर उपासना विश्नोई को श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि रक्तदान से महान कार्य कोई नही है। रक्तदान करने से मानव का जीवन खतरनाक बीमारियों से मुक्त रहता है और नए रक्त का संचार होने से नई ऊर्जा शरीर में होती है। हरि सिंह खालसा ने उपासना विश्नोई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि परिवारजनो ने रक्तदान के पुनीत कार्य मे. शामिल करने के लिए अन्य लोगों को प्रेषित कर भागीदार बनाया है निश्चय ही उनका संकल्प भाव रक्त के रुप मे जरूरतमंद व्यक्तियों की जिंदगी बचाने में सहायक बनेगा। हरि सिंह खालसा ने उपासना फाउंडेशन के प्रतिनिधि सुनील बिश्नोई सूचना सहायक उपखंड कार्यालय पदमपुर एवं वरिष्ठ शिक्षक विजय कुमार बिश्नोई एवं अन्य पारिवारिक सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस कार्य में आत्मिक संतुष्टि मिलती हो उसे अवश्य करना चाहिए।

## सड़क हादसे से एक परिवार की सात महिलाओं की मौत, शोक सभा में दी श्रद्धांजलि

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के फतेहपुर शेखावाटी में रविवार को हरसावा रोड पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार की सात महिलाओं की मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। इस दुखद घटना के बाद सोमवार को स्थानीय धानुका अस्पताल के सामने गढ़वाल शक्ति धाम में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसमाज के लोगों ने शोकाकुल परिवार के प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।शोक सभा में उपस्थित लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करे और शोकाकुल परिवारों को यह अपार दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।इस अवसर पर भाजपा नेता और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मधु सुदन भिंडा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ अपनी एकजुटता जताई और शांति व संयम बनाए रखने की अपील की।इस हादसे ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है, लोगों ने सड़क सुरक्षा पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता पर बल दिया है।

## कारपेंटर विकास समिति ने की ऐतिहासिक हुई बैठक, मजदूरी दरें तय, समाज के सर्वांगीण विकास की बनीं रणनीति

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** जांगिड़ छात्रावास सीकर में रविवार को कारपेंटर विकास समिति की महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष ओमप्रकाश पिपराली की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कारपेंटर समाज की आने वाली चुनौतियों और संगठन को मजबूत करने के लिए अहम फैसले लिए गए।सर्वसम्मति से मजदूरी की नई दरें तय करने के अलावा, समिति ने अपने मूल उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया। समिति ने तय किया कि उसका मुख्य ध्येय बढ़ई (कारपेंटर) समाज को संगठित कर उन्हें शिक्षा, रोजगार, तकनीक और सामाजिक सम्मान के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है।

**प्रमुख लक्ष्य:** ककारपेंटर भाइयों का सर्वांगीण विकासकयुवाओं को आधुनिक तकनीकी कौशल से जोड़नाकशिक्षा व स्वरोजगार को बढ़ावा देना समाज में एकता और जागरूकता पैदा करनाकपरंपरागत कारीगरी को आधुनिक बाजार से जोड़ना।

**प्रमुख उद्देश्य:** क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित करना व छात्रवृत्तिक आधुनिक फर्नीचर डिज़ाइन, मशीन संचालन व डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण कस्वरोजगार हेतु टूल-किट, ऋण मार्गदर्शनकसमाज के इतिहास व संस्कृति का संरक्षणकनशामुक्ति, स्वच्छता व सामाजिक सुधार अभियानकसरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायताक आपदा या संकट में समाज के सदस्यों को सहयोग अध्यक्ष ओमप्रकाश पिपराली ने बताया कि इन लक्ष्यों के माध्यम से समिति कारपेंटर समाज को आत्मनिर्भर, शिक्षित और सम्मानित बनाना चाहती है।

# रमेश इंग्लिश स्कूल का एनुअल फंक्शन आयोजित, 150 से अधिक विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** अंत्योदय नगर स्थित रमेश इंग्लिश स्कूल में शनिवार को भव्य एनुअल फंक्शन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डेढ़ सौ से अधिक विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 12 विद्यार्थियों को विशेष अवार्ड प्रदान किए गए।



कार्यक्रम में बीकानेर पश्चिम के विधायक जेठानन्द व्यास एवं पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने संयुक्त रूप से मंचासीन होकर होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। पद्माक्षि अवार्ड प्राप्त करने वाली योगिता चौधरी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हें बच्चों ने जंगल-जंगल तथा दादा-दादी, नाना-नानी गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं 'चार कोट' नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने डॉक्टर, पुलिस और वकीलों की भूमिकाओं के जरिए सामाजिक व्यवस्था की खामियों पर करारा व्यंग्य किया। पद्मावत गीत पर छात्राओं की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जेठानन्द व्यास ने कहा कि स्कूल शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास का कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों को गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने कहा कि विद्या ही विद्यार्थी को जीवन में आगे बढ़ाती है। उन्होंने सत्य के मार्ग पर चलने और योग को जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय पुरोहित, कांसेप्ट के निदेशक भूपेंद्र मिड्ढा एवं मोटिवेशनल स्पीकर गौरव बिस्सा उपस्थित रहे।

स्कूल प्राचार्य सेनुका हर्ष ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि स्कूल में नर्सरी से दसवीं तक अध्ययन करने वाले 12 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत तथा 5 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जो विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को दर्शाता है। कार्यक्रम में स्कूल समिति के अध्यक्ष आनंद हर्ष एवं अमिताभ हर्ष ने भी होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।

## गीतों भरी संगीत संध्या कार्यक्रम में गूंजे सदाबहार गीत



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** श्री विश्वकर्मा नाट्य संगीत कला संस्थान द्वारा रविवार की संध्या को स्थानीय टाउन हॉल में 'आओ झूमो नाचो सब मिलकर गाओ '.... गीतों भरी एक शाम संगीत प्रेमियों के नाम गीत संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जा गया। संस्था अध्यक्ष एवं कार्यक्रम आयोजक मेघराज नागल ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारायण बिहाणी थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से एनडी रंगा और किसन जोशी ने की । कार्यक्रम में बीकानेर स्थानीय कलाकारों द्वारा सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का मंच संचालन इंजीनियर कमलकांत सोनी ने किया।कार्यक्रम में नारायण बिहाणी, कमलकांत सोनी, रामकिशोर यादव, राधेश्याम ओझा, जावेद मिर्जा,विक्रम सिंह पडिहार, लक्ष्मीनारायण भाटी, पवन चड्ढा, वीणा ओझा, अनवर हुसैन आस्था मलगट, संजीव एरन, राधाकृष्णन सोनी सहित अन्य शहर के गणमान्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई।कार्यक्रम का मंच संचालन इंजीनियर कमलकांत सोनी ने किया।

## ब्रह्मबाबा बाबा दादा लेखराज का स्मृति दिवस मनाया



**पदमपुर (हुक्मनामा समाचार)।** ब्रह्माकुमारीज विद्यालय के संस्थापक पिताश्री ब्रह्मबाबा का स्मृति दिवस उत्साहपूर्वक साधक भाई बहनों ने ध्यान -साधन) मे मघन होकर परमात्मा शिव के नाम का जाप कर मनाया। सेवा केंद्र की संचालन का बीके वंदना ने स्मृति दिवस के बारे में बताया कि प्रजापिता ब्रह्मा बाबा दादा लेखराज के किसी नाम के मोहताज नहीं है वह परमात्मा शिव के 1938 में उनके शरीर को माध्यम बनाकर, उनके मुखारविंद सल्य गीता का ज्ञान देकर हर मनुष्यात्मा के जीवन का चरित्र उत्थान किया। अपके जीवन त्याग सेवा का भाव हमेशा सेसंपूर्ण मानवता के लिए आपके रूप में करुणा का सागर हमेशा उमडना खा.) चेहरे पर दिव्य तेज, भोजस्वी वाणी, बडे छोटे सभी के लिए प्यार-सम्मान गुणों व मुत्थ्यों के कारण भाप भगवान के भी प्रिय बन गये। ऐसी महान, दिव्य आत्मगको के स्मृती दिवस पर कोटी-कोटी नमन , बड़ी संख्या में उपस्थित बी के भाई बहनों ने परम भोज का प्रसाद ग्रहण करते हुए संकल्प लिया कि जीवन में कभी निगेटिव विचार को पनपने नहीं देंगे , हमेशा स्वच्छ रीति से मानव भलाई के कार्यों में समर्पित भाव से अपना दायित्व राष्ट्र हित में निभाएंगे !

## नोखा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 7 किलो डोडा पोस्त जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार




**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नोखा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पिछले शनिवार की देर रात सीआई अरविंद भारद्वाज के नेतृत्व में गठित टीम ने मुकाम ग्राम पंचायत क्षेत्र के निंबड़ीयासर गांव के पास दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से आरोपी भंवरलाल के कब्जे से करीब 7 किलो डोडा पोस्त बरामद किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मादक पदार्थ के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। इस कार्रवाई में सब इंस्पेक्टर तन सुखराम, हेड कॉन्स्टेबल मोहर सिंह, कॉन्स्टेबल रामेश्वर लाल धुंधवाल, संजय, सतीश और तेजाराम शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने टीम की तत्परता और सफल कार्रवाई की सराहना की।

**बीकानेर में नशे के खिलाफ पुलिस का बड़ा प्रहार, 15 दिन में 39 तस्कर दबोचे**- 34 प्रकरण दर्ज, 9 वाहन और 20.60 लाख रुपये नकद बरामद, कार्रवाई में ढाई करोड़ रुपये से अधिक के मादक पदार्थ जब्त, डोडा-पोस्त, गांजा, अफीम, एमडी और स्मैक की बड़ी खेप पकड़ी गई, एसपी कावेंद्र सिंह सागर के निर्देश पर विशेष टीमों ने चलाया सघन अभियान, नशा तस्करों की कमर तोड़ने की दिशा में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

## नोखा में भीषण सड़क हादसा

## पिकअप चालक की मौत



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के नोखा में जोधपुर रोड बाईपास पर पिकअप और ट्रोले की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप सवार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार को बताया जा रहा है कि पिकअप में सब्जियां और पार्सल भरे हुए थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रोले की डीजल टंकी फूट गई और सड़क पर डीजल फैल गया। डीजल बिखरने के बाद मौके पर बाल्टी और बर्तनों में तेल इकट्ठा करने के लिए लोगों में होड़ मच गई। सूचना पर नोखा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को नियंत्रित करते हुए स्थिति संभाली। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं दूसरी ओर नोखा में नागौर रोड बाईपास पर हुआ एक्सीडेंट जिसमें पिकअप गाड़ी ने अज्ञात युवक को मारी टक्कर, युवक को इलाज के लिए हाईवे पुलिस लेकर पहुंची बागड़ी अस्पताल, जांच के बाद युवक को किया मृत घोषित, शव रखवाया बागड़ी अस्पताल की मोर्चरी में।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस इस बार आज मनाया जाएगा

# मिलेंगे नि:शुल्क सोनोग्राफी के मां वाउचर और खून की कमी वाली गर्भवती महिलाओं को लगेंगे एफसीएम इंजेक्शन

**बीकानेर( हुक्मनामा समाचार )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित किए जाने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस सत्र का आयोजन इस बार अवकाश के चलते आज सोमवार 19 जनवरी को किया जाएगा।

इस अवसर पर जिले के समस्त सरकारी चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी तथा उन्हें गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने बताया कि गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान होने वाले जोखिमों को कम करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा प्रत्येक माह की 9, 18 एवं 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस आयोजित किया जाता है। रविवार 18 जनवरी को राजकीय अवकाश होने के कारण यह सत्र आगामी कार्य दिवस आज सोमवार 19 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व एवं सुरक्षित प्रसव से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

आरसीएचओ डॉ. कल्पना डांगी ने बताया कि इस दौरान गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान, हृदय स्पंदन सहित प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी। साथ ही पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तिथि के अनुसार द्वितीय एवं तृतीय तिमाही वाली महिलाओं को मॉ वाउचर योजना के अंतर्गत निशुल्क सोनोग्राफी हेतु कूपन वितरित किए जाएंगे, जिससे वे विभाग द्वारा अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी केंद्र पर निशुल्क जांच करवा सकें।

उन्होंने बताया कि जिन गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन स्तर 10 ग्राम से कम पाया जाएगा, उन्हें एफसीएम इंजेक्शन लगाया जाएगा तथा उनकी ऑनलाइन लाइन लिस्टिंग भी सुनिश्चित की जाएगी।

## जरूरतमंद परिवार के घर चोरी, 9 भेड़-बकरियां ले उड़े चोर

**बीकानेर( हुक्मनामा समाचार )।** श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में पिछली शनिवार की बीती रात चोरी की वारदात सामने आई है। गांव माणकरासर में गुसाईंसर रोड स्थित एक जरूरतमंद परिवार के घर चोर घुस गए और भेड़-बकरियां चोरी कर ले गए। पीड़ित भंवरलाल लूहार के अनुसार रात करीब 11 बजे तक वे जाग रहे थे, इसके बाद सो गए। सुबह उठने पर घर में बने बाड़े से 7 बकरियां और 2 भेड़ें गायब मिलीं। जांच करने पर पता चला कि चोर घर के आगे वाहन खड़ा कर बाड़े से पशु चोरी कर ले गए। भंवरलाल ने बताया कि भेड़-बकरियां ही परिवार की आजीविका का मुख्य साधन हैं, चोरी से परिवार को बड़ा नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मौजिज ग्रामीणों को दी गई है। भंवरलाल निरक्षर हैं और उनका बेटा फिलहाल ससुराल गया हुआ है।

## कवि चौपाल से मेरा पुराना नाता रहा है - शाकिर चौपदार, शाकिर व भवानी का सम्मान चौपाल में

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय कवि चौपाल की 551 वीं 'कड़ी मौन करें संकट गौण' विषय पर समर्पित रही रविवार के कार्यक्रम की अध्यक्षता में प्रमोद शर्मा, मुख्य अतिथि में हनुमंत गौड़, विशिष्ट अतिथियों में प्रभा कोचर, साकिर हुसैन, भवानी सिंह आदि मंच सुशोभित हुए, कार्यक्रम शुभारम्भ करते हुए रामेश्वर साधक ने स्व बौद्धिक में कहा कि मौन एक है पर सिद्धियां अनेक, इसका जुनुनी सफर प्रभो सान्निध्य तक आनन्ददायी रहता है, अर्थात मौन साधक को ऋषि बना देता है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने उपनिषदों में वर्णित मौन की महत्ता पर बाद बौद्धिक के मौन पर काव्य 'अब बन जाना मुझे मुनि है, नहीं व्यर्थ का कहना है' आध्यात्म रचना की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि इं हनुमंत गौड़ ने जानवर अब सब कहां वहशी रहे, इन्सान भी इन्सान सा दिखता नहीं, व मै किसी हालात से डरता नहीं, शायद किसी बात पर अड़ता नहीं। प्रभा कोचर : ना कोई होड़ ना बराबरी है, एक नाव के दो पतवार है। इससे पूर्व प्रमोद शर्मा ने ईश वंदना की। मधुरिमा सिंह : अगर आपको अमृत पीना है तो मौन अपनाइये..., शिव प्रकाश दाधिच बीकानेरी : चारा खाकर दुध पिलाती ऐसी मेरी गौ माता..., के .के. व्यास शिल्पी : वह फरियाद लेकर आया है, निश्चय ही डर में नहीं, इसलिए खारिज कर दी..., राजकुमार ग्रोवर : नारी लक्ष्मी, नारी सरस्वती, नारी दुर्गा और सीता है। नारी है गुरु ग्रन्थ साहिब नारी बाइबिल कुरान और गीता है कविता पर वाह वाह की गूंज उठी।

इसी बीच साहित्य अनुरागी पत्रकार साकिर हुसैन व भवानी सिंह शिवबाड़ी का राष्ट्रीय कवि चौपाल में शाल श्रीफल माल्यार्पण द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया व द्वारा मोमेंटो भेंट किया, साकिर हुसैन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय कवि चौपाल से मेरा पुराना नाता है, इसके सर्वांगीण विकास को आतूरता रहती है, सम्मानित भवानी सिंह ने बताया कि साधना को सम्मान मिलता अत: अथक साधना संलग्न रहना है..., पवन चड्ढ़ा : ओ दूर के मुसाफिर हमको भी साथ ले ले, हम रह गये अकेले गीत सुनाकर सदन का मन मोह लिया।

आज के कार्यक्रम में किशनलाल, शिव प्रकाश शर्मा, छोटू खां आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे तथा 16 महानुभाव के रचनाएं प्रस्तुति हुई, कार्यक्रम का संचालन साधक ने किया... आभार प्रकट करते हुए ओम प्रकाश भाटी ने कहा कि मौन अपनाओ तत्काल सुखी बन जाओ।

## कुल्हाड़ी से वार कर नंदी को घायल करने के आरोपी कमरुद्दीन को भेजा जेल

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** थाना पुलिस ने खवारानी गांव में खेत में घुस जाने पर एक नंदी को मारने की नियत से कुल्हाड़ी से वार कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोपी कमरुद्दीन वल्द एहसान खां निवासी खवारानी जी पुलिस थाना जमवारामगढ़ को जमवारामगढ़ थाना पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए।

**यह था मामला**- जमवारामगढ़ थानांतर्गत खवारानीजी गांव से एक दिल दहला वाली वाली घटना सामने आई हैं। ग्रामीणों को गुरुवार को सुबह है एक नंदी लहुलुहान हालत में पीठ में गड़ी हुई कुल्हाड़ी लिए चलता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त हैं। खवारानीजी सरपंच शांती देवी और अन्य गौभक्तों के अनुसार गांव के ही ग्राम पंचायत खवारानीजी के शिवपुरा गांव की चरागाह भुमी मे नंदी महाराज के अलावा बहुत सारी गाये चरने जाती थी। शिवपुरा गाँव की चरागाह भुमी रखसरा संख्या 80/113 पर आरोपी कमरुद्दीन पुत्र एहसान खां कब्जा कर फसलें बो रखी हैं। रात्रि को नंदी उस भूमि पर चला गया तो आरोपी ने नंदी की हत्या करने के इरादे से कुल्हाड़ी से नंदी पर गहरा वार कर दिया। कुल्हाड़ी का वार इतना जोरदार था कि कुल्हाड़ी नंदी की पीठ में ही लगी रह गई। जिससे नन्दी महाराज बहुत बुरी तरह जख्मी हो गये। सुबह जब ग्राम वासियों ने नंदी की पीठ में कुल्हाड़ी लगी हुई देखी तो हक्के-बक्के रह गए। घटना की सुचना के बाद स्थानीय पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया हैं। उधर घायल नंदी महाराज का भी कुल्हाड़ी को निकाल कर उपचार किया गया हैं।

## रोड पर चलते ट्रक में लगी आग, ट्रक जलकर हुआ राख

**बीकानेर।** बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ में कालू रोड पर स्थित आडसर के निकट सड़क पर चल रहें एक ट्रक में रविवार की सुबह करीब 6 बजे अचानक आग लग गई। आग का कारण प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट माना जा रहा है। चालक ने नीचे उतर कर जान बचाई परंतु ट्रक पूरी तरह जलकर खाख हो गया। आग की सूचना मिलने पर श्रीडूंगरगढ़ नगरपालिका दमकल ड्राइवर शंकरलाल फायरमैन आशीष व पुष्पेंद्र मौके पर पहुंचे व आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि कोई जन हानि नहीं हुई।

# पुष्करणा सावे में जरूरतमंद कन्या का सहयोग की रीत निभा रहा यह परिवार

**बीकानेर( हुक्मनामा समाचार )।** आमतौर पर पारिवारिक विवाद से बचने के लिए वसीयत में लेखा जोखा कर दिया जाता है ताकि किसी प्रकार का कोई विवाद न हो। लेकिन कभी आपने ऐसा सुना है कि जरूरतमंद कन्याओं की मदद के लिए ही एक वसीयत लिखी गई हो? नहीं ना,लेकिन ऐसा हुआ है।

बीक नेर के एक परिवार के बुजुर्गों ने एक परंपरा का निर्वाह करने के लिए अपनी वसीयत में कन्याओं की मदद की सीख दी। जी हां हम बात कर रहे है बिन्नाणी चौक के रामगोपाल बिन्नाणी परिवार की।

रामगोपाल बिन्नाणी के दादा स्व मेघराज बिन्नाणी के आदेश पर पिता स्व बुलाकी दास बिन्नाणी ने अपनी वसीयत में तीन पुत्रों को अलग-अलग सामाजिक सरोकार व धार्मिक कार्य करने का उल्लेख किया। जिसमें एक पुत्र रामगोपाल को पुष्करणा सामूहिक विवाह समारोह के दौरान जरू रतमंद कन्याओं को हजारों रुपये के सामान की मदद करने के लिए कहा गया था। रामगोपाल अपने परिजनों की इस परम्परा को आज 132 वर्षों से निभाकर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर रहे है।

**जरूरतमंद कन्याओं की करते हैं मदद**- बिन्नाणी बताते है कि देने वाले श्रीभगवान-लेने वाले श्रीभगवान के भावों के साथ पुष्करणा समाज के होने वाले सामूहिक विवाह समारोह में सैकड़ों कन्याओं को सामान रूप में सहयोग दिया जाता है।इसमें आभूषण के अलावा खाद्य सामग्री,बर्तन शामिल है। इस पुनीत कार्य में उनके मित्र मंडल दिन रात सेवा करते हैं। यह सामान विवाह समारोह की तिथि से दस दिन पहले दिया जाता है। बिन्नाणी बताते है कि इसमें केवल एक समाज की नहीं बल्कि सर्वसमाज की कन्याओं को यह सामग्री दी जाती है। साथ ही पूरे साल अगर कोई जरूरतमंद कन्या मदद के लिए आती है तो उसे भी सहयोग किया जाता है। इसके लिए बकायदा एक रजिस्टर बनाया गया है,जिसमें कन्याओं की ओर से दिए जाने वाले वैवाहिक कार्ड का पंजीयन कर लिस्ट तैयार की जाती है।

**दो दिन दिया जाएगा सामान**- बिन्नाणी ने बताया कि इस बार 31 जनवरी व एक फरवरी को इस सावे में परिणय सूत्र में बंधने वाली जरूरतमंद कन्याओं को सामान वितरित किये जाएंगे। जिसका पंजीयन शुरू हो चुका है। इसके लिये परिणय सूत्र में बंधने वाली कन्या व उसके माता-पिता के आधार कार्ड के साथ विवाह का कार्ड पूर्व में जमा करवाना पड़ेगा।

**ये लोग करते है सेवाकार्य**- बिन्नाणी परिवार की ओर से दिए जाने वाले सामान के लिये एक टीम रामगोपाल बिन्नाणी के साथ दिन रात काम करती है। जिसमें किशन लोहिया,रामजी व्यास,गट्टू राठी,श्याम सुन्दर राठी,भरत मोहता,किशन सिंघी,शिवकुमार चांडक,केदार आचार्य,गोविन्द बिन्नाणी, निर्मल दम्माणी, हरिकिशन चांडक, देवकिशन लखोटिया, दर्श बिन्नाणी, विधि बिन्नाणी, किरण बिन्नाणी,भवानी शंकर पुरोहित, दिलीप जोशी का बड़ा सहयोग रहता है।

## विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियां तेज, सम्मेलन में वीर माताओं का होगा सम्मान

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बागरैन व खोहरा मंडलों में प्रस्तावित विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां अब धरातल पर साफ नजर आने लगी हैं। सम्मेलन को भव्य और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से रविवार को आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष चैनसिंह खरैरी ने की। बैठक में हिंदू सम्मेलन की संपूर्ण रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि सम्मेलन के दौरान वीरमाताओं का सम्मान किया जाएगा, साथ ही पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रचार-प्रसार सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए सदस्यों को दायित्व सौंपे गए। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य मुन्ना सिंह जादौन, भगवान सिंह, लेखराज जादौन, योगेश राघव, शिवसिंह, भूरासिंह, विनोद जाटव, रामकुमार, विक्रम सिंह गुर्जर, राजवीर सिंह, ब्रह्मदत्त, डॉ. बंगाली, विजय सिंह, राकेश गुप्ता, राकेश भावड़ा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इधर, खोहरा मंडल की बैठक सिद्ध मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 22 जनवरी को मंडल के सभी सात गांवों में बाइक रैली निकालने का निर्णय लिया गया। वहीं 25 जनवरी को सम्मेलन स्थल पर भूमि पूजन करने पर सहमति बनी। बैठक में मनीष गर्ग, रामदयाल धाकड़ सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कर्तव्य बोध पखवाड़े के तहत शिक्षक विचार संगोष्ठी, शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माता होते हैं-संगठन मंत्री निर्मला शर्मा

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा बयाना की ओर से कर्तव्य बोध पखवाड़े के तहत रविवार को विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों को अपने दायित्वों के प्रति सजग रहने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को और अधिक सशक्त करने का संदेश दिया गया। ब्लॉक मंत्री रामेश्वर गुर्जर ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) प्रतिवर्ष 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती (युवा दिवस) से 23 जनवरी सुभाष चंद्र बोस जयंती (पराक्रम दिवस) तक की अवधि को कर्तव्य बोध पखवाड़े के रूप में मनाता है। इसी क्रम में यह संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार कौशिक ने कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षकों में सकारात्मक सोच, ऊर्जा और नवचेतना का संचार करते हैं। उन्होंने शिक्षकों से 'मेरा विद्यालय, मेरा तीर्थ' की भावना को आत्मसात करते हुए संस्कारवान, अनुशासित और देशभक्त विद्यार्थियों के निर्माण का आह्वान किया। प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में उपस्थित जिला संगठन मंत्री (महिला) निर्मला शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माता होते हैं, इसलिए उन्हें अपने दायित्वों के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। उन्होंने शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान विषम परिस्थितियों में शिक्षकों द्वारा किए जा रहे शैक्षिक उन्नयन के प्रयासों की सराहना की।